हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 11



खेल

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की ओडीआई टीम का ऐलान, कोहली-बुमराह की वापसी...**

Page 09



देश

**पश्चिम बंगाल दिवस पर पीएम मोदी का बांग्ला में संदेश, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को लिखा...**


शुक्ल पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • सोमवार • 22 जून 2026 • वर्ष 28 • अंक 200 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,33,900 | ₹ 2,50,000 |



## आज का इतिहास

**2009 :** 21वीं सदी का सबसे लंबा सूर्यग्रहण भारत में दिखाई दिया।

**1995 :** रेड क्रॉस (आईसीआरसी) की भारत और अंतर्राष्ट्रीय समिति ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए ताकि उन्हें मानवीय विचार के तहत हिरासत में लिए गए संदिग्ध आतंकवादियों और व्यक्तियों का दौरा करने में सक्षम बनाया जा सके।

## न्यूज बाइट्स

### अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में 1076 पदों पर होगी बहाली

**पटना (नि.सं.)** । राज्य के सभी प्रखंडों में पहली बार अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी। यह नियुक्ति दिसंबर तक होगी। इससे अल्पसंख्यक समुदाय के कल्याण तथा सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में विभिन्न 1076 पदों पर नई नियुक्ति होने वाली है। इसकी प्रक्रिया पूरी करने के लिए विभाग ने अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) और बिहार कर्मचारी चयन आयोग (बीएसएससी) को भेजी है। विभाग के मुताबिक जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के छह, प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के 487, निम्नवर्गीय लिपिक (मुख्यालय या निदेशालय-सचिवालय लिपिकीय सेवा) के आठ, निम्नवर्गीय लिपिक (क्षेत्रीय लिपिकीय सेवा संवर्ग) के 14, निम्नवर्गीय लिपिक (बिहार समाहरणालय लिपिकीय सेवा संवर्ग) के 524 और छात्रावास प्रबंधक के 37 पद शामिल हैं।

### एनसीसी के आठ लाख से अधिक कैडेटों ने देशभर में किया योगाभ्यास

**नई दिल्ली (ए.)** । राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के आठ लाख से अधिक कैडेटों ने पूरे देश में उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर देशभर में 5,000 से अधिक स्थानों पर योग सत्र आयोजित किए गए, जिनमें 8 लाख 30 हजार से अधिक एनसीसी कैडेटों, एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों, स्थायी प्रशिक्षकों तथा एनसीसी कार्मिकों ने सक्रिय भागीदारी की।

### योग दिवस पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा

# स्कूलों के पाठ्यक्रम में अगले साल से शामिल होगा योग

**निज संवाददाता | पटना**



12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित राज्यस्तरीय योग कार्यक्रम में भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार का मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला। उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले वे एक छोटे से घर में रहते थे, जबकि आज मुख्यमंत्री आवास में रहकर प्रतिदिन टहलने और योग करने का अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत योग और साधना की परंपरा वाला देश है। वर्ष 2014 से लगातार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है और आज पूरी दुनिया योग को स्वस्थ जीवन का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम मान रही है। उन्होंने कहा कि योग ऐसा अभ्यास है, जिसमें किसी प्रकार का आर्थिक खर्च नहीं होता और यह शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है।

सम्राट चौधरी ने घोषणा की कि अगले वर्ष से बिहार के स्कूलों के पाठ्यक्रम में योग को शामिल करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे, ताकि बचपन से ही विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं पर बड़ा बजट खर्च करती है, लेकिन यदि लोग नियमित योग करें तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है और योग इसका सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने भी योग को स्कूल एवं कॉलेजों के पाठ्यक्रम से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से एकाग्रता, स्मरण शक्ति और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी, जिसके बाद आज पूरी दुनिया योग अपना रही है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मन की शुद्धि और सकारात्मक सोच विकसित करने का भी सर्वोत्तम उपाय है। इधर, बिहार विधानसभा परिसर स्थित औषधीय वाटिका में ब्रह्मकुमारीज संस्थान के सहयोग से आयोजित विशेष योग एवं ध्यान कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि संतुलित, स्वस्थ और सकारात्मक जीवनशैली का आधार है तथा इसे वैश्विक पहचान दिलाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। योग दिवस के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजय गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, योग दिवस के नोडल पदाधिकारी डॉ. धनंजय शर्मा ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में भी भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। गया में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, मुजफ्फरपुर में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, वाल्मीकिनगर में केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे तथा उजियारपुर में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने योग दिवस कार्यक्रमों में भाग लेकर लोगों को नियमित योग अपनाने का संदेश दिया।

### पुणे दौरे से लौटे गन्ना उद्योग मंत्री, एथेनॉल व जैव-ऊर्जा निवेश पर जोर

# गन्ना उद्योग के आधुनिकीकरण और कृषि आधारित उद्योगों के विस्तार पर निवेशकों से हुई चर्चा

- नई चीनी मिलों की स्थापना और बंद मिलों के पुनर्जीवन पर निवेशकों के साथ मंथन
- दौरे से किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण रोजगार सृजन और बिहार को हरित ऊर्जा हब बनाने की उम्मीद



**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार गन्ना उद्योग के आधुनिकीकरण, एथेनॉल एवं जैव-ऊर्जा क्षेत्र के विस्तार, कृषि आधारित उद्योगों में निवेश बढ़ाने तथा किसानों की आय में वृद्धि के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार का पुणे में आयोजित दो दिवसीय अध्ययन एवं औद्योगिक दौरा रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरे का उद्देश्य गन्ना उद्योग में आधुनिक तकनीकों का अध्ययन, निवेशकों से संवाद तथा बिहार में औद्योगिक निवेश की नई संभावनाओं को बढ़ावा देना था। दौरे के पहले दिन मंत्री ने वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट, पुणे का भ्रमण कर उच्च उत्पादकता वाली गन्ना प्रजातियों, सतत गन्ना खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों, सहकारी चीनी मिलों की कार्यप्रणाली तथा टिश्यू कल्चर आधारित पौध उत्पादन प्रणाली का अवलोकन किया। इसके बाद पुणे के रेजिडेंसी क्लब में तिरहुत उद्योग प्राइवेट लिमिटेड एवं सिग्मा सॉल्यूशंस एलएलपी के सहयोग से निवेशकों एवं उद्योग विशेषज्ञों के साथ उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बिहार में नई चीनी मिलों की स्थापना, बंद चीनी मिलों के पुनर्जीवन, एथेनॉल उत्पादन, बायो-सीएनजी, को-जनरेशन, आधुनिक गुड़ उद्योग, टिश्यू कल्चर पौधशालाओं तथा कृषि आधारित उद्योगों में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री संजय कुमार ने कहा कि बिहार गन्ना उत्पादन, जैव-ऊर्जा और कृषि आधारित उद्योगों के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होने की अपार क्षमता रखता है। राज्य सरकार निवेशकों को अनुकूल औद्योगिक वातावरण, निवेश प्रोत्साहन नीतियां और उद्योग स्थापना के लिए हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने निवेशकों से बिहार में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने और राज्य के औद्योगिक विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया।

दौरे के दूसरे दिन मंत्री ने दौंड शुगर मिल, पुणे का निरीक्षण कर मिल की कार्यप्रणाली, तकनीकी उन्नयन, एथेनॉल उत्पादन और सह-उत्पाद आधारित राजस्व मॉडल का अध्ययन किया। इस दौरान मिल के प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चीनी उद्योग के आधुनिकीकरण, ऊर्जा दक्षता, मूल्य संवर्धन तथा बिहार में उद्योग विस्तार की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। दौरे में बिहार सरकार के ईख आयुक्त अनिल कुमार झा, संयुक्त ईख आयुक्त वेदव्रत कुमार सहित गन्ना उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे। अधिकारियों ने निवेशकों को राज्य सरकार की निवेशोन्मुखी नीतियों, गन्ना क्षेत्र विस्तार कार्यक्रमों, एथेनॉल एवं जैव-ऊर्जा परियोजनाओं तथा कृषि आधारित औद्योगिक विकास की रणनीतियों की जानकारी दी। बैठक में शामिल निवेशकों एवं उद्योग विशेषज्ञों ने बिहार में गन्ना उद्योग, एथेनॉल, बायो-सीएनजी और अन्य कृषि आधारित उद्योगों में निवेश को लेकर सकारात्मक रुचि दिखाई। उम्मीद जताई गई कि यह अध्ययन एवं निवेश प्रोत्साहन दौरा राज्य में नए निवेश आकर्षित करने, किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन करने तथा बिहार को गन्ना आधारित हरित ऊर्जा एवं औद्योगिक विकास के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## हाई सिक्योरिटी के बीच संपन्न हुई नीट यूजी परीक्षा, अब होगी फोरेंसिक समीक्षा

- 564 शहरों के 5 हजार से अधिक परीक्षा केंद्रों पर 22.79 लाख अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट यूजी 2026 की परीक्षा रविवार को देशभर में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। परीक्षा देश के 564 शहरों में स्थित 5 हजार से अधिक परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई, जिसमें 22.79 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की गई। इस बार परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए केंद्र सरकार और एनटीए ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की। परीक्षा संचालन के लिए देशभर में 2 लाख से अधिक सुरक्षा एवं परीक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी।

एनटीए ने अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा का आयोजन हिंदी, अंग्रेजी सहित 12 भारतीय भाषाओं में कराया। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की कड़ी जांच, बायोमेट्रिक सत्यापन, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और अन्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया गया। परीक्षा समाप्त होने के बाद अब उत्तर पुस्तिकाओं और परीक्षा प्रक्रिया की फोरेंसिक समीक्षा की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी की संभावना की निष्पक्ष जांच की जा सके। इसके बाद एनटीए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उत्तर कुंजी, आपत्तियों के निस्तारण और परिणाम जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगा।

## नीतीश कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लगी मुहर

- पार्टी संविधान में संशोधन का अधिकार भी मिला, सम्राट सरकार के कामकाज की सराहना की

**निज संवाददाता | पटना**



जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय परिषद की बैठक रविवार को पटना स्थित प्रदेश मुख्यालय के कर्पूरी सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चौथी बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर औपचारिक मुहर लगा दी गई। साथ ही उन्हें आवश्यकता पड़ने पर पार्टी के संविधान में उचित संशोधन करने का अधिकार भी प्रदान किया गया। बैठक में पहुंचे नीतीश कुमार का पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर उन्हें बधाई दी गई। इस दौरान उनके पुत्र निशांत कुमार ने भी उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार की एनडीए सरकार के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार द्वारा शुरू किए गए सात निश्चय-3 कार्यक्रम की योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर लागू किया जा रहा है। बैठक के बाद जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि राष्ट्रीय परिषद की बैठक में चार महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार कर उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। उन्होंने कहा कि बिहार में सत्ता का सहज हस्तांतरण देश के राजनीतिक इतिहास की एक अनूठी घटना है। उन्होंने दावा किया कि 20 वर्षों तक नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार चलने के बावजूद राज्य में सत्ता विरोधी लहर (एंटी इनकंबेंसी) देखने को नहीं मिली। राजीव रंजन सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार में विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने यह भी बताया कि बैठक में ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष पर विराम लगने का स्वागत किया गया तथा पार्टी के एक करोड़ से अधिक सदस्य होने पर संतोष व्यक्त किया गया। गौरतलब है कि नीतीश कुमार पहली बार वर्ष 2016 में शरद यादव से राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद इस जिम्मेदारी पर आए थे। दूसरी बार 2019 में उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया।

## 27 पुलिसकर्मियों समेत कई लोगों से छह करोड़ की ठगी, दंपती गिरफ्तार

**निज संवाददाता | पटना**

राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र में करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने एक दंपती को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने 'करोली फाइनेंस' के नाम पर अधिक मुनाफे का लालच देकर अब तक 27 पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों सहित कई लोगों से करीब छह करोड़ रुपये की ठगी की है। पुलिस का मानना है कि पीड़ितों की संख्या और ठगी की रकम अभी और बढ़ सकती है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कदमकुआं थाना क्षेत्र के लोहानीपुर निवासी आशुतोष कुमार सिंह और उसकी पत्नी रितु कुमारी के रूप में हुई है। आशुतोष ने पटना के डुमरांव कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल पर 'करोली फाइनेंस' नाम से कार्यालय खोल रखा था, जहां से निवेश के नाम पर लोगों को झांसा दिया जाता था। पीड़ितों के अनुसार आरोपित पहले अधिक ब्याज और आकर्षक मुनाफे का भरोसा देकर लोगों से निवेश कराते थे। शुरुआत में दो महीने तक तय राशि के अनुसार ब्याज भी दिया जाता था, जिससे लोगों का विश्वास बढ़ जाता था। इसके बाद ब्याज देना बंद कर दिया जाता और आरोपित लोगों से संपर्क भी समाप्त कर देते थे।

पीड़िता आराध्य पासवान ने बताया कि उनके पति बिहार पुलिस में कार्यरत हैं। जून 2025 में उनके पति के पास अधिक मुनाफे का प्रस्ताव आया, जिसके बाद उन्होंने 14 लाख रुपये निवेश किए। दो महीने तक हर माह 50-50 हजार रुपये ब्याज मिला।

## गंगा में डूबने से तीन मासूमों की मौत, गांव में पसरा मातम

**निज संवाददाता | दानापुर (पटना)**



पटना जिले के दानापुर अनुमंडल अंतर्गत शाहपुर थाना क्षेत्र के दियारा स्थित हेतनपुर गंगा घाट पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में गंगा में डूबने से तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह पांच बच्चे गंगा नदी में स्नान करने गए थे। नहाने के दौरान तीन बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। साथ मौजूद दो अन्य बच्चों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद दोनों बच्चे दौड़कर गांव पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन गंगा घाट पहुंचे तथा तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।

काफी मशक्कत के बाद तीनों बच्चों को नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान हेतनपुर निवासी धर्मवीर राय के 10 वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार, सत्येंद्र राय के 11 वर्षीय पुत्र तेज कुमार तथा अमिताभ के 7 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। तीनों बच्चों को आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर शाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। अंचलाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि प्रशासन की ओर से तत्काल राहत के रूप में प्रत्येक मृतक के परिजनों को 20-20 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही आपदा प्रबंधन विभाग के नियमानुसार प्रत्येक मृतक के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि भी प्रदान की जाएगी। वहीं, शाहपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गंगा में डूबने से तीन बच्चों की मौत हुई है। मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। हादसे के बाद पूरे हेतनपुर गांव में शोक की लहर है।

BAYC Institute
स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।


डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष


डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

### शहरी क्षेत्र-नगर निकाय से सटे इलाकों में सबसे ज्यादा असर

# बिहार में जमीन की रजिस्ट्री हुई महंगी, एमवीआर और स्टांप शुल्क की नई दरें लागू

**निज संवाददाता | पटना**



बिहार में जमीन खरीदने और उसकी रजिस्ट्री कराने वालों को अब पहले की तुलना में अधिक खर्च करना होगा। राज्य सरकार ने भूमि के न्यूनतम मूल्य रजिस्टर (एमवीआर) का पुनरीक्षण करते हुए नई दरें लागू कर दी हैं। साथ ही स्टांप शुल्क में भी वृद्धि की गई है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद जमीन, प्लॉट और फ्लैट की खरीद-बिक्री पर सीधा असर पड़ेगा। सरकार के निर्देश पर राज्यभर में जमीन के सरकारी मूल्य का नए सिरे से निर्धारण किया गया है। अब रजिस्ट्री के समय इसी संशोधित एमवीआर के आधार पर स्टांप शुल्क और निबंधन शुल्क की गणना होगी। अधिकारियों के अनुसार, बाजार मूल्य और सरकारी मूल्य में जो अधिक होगा, उसी आधार पर रजिस्ट्री शुल्क तय किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत सबसे अधिक प्रभाव शहरी क्षेत्रों और नगर निकायों से सटे इलाकों में देखने को मिलेगा। इन क्षेत्रों में जमीन के सरकारी मूल्य में लगभग दोगुनी वृद्धि की गई है। तेजी से बढ़ती जमीन की कीमतों और बाजार मूल्य के अनुरूप सरकारी मूल्यांकन करने के उद्देश्य से यह बदलाव किया गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी एमवीआर में करीब 60 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है, जिससे गांवों में जमीन खरीदने वालों को भी अधिक राशि खर्च करनी पड़ेगी। नई दरों के लागू होने से रजिस्ट्री का खर्च भी बढ़ जाएगा। उदाहरण के तौर पर यदि किसी जमीन का सरकारी मूल्य पहले पांच लाख रुपये प्रति कट्ठा था, तो अब उसी जमीन का मूल्यांकन दस लाख रुपये प्रति कट्ठा के आधार पर किया जा सकता है। ऐसे में स्टांप शुल्क और निबंधन शुल्क दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

राज्य सरकार ने स्टांप शुल्क की दर में भी बदलाव किया है। सामान्य श्रेणी के खरीदारों के लिए स्टांप शुल्क को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा निबंधन शुल्क एवं अन्य देय शुल्क भी नई दरों के अनुसार ही वसूले जाएंगे। हालांकि महिलाओं को मिलने वाली राहत पहले की तरह जारी रहेगी। महिला खरीदारों को स्टांप शुल्क में 0.4 प्रतिशत तथा निबंधन शुल्क में 0.1 प्रतिशत की छूट मिलती रहेगी, जिससे उनके नाम पर जमीन खरीदने पर कुछ आर्थिक राहत बनी रहेगी। नई व्यवस्था के तहत भविष्य में भी भूमि के सरकारी मूल्य में नियमित संशोधन किया जाएगा। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एमवीआर में 5 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी, जबकि हर तीन वर्ष पर व्यापक पुनरीक्षण कर बाजार मूल्य के अनुरूप सरकारी दरों को अपडेट किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इससे भूमि का वास्तविक मूल्यांकन सुनिश्चित होगा और राजस्व संग्रह में भी वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए रजौली में "नरवटिका" महाअभियान

**रजौली**। प्रखंड कृषि कार्यालय सभागार में रविवार को "नरवटिका" महाअभियान-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए बीजामृत एवं जीवामृत बनाने और उसके उपयोग की जानकारी दी गई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार ने कहा कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है तथा खेती की लागत भी कम होती है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार ने खरीफ मौसम से संबंधित विभिन्न कृषि, मत्स्य एवं पशुपालन योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि विधायक विमल राजवंशी ने प्राकृतिक खेती को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए रजौली में जल्द ही आधुनिक दुग्ध कलेक्शन सेंटर स्थापित करने की घोषणा की। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि गौरव शांडिल्य गगन सहित कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### NEET (UG)-2026 परीक्षा के सफल एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया संयुक्त औचक निरीक्षण

**नवादा**। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित NEET (UG)-2026 परीक्षा के अवसर पर जिले में परीक्षा के स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा श्री अभिनव धीमान द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने के.एल.एस. कॉलेज, नवादा, कन्हाई इंटर विद्यालय, नवादा, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), नवादा तथा राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, नवादा का भ्रमण कर परीक्षा संचालन से संबंधित व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन जांच, पहचान सत्यापन प्रक्रिया, निषिद्ध सामग्रियों की रोकथाम, सीसीटीवी निगरानी, जैमर तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने केन्द्राधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों को परीक्षा संचालन से संबंधित निर्धारित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा कदाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों के बाहर अभिभावकों एवं आमजन की गतिविधियों, यातायात व्यवस्था तथा विधि-व्यवस्था की स्थिति का भी अवलोकन किया गया। संबंधित अधिकारियों को परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु पूर्णतः सतर्क एवं सजग रहने का निर्देश दिया गया।

### आंगनवाड़ी केंद्रों में सामाजिक अंकेक्षण संपन्न, योग दिवस भी मनाया गया



**नरहट (नवादा)**। नरहट परियोजना अंतर्गत संचालित सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, लाभुकों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सामाजिक अंकेक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी साझा की गई तथा लाभुकों से सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देना था। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी केंद्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। सेविका एवं सहायिकाओं के नेतृत्व में बच्चों और लाभुकों को ईसीसीई गतिविधियों के माध्यम से विभिन्न योगासन एवं योगाभ्यास कराए गए। प्रतिभागियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक लाभों की जानकारी दी गई तथा नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग से स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को समझा। पूरे आयोजन का संचालन एवं पर्यवेक्षण बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) ज्योति सिन्हा के निर्देशन एवं देखरेख में किया गया। कार्यक्रम की सफलता में आंगनवाड़ी कर्मियों, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय समुदाय की सक्रिय सहभागिता महत्वपूर्ण रही।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम आयोजित



**कौआकोल**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखण्ड के मधुरापुर गांव स्थित विवेकानंद क्लासेज में शनिवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को विभिन्न योगासन कराए गए तथा योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संस्थान के संचालक चन्दन कुमार पांडेय ने कहा कि योग हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने बच्चों को योग के फायदे बताते हुए नियमित रूप से योग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक तनाव कम होता है और व्यक्ति ऊर्जावान बना रहता है। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

### घातक अस्त्र व हथियार प्रदर्शन करने वालो पर होगी कार्रवाई



**राजपुर-** अगामी मुहर्रम का त्योहार शान्तिपूर्ण पारम्परिक तरीके से सम्पन्न किये जाने को लेकर थाना क्षेत्र के मुहर्रम कमिटी व समाजसेवियों के साथ शनिवार को थाना परिसर में थानाध्यक्ष अंशु माला के अध्यक्षता में बैठक किया गया. जिसमें मुहर्रम त्योहार को आपसी सौहार्द पूर्ण बतावरण में मनाने की अपील की गई.बैठक में आए कमेटी के लोगों व सामाजसेवियों ने त्योहार के दौरान साफ़ सफाई की ओर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया. थानाध्यक्ष ने उपस्थित सभी कमेटी के लोगों से कहा डीजे बजाना पुरी तरह प्रतिबंधित हैं.जुलूस में डीजे बजाते या घातक अस्त्र शस्त्र का प्रदर्शन करने तथा शराब पीकर त्योहार में व्यवधान उत्पन्न करने वाले पर कठोर कार्रवाई की जाएगी.सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन पैनी नजर रख रही हैं.कही भी अशांति की खबर मिलने पर तत्काल कार्रवाई होगी. आप सभी निश्चिंत होकर थाना को सुचना दे. मौके पर थाना पुलिस के सभी वरीय पदाधिकारी व मुहर्रम कमिटी के मो मंसूर आलम, वकील आलम, मुस्तफा आलम,इदरीश मिया, मो सरफुद्दीन समेत कई अन्य मौजूद रहे.

# उत्कर्ष क्लासेस के तीन छात्रों ने बिहार पुलिस में पाई सफलता

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नरहट (नवादा)**। चांदनी चौक, नरहट स्थित उत्कर्ष क्लासेस ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता और बेहतर मार्गदर्शन का परिचय देते हुए बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा में तीन अभ्यर्थियों का अंतिम चयन सुनिश्चित कराया है। सीमित संसाधनों के बावजूद संस्थान की इस उपलब्धि ने क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ा दी है।

संस्थान से चयनित अभ्यर्थियों में दीपक कुमार, बिट्टू कुमार और सोनू कुमार शामिल हैं। तीनों छात्रों की सफलता को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन तथा संस्थान के शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम माना जा रहा है।

इस अवसर पर उत्कर्ष क्लासेस के निदेशक रंजीत कुमार चौधरी ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्कर्ष क्लासेस प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी और सफल चयन के लिए क्षेत्र में अपनी अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल पढ़ाई कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उनके सपनों की मंजिल तक पहुंचाना है। भविष्य में भी इसी समर्पण और मेहनत के साथ बेहतर परिणाम देने का प्रयास जारी रहेगा।

वहीं संस्थान के शिक्षक साहिल सर ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और सही दिशा-निर्देश के बल पर कोई भी विद्यार्थी सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि तीनों छात्रों की सफलता न केवल संस्थान के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित अभ्यर्थियों, निदेशक रंजीत कुमार चौधरी, शिक्षक साहिल सर तथा उत्कर्ष क्लासेस की पूरी टीम को बधाई दी है। लोगों का मानना है कि यह सफलता क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करेगी और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति अधिक जागरूक बनाएगी।

## हिसुआ में निरंकारी मिशन द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हिसुआ स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में योगाभ्यास करते श्रद्धालु।

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नरहट/हिसुआ (नवादा)**: अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को हिसुआ स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में संत निरंकारी मिशन एवं संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं देखरेख हिसुआ के निरंकारी मुखी मदन शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए तथा नियमित योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी गई। मुखी मदन शर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ जीवन के साथ मानसिक शांति भी प्रदान करता है। उन्होंने सभी लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# 70वीं बीपीएससी में नवादा की बेटी प्रीति कुमारी ने लहराया परचम

## 108वीं रैंक हासिल कर बनीं एसडीएम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा**। जिले के लिए गर्व और खुशी की बात है कि नवादा की प्रतिभाशाली बेटी *प्रीति कुमारी* ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए *108वीं रैंक* प्राप्त की है। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन *अनुमंडल पदाधिकारी (SDM)* पद पर हुआ है।

प्रीति कुमारी मूल रूप से *कौआकोल प्रखंड के भोरमबाग गांव* निवासी शिक्षक *नंदकिशोर प्रसाद* की सुपुत्री हैं। उनके पिता वर्तमान में *जवाहर नवोदय विद्यालय, कोडरमा* में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। प्रीति वर्तमान में दिल्ली में *टीजीटी शिक्षिका* के पद पर कार्यरत थीं और अपनी नौकरी के साथ-साथ बीपीएससी की तैयारी कर यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

प्रीति की सफलता से उनके पैतृक गांव भोरमबाग, ससुराल पक्ष के मुजफ्फरपुर जिले तथा पूरे नवादा जिले में खुशी का माहौल है। वहीं, **रोह प्रखंड के मोरमा गांव निवासी एवं पटना अल्ट्रासाउंड रोह के संचालक सुधांशु वर्मा, जो प्रीति के मामा हैं, तथा बासुदेव प्रसाद प्रीति के नाना है। उन्होंने ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे पूरे परिवार और जिले के लिए गौरव का क्षण बताया।

इस अवसर पर *कुशवाहा सेवा समिति* के सदस्यों ने प्रीति कुमारी को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता युवाओं, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है। समिति ने कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर प्रीति ने यह साबित कर दिया है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

समिति के पदाधिकारियों ने प्रीति कुमारी, उनके पिता नंदकिशोर प्रसाद, माता तथा पूरे परिवार को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों ने आशा जताई कि प्रीति एक सक्षम और संवेदनशील प्रशासनिक अधिकारी के रूप में समाज और राज्य की सेवा कर नवादा का नाम और अधिक रोशन करेंगी। प्रीति कुमारी की इस उपलब्धि ने जिले के युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया है और यह संदेश दिया है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी ऊंचाई को हासिल किया जा सकता है।

# 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नशामुक्त भारत सप्ताह के अंतर्गत खेल भवन

## नवादा में योगाभ्यास एवं नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशामुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित नशामुक्त भारत सप्ताह (17 जून से 26 जून 2026) के अंतर्गत आज 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खेल भवन, नवादा में योगाभ्यास एवं नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाकर नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति लोगों को प्रेरित करना था।

12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस "Yoga for Healthy Ageing" (स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग) थीम के साथ मनाया गया। यह थीम बढ़ती आयु के साथ शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों द्वारा योग के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक लाभों की जानकारी देते हुए बताया गया कि नियमित योगाभ्यास तनाव को कम करने, मानसिक एकाग्रता बढ़ाने, शारीरिक क्षमता में वृद्धि करने तथा जीवनशैली जनित रोगों की रोकथाम में सहायक है।

योगाभ्यास के उपरांत उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी ने स्वयं नशे से दूर रहने, अपने परिवार एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग व्यक्ति को आत्मसंयम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच प्रदान करता है। नशे की लत से बचाव एवं स्वस्थ जीवनशैली के विकास में योग एक प्रभावी माध्यम है। योग और नशामुक्ति दोनों ही स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त समाज के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। युवाओं को विशेष रूप से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर योग, खेल एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, श्री अमरनाथ कुमार, प्रभारी खेल पदाधिकारी श्री रवि जी, सामाजिक सुरक्षा के कर्मी श्री साजन पासवान एवं श्री अभय प्रकाश सहित खिलाड़ियों, युवाओं तथा अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विकास भवन परिसर में योग कार्यक्रम आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान



**नवादा**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकास भवन परिसर, समाहरणालय नवादा में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पदाधिकारियों, कर्मियों, महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम "Yoga for Healthy Ageing" (स्वस्थ आयु के लिए योग) है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समग्र विकास का माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति प्रत्येक आयु में स्वस्थ, सक्रिय, ऊर्जावान एवं आत्मनिर्भर बना रह सकता है।

योग सत्र में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उपस्थित लोगों को योग के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक लाभों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर की लचीलापन, संतुलन एवं शक्ति में वृद्धि होती है। साथ ही तनाव, चिंता एवं अवसाद जैसी समस्याओं में कमी आती है तथा मानसिक शांति एवं एकाग्रता का विकास होता है। योग मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा एवं अन्य जीवनशैली संबंधी रोगों के नियंत्रण में भी सहायक सिद्ध होता है।

इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों से अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने तथा अपने परिवार एवं समाज में भी योग के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की गई। कार्यक्रम के माध्यम से "स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज" का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस, नवादा श्रीमती निरुपमा शंकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर आईसीडीएस, डीएचईडब्ल्यू (DHEW) एवं ओएससी (OSC) के सभी कर्मियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार, दो किशोर निरुद्ध




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा**। साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नवादा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी कर साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो विधि-विरुद्ध किशोरों को निरुद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से नौ एंड्रॉयड मोबाइल फोन, तीन पन्नों का कस्टमर डाटा तथा एक ड्राइविंग लाइसेंस बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक, नवादा के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) के नेतृत्व में वारिसलीगंज थानाध्यक्ष पंकज सैनी एवं पुलिस सशस्त्र बल की एक विशेष टीम गठित की गई थी। गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने ग्राम शेरपुर के दानीचक खंधा के पास, द्वय नगर स्थित झौर के खंधा के पास तथा ग्राम सिमरीडीह के उत्तर स्थित सागवान बगीचा के समीप एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया तथा दो किशोरों को निरुद्ध किया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे बजाज फाइनेंस, रिलायंस फाइनेंस समेत अन्य वित्तीय कंपनियों के नाम पर ग्राहकों को लोन दिलाने का झांसा देते थे। इसके लिए वे कस्टमर डाटा का उपयोग करते थे, जिसमें ग्राहकों के नाम, पता और मोबाइल नंबर दर्ज रहते थे। उक्त मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर विभिन्न प्रकार के शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस के नाम पर ठगी की जाती थी। इस संबंध में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 431/26, दिनांक 20 जून 2026 दर्ज किया गया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं आईटी एक्ट की धारा 66, 66बी, 66सी एवं 66डी के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम एवं पते

सोनू कुमार (24 वर्ष), पिता-दिलीप राउत, ग्राम-बलवापर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

कमलेश कुमार (19 वर्ष), पिता-उत्तम सिंह, ग्राम-बलवापर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

दीपू कुमार (21 वर्ष), पिता-संजय कुमार, ग्राम-बलवापर, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

अमित कुमार (19 वर्ष), पिता-पिंटू राम, ग्राम-भेड़िया, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

पंकज कुमार (23 वर्ष), पिता-प्रभाकर प्रसाद, ग्राम-भवानी बिगहा, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

रौशन कुमार (20 वर्ष), पिता-राज कुमार प्रसाद, ग्राम-भवानी बिगहा, थाना-वारिसलीगंज, जिला-नवादा।

इसके अलावा दो विधि-विरुद्ध किशोरों को भी निरुद्ध किया गया है, जिनकी पहचान गोपनीय रखी गई है।

*बरामद सामान :* एंड्रॉयड मोबाइल फोन – 0 9 कस्टमर डाटा – 03 पन्ना

ड्राइविंग लाइसेंस – 01

पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधियों के नेटवर्क और उनसे जुड़े अन्य लोगों की पहचान के लिए जांच जारी है।

# शरीर एवं मन मस्तिष्क संतुलन की सर्वोच्च कला है योगा- पंडित अंजनी स्वामी

## भगवान जगन्नाथ मठ समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने आयोजित किया योग शिविर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**राजपुर**। विश्व योगा दिवस के अवसर पर क्षेत्र अन्तर्गत भगवान जगन्नाथ जी मठ, भाजपा कार्यकर्ता समेत कई गैर सरकारी संस्थाओं में योग शिविर आयोजित हुआ. जहां लोगों द्वारा प्रणायाम,आसन,ध्यान,अनुलोम वियोम, सूर्य नमस्कार समेत कई तरह का योग साधना किया गया.जगन्नाथ मठ में मठाधिश्वर सुदर्शनाचार्य के नेतृत्व में संतों ने योगाभ्यस किया. वहीं राजपुर कचहरी मोड स्थित भगवान राम जानकी मंदिर परिसर में भाजपा मंडल अध्यक्ष रामजीत राय उर्फ पप्पू राय के नेतृत्व में शिविर आयोजित करके पार्टी समर्थित कार्यकर्ताओं ने योग किया.

मौके पर मौजूद भगवान बरदराज मंदिर के महंत सूर्यकांताचार्य जी महाराज एवं पंडित अंजनी स्वामी ने योग महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की योगा स्थूल स्वरूप में शरीर को निरोग रखने में सहायक होता है. यह मन व मस्तिष्क संतुलन की सर्वोच्च कला है.वहीं अभ्यास की शिखर पर पहुंचकर जब साधना में तब्दील हो जाता है तो हमारी आत्मा को परमात्मा से कनेक्ट कर देने की क्षमता रखता है.

मौके पर मौजूद मंडल अध्यक्ष ने करो योग,रहो निरोग को संदेशित किया.इस अवसर पर लोगों ने अपने जीवन में प्रतिदिन योगा अपनाने की प्रतिबद्धता जताई.

मौके पर मठ के ददन पाण्डेय, संत श्यामजी तिवारी, बडन दुबे,मनीषानन्द त्रिपाठी,संतोष सोनी,शनि वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार,बडन सिंह, पिंटू तिवारी,सिपाही सिंह यादव, रविंद्र सिंह यादव, भैया राम सिंह समेत अन्य मौजूद रहे

## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी में 12 सेंटर्स पर नीट री-एग्जाम, परीक्षा देकर निकले स्टूडेंट, छात्रा बोलीं- पेपर टफ रहा



**गया।** गयाजी में नीट री एग्जाम को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर रही। कुल 12 सेंटर बनाए गए। तीन लेयर में जांच के बाद स्टूडेंट्स को एंट्री दी गई। सभी सेंटर पर जैमर लगाए गए, ताकि मोबाइल या कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस काम न कर सके। साथ ही वीडियोग्राफी कराई गई है। सीसीटीवी से निगरानी रखी गई है। 28 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 12 महिला स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 12 गश्ती दल मजिस्ट्रेट और 4 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इसके अलावा पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगातार अनाउंसमेंट किया गया है। फिलहाल, परीक्षा देकर स्टूडेंट निकल गए है। नीट परीक्षा देकर निकली छात्रा प्रांजी पुष्प ने कहा है कि पेपर टफ रहा।

**सोशल मीडिया पर 24 घंटे पहरा:** जिले के सभी कोचिंग संस्थान और सेंटर्स के आसपास की फोटो कॉपी दुकानें बंद हैं। सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जा रही है। अगर किसी ने भी परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाने की कोशिश की गई तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

**जैमर से लेकर मजिस्ट्रेट तक तैनात:** ड्यूटी पर तैनात सभी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों को सुबह 9:00 बजे तक हर हाल में अपने परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करने का आदेश है। सभी सेंटर पर जैमर लगाए गए हैं। साथ मजिस्ट्रेट और सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है।

**भीषण गर्मी में परीक्षार्थियों और अभिभावकों को बड़ी राहत:** राज्य सरकार के आदेश पर नीट के छात्रों के लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में मुफ्त सफर की सुविधा दी गई है। छात्र रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से सीधे अपने एग्जाम सेंटर तक मुफ्त जा सकेंगे। डीएम ने निर्देश दिया है कि परीक्षा शुरू होने से पहले परीक्षार्थी सेंटर पहुंच जाएं। तेज धूप और भीषण गर्मी को देखते हुए परीक्षा केंद्रों से 100 मीटर की दूरी पर अभिभावकों के लिए छायादार वेटिंग एरिया और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। सभी सेंटर्स पर एंबुलेंस, ORS के घोल और जरूरी दवाओं के साथ मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है।

**केंट्रोल रूम से निगरानी:** परीक्षा को लेकर जिला नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) 24 घंटे एक्टिव रहेगा। अगर आपको कोई भी संदेहास्पद गतिविधि या सूचना मिलती है, तो आप तुरंत 0631-2222253 पर जानकारी दे सकते हैं।

### रजनीश का आरओ के पद पर चयन, असिस्टेंट कमांडेंट की नौकरी छोड़ चुनी बिहार सेवा की राह



**नालन्दा।** बीपीएससी की परीक्षा में नालंदा के सिलाव प्रखंड के लक्ष्मीपुर के मूल निवासी रजनीश कुमार ने सफलता का परचम लहराया है। इन्होंने रेवेन्यू ऑफिसर का पद हासिल किया है। रजनीश की इस सफलता से उनके पैतृक गांव सिलाव थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर और वर्तमान निवास स्थान कपटिया (नालंदा) सहित पूरे जिले में उल्लास का माहौल है। परिजनों, ग्रामीणों और दोस्तों की ओर से रजनीश को बधाइयां देने का तांता लगा हुआ है। नेतरहाट विद्यालय के पूर्व छात्र रहे रजनीश कुमार शुरू से ही मेधावी रहे हैं। इससे पहले उनका चयन यूपीएससी की ओर से आयोजित असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर भी हो चुका था। इसके बावजूद, गृह राज्य बिहार में रहकर प्रशासनिक क्षेत्र में जमीनी स्तर पर बेहतर काम करने की इच्छा के कारण उन्होंने बीपीएससी को चुना। रजनीश ने बताया कि मैं हमेशा से चाहता था कि बिहार में रहकर ही जनता की सेवा करूं। बीपीएससी के माध्यम से मुझे यह बेहतरीन अवसर मिला है। हालांकि, उनकी यात्रा यहीं खत्म नहीं हुई है; उनका अंतिम लक्ष्य यूपीएससी क्रैक कर देश की सर्वोच्च सेवा में जाना है, जिसके लिए वे अपनी तैयारी आगे भी जारी रखेंगे। अपनी इस शानदार सफलता पर रजनीश कुमार ने अपने माता-पिता के त्याग और दोस्तों के सहयोग को याद किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में रहकर सिविल सर्विसेज की तैयारी के दौरान उन्हें परिवार से भरपूर आर्थिक और भावनात्मक सहयोग मिला। सफल अभ्यर्थियों और भविष्य के छात्रों को गुरुमंत्र देते हुए रजनीश ने कहा कि परीक्षा में सफलता के लिए सबसे पहले सिलेबस को अच्छी तरह समझें और प्रीवियस ईयर क्वेश्चन का बारीकी से अध्ययन करें, उसी के अनुसार अपनी रणनीति बनाएं। रजनीश के पिता महेश कुमार, जो पुलिस विभाग में सब-इनस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हैं, बेटे की कामयाबी पर फूले नहीं समा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि वह आगे चलकर यूपीएससी की परीक्षा भी पास करेगा। हमने हमेशा उसे सिर्फ एक ही सीख दी—कड़ा परिश्रम करो।

वहीं, रजनीश की माता सरोज देवी ने कहा कि उन्होंने बचपन से ही बच्चों की पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान दिया। उन्होंने अन्य अभिभावकों को भी संदेश दिया कि वे अपने बच्चों पर धैर्य रखें और उनकी क्षमताओं पर पूरा भरोसा करें। घर में सबसे छोटे भाई की इस उपलब्धि पर उनकी बड़ी बहन रीना कुमारी (बीएड) ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पूरा परिवार हमेशा रजनीश की पढ़ाई के लिए समर्पित रहा। माता-पिता ने पढ़ाई के खर्च में कभी कोई कमी नहीं होने दी और सभी भाई-बहनों ने उसे आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रेरित किया, जिसका मीठा फल आज सबके सामने है।

### बिहारशरीफ के सुभाष पार्क में योग महोत्सव, निरोग रहने का संदेश

**नालंदा।** बिहारशरीफ के सुभाष पार्क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'योग महोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक डॉक्टर सुनील कुमार शामिल हुए। योग दिवस को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने सामूहिक योग अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि आज विश्व के 190 से ज्यादा देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। यह निश्चित तौर पर एक बड़ी मुहिम बन चुकी है और योग अब लोगों के दैनिक जीवन में समाहित हो गया है। योग न सिर्फ हमारी मांसपेशियों को सही रखता है, बल्कि शरीर के हर अंग को संयमित करने में बेहद सहायक है। विधायक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की करीब-करीब शत-प्रतिशत आबादी ने अब योग को अपना लिया है और यह एक उत्सव का रूप ले चुका है। उन्होंने इस अवसर पर बिहारशरीफ, नालंदा, प्रदेश और पूरे देशवासियों को योग दिवस की ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दीं। वहीं, भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने अपने कार्यकाल की शुरुआत में ही योग को विश्व मंच पर स्थापित किया, जिसके चलते आज पूरा विश्व इसे मना रहा है। लोग अब 'योग करें, निरोग रहें' के मूल मंत्र को अपना चुके हैं। आधुनिक युग में यह मनुष्य जीवन के लिए एक बड़ा वरदान साबित हो रहा है, क्योंकि तमाम तरह की शारीरिक और मानसिक बीमारियों का हल योग में ही है। उन्होंने उन लोगों से भी योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया जो अब तक इससे नहीं जुड़ पाए हैं, ताकि वे एक लंबा और स्वस्थ जीवन जी सकें।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के स्वर्णिम अध्याय : डॉ. प्रेम कुमार

## "12 साल बेमिसाल" अभियान के तहत गया के विभिन्न वार्डों में जनसंवाद, विकास कार्यों की दी जानकारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे "12 साल बेमिसाल" जनसंपर्क एवं संवाद अभियान के तहत गया नगर के विभिन्न वार्डों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने आमजनों से संवाद स्थापित कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रमों की शुरुआत वार्ड संख्या 14 स्थित लहेरिया टोला में नाली निर्माण कार्य के शिलान्यास के साथ हुई। इसके बाद "12 साल बेमिसाल" अभियान के अंतर्गत आयोजित बैठक में उन्होंने स्थानीय लोगों को संबोधित किया। साथ ही मां दुखहरनी रोड (वार्ड संख्या 14), वार्ड संख्या 17 में राजकुमार के पाइप दुकान, वार्ड संख्या 16 स्थित अजातशत्रु होटल तथा वार्ड संख्या 18 में कौशलेंद्र प्रताप सिंह के आवास पर आयोजित बैठकों में भी उन्होंने भाग लिया।

**विभिन्न वार्डों में जनसंवाद कर लिया फीडबैक:** इसके पश्चात गया टाउन विधानसभा क्षेत्र के भाजपा गया नगर पश्चिम मंडल-1 के विभिन्न वार्डों में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में भी डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए। उन्होंने वार्ड संख्या 1 खरखुरा में बंटी वर्मा के आवास, वार्ड संख्या 27 धनिया बगीचा में मनोज पासवान के आवास, वार्ड संख्या 2 में मंडल



अध्यक्ष सूरज राणा के आवास तथा वार्ड संख्या 3 में अजय गुप्ता के यहां आयोजित बैठकों में नागरिकों से संवाद किया और सरकार की योजनाओं पर उनका फीडबैक प्राप्त किया।

**विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित हुए:** अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यकाल सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, मुफ्त राशन वितरण, आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा, किसानों के लिए किसान सम्मान निधि, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। साथ ही सड़क, रेल, हवाई अड्डों एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं के विकास में भी ऐतिहासिक प्रगति हुई है।

**वैश्विक स्तर पर बढ़ी भारत की प्रतिष्ठा:** डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है और देश विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश का प्रत्येक वर्ग केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है और विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रमों में प्रेम सागर, नीरज निश्चल, सूरज राणा, कृष्णा साहू, वाहिद अली, देवानंद पासवान, बंटी कुमार, राजू पटेल सहित भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# दिल्ली में मजदूर की संदिग्ध मौत शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**शेरघाटी (गया)।** शेरघाटी प्रखंड के घुज्जी गांव निवासी 30 वर्षीय मजदूर लक्ष्मण मांझी की दिल्ली में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार को जब उनका शव गांव पहुंचा तो पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया और गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शुभचिंतक मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देने में जुटे रहे।

**परिवार के बेहतर भविष्य के लिए गए थे दिल्ली:** जानकारी के अनुसार लक्ष्मण मांझी करीब डेढ़ माह पूर्व परिवार के भरण-पोषण और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए दिल्ली कमाने गए थे। वहां वह साव धर्म फूड लिमिटेड नामक दाल फैक्ट्री में मजदूरी का कार्य कर रहे थे। परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से उन्होंने घर-परिवार से दूर रहकर मेहनत मजदूरी का रास्ता चुना था।

**पत्नी से हुई थी अंतिम बातचीत:** परिजनों ने बताया कि 19 जून की शाम करीब पांच बजे लक्ष्मण मांझी की अपनी पत्नी



सरीफा कुमारी से अंतिम बार फोन पर बातचीत हुई थी। उन्होंने रात में दोबारा बात करने की बात कही थी, लेकिन उसी रात करीब दस बजे परिवार को उनकी मौत की सूचना मिली। अचानक मिली इस खबर से परिवार के लोग स्तब्ध रह गए।

**कानूनी प्रक्रिया पूरी कर गांव लाया गया शव:** घटना की जानकारी मिलने के बाद फरीदाबाद में कार्यरत बांकेबाजार निवासी मजदूर धर्मेंद्र मांझी और मृतक के पिता रक्षया मांझी, जो सिंधु बॉर्डर स्थित एक कंपनी में कार्यरत हैं, आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने में जुट गए। बताया गया कि मामले की कार्रवाई दिल्ली के नरेला औद्योगिक क्षेत्र बाहरी-उत्तरी जिला थाना पुलिस द्वारा की गई। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को गांव लाया गया।

**पत्नी और चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया:** लक्ष्मण मांझी अपने पीछे पत्नी सरीफा कुमारी, तीन पुत्रियां और एक पुत्र छोड़ गए हैं। उनकी असामयिक मौत

> ♦ शेरघाटी के घुज्जी गांव निवासी लक्ष्मण मांझी की मौत से परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

से चार मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। वहीं पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सदस्य गहरे सदमे में हैं और पूरे गांव में शोक का माहौल है।


**आर्थिक तंगी से लड़ते हुए बुझ गई जिंदगी:** हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष मनोज मांझी ने बताया कि लक्ष्मण मांझी परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने और बच्चों का भविष्य संवारने के उद्देश्य से दिल्ली मजदूरी करने गए थे। उनकी अचानक हुई मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच तथा पीड़ित परिवार को उचित सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। शव के गांव पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं शुभचिंतक मृतक के घर पहुंचे। सभी ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

# नालंदा में स्कूल परिसर में खड़ी बस में लगाई आग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा में प्राइवेट स्कूल कैंपस में खड़ी बस में नाबालिग ने आग लगा दी। चंद मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। हालांकि, तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। गनीमत यह रही कि दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों की तत्परता से परिसर में खड़ी अन्य छोटी-बड़ी गाड़ियों को कुछ नहीं हुआ। घटना कपटिया मोड़ के पास की है।

**साजिश की आशंका, सीसीटीवी से खुला राज:** स्कूल के प्रतिनिधि रोहित कुमार ने बताया कि जानकारी मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचा था। संडे रहने के चलते स्कूल में छुट्टी थी। ऑफिस के गेट के ताले में भी माचिस की तीलियां फंसी हुई थी। इससे साफ जाहिर होता है कि किसी ने जानबूझकर इस घटना को अंजाम देने की कोशिश की है। विद्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे। फुटेज में स्पष्ट देखा गया कि एक बच्चा (नाबालिग) द्वारा इस घटना



को अंजाम दिया गया है।

**'पेट्रोल छिड़कर बस में लगाई आग':** वहीं, इस संबंध में नालंदा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक किशोर को पकड़ा गया है। शुरुआती जांच और पूछताछ में यह बात सामने आई है कि उक्त नाबालिग ने किसी के बहकावे में आकर पेट्रोल छिड़ककर बस में आग लगाई थी। फिलहाल स्कूल प्रशासन की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है। घटना के पीछे किसी की पुरानी रंजिश या बड़ी साजिश है, इसका पता लगाने के लिए पुलिस आरोपी किशोर से पूछताछ कर रही है।

# गयाजी के सीताकुंड वाटिका में गूंजे मंत्र

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जुटे लोग, मंत्रोच्चार के साथ भव्य शुरुआत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी के ऐतिहासिक सीताकुंड वाटिका में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में बड़ी संख्या में आम लोगों ने हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

**मंत्रोच्चार के साथ भव्य शुरुआत:** कार्यक्रम का शुभारंभ बेहद आध्यात्मिक माहौल में हुआ। हुमा फातमी ने गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के सस्वर पाठ के साथ योग सत्र की शुरुआत की। इससे पूरा वाटिका परिसर सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। इसके बाद योग गुरु आचार्य जितेंद्र के कुशल मार्ग दर्शन में उपस्थित जनसमूह ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया।

**योग निद्रा और प्राणायाम पर रहा विशेष जोर:** आचार्य जितेंद्र ने साधकों को प्राणायाम, ध्यान और आसन की बारीकियों से अवगत कराया। इस शिविर का मुख्य आकर्षण योग निद्रा का विशेष अभ्यास रहा। जिसके माध्यम से लोगों को गहरे मानसिक तनाव से मुक्ति की कला सिखाई गई। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास केवल शारीरिक कसरत नहीं है, बल्कि यह मानसिक तनाव को मिटा कर व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करता है। आज के समय में हर व्यक्ति को खुद के लिए और समाज को स्वस्थ बनाने के लिए योग को अपनाना ही होगा।

**शास्त्रों के आईने में योग की महिमा:** शिविर में



मौजूद स्वामी सुदर्शन महाराज ने कहा कि इंसानी इंद्रियां अपने स्वभाव के कारण मनुष्य को भटकाती हैं। योग ही एकमात्र ऐसा साधन है जो इस भटकाव को रोककर शरीर में अद्भुत ऊर्जा का संचार करता है। योग के नियमित अभ्यास से इंद्रियां मन की गुलाम नहीं रहती, बल्कि पूरी तरह मनुष्य के नियंत्रण में आ जाती हैं।

**वैज्ञानिक और वैदिक दृष्टिकोण का अनूठा संगम:** वहीं, कार्यक्रम में मौजूद बीस सूत्री के सदस्य जदयू नेता धनंजय शर्मा ने बताया कि सीताकुंड परिसर में वैसे तो हर सुबह योग की शिक्षा दी जाती है, लेकिन 21 जून को आयोजित इस 'योग महोत्सव' का स्वरूप बेहद अद्भुत और अलौकिक है। इसके पीछे वैज्ञानिक और वैदिक दोनों ही महत्वपूर्ण कारक काम करते हैं। यही वजह है कि आज पूरा विश्व इसे एक उत्सव के रूप में मना रहा है।

# नालंदा में 5 सेंटर्स पर नीट री-एग्जाम खत्म, 3804 स्टूडेंट्स शामिल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा में कड़ी सुरक्षा के बीच नीट री एग्जाम का आयोजन किया गया है। जिले के 5 केंद्रों पर कुल 3804 परीक्षार्थी ने एग्जाम दिया हैं। परीक्षा को कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण और सुगम माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी।

**हर सेंटर पर वीडियोग्राफी होगी:** परीक्षा को स्वच्छ और कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए। इसके तहत जिले में 07 स्टैटिक दंडाधिकारी और 07 स्कॉर्ट पार्टी के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस बल को परीक्षा शुरू होने से कम-से-कम तीन घंटे पहले अपने-अपने केंद्रों पर अनिवार्य रूप से तैनात होने का आदेश दिया गया है। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए संपूर्ण परीक्षा अवधि के दौरान सभी केंद्रों पर सतत वीडियोग्राफी कराई गई। साथ ही सीसीटीवी से निगरानी रखी गई है।

**फोटो कॉपी और मोबाइल दुकानें बंद रहीं:** राजगीर अनुमंडल के अंतर्गत दो प्रमुख केंद्र पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय (आयुद्ध फैक्ट्री) और पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय (दांगी टोला, राजगीर रेलवे स्टेशन के सामने) पर परीक्षा का आयोजन हो रहा है। इन दोनों केंद्रों पर कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के



लिए कार्यपालक दंडाधिकारी सुभद्रा कुमारी ने निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया है।

इस आदेश के तहत परीक्षा अवधि के दौरान दोनों केंद्रों की चहारदीवारी से 500 गज के दायरे में किसी भी तरह की सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन या लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर पूरी तरह पाबंदी रही। इसके साथ ही इस संवेदनशील क्षेत्र में आग्नेयास्त्र, लाठी, भाला या अन्य किसी भी प्रकार के घातक हथियार का प्रदर्शन और प्रवेश वर्जित है।

सुरक्षा के मद्देनजर परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के आसपास की सभी फोटो कॉपी और मोबाइल की दुकानें भी पूरी तरह बंद है। हालांकि, यह प्रतिबंध परीक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल, दंडाधिकारियों और शवयात्रा जैसी आवश्यक स्थितियों पर लागू नहीं होगा।

# सांसद बोले- बिहार में दलित-यादव होना गुनाह है, जाति पूछकर की जा रही हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** राजगीर में चोरी के शक में मॉब लिंचिंग के शिकार हुए दो दलित युवकों पिंटू और श्रवण के परिजनों से आज पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने मुलाकात की। दीपनगर थाना क्षेत्र के गंजपर गांव पहुंचे पप्पू यादव ने पीड़ित परिवारों से मिलकर दुख साझा किया और राज्य की कानून व्यवस्था पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने इस दोहरे हत्याकांड को लेकर सरकार और प्रशासन को कटघरे में खड़ा करते हुए सवाल किया कि क्या बिहार में दलित, पासवान या यादव होना कोई गुनाह है?

**'जाति पूछकर की जा रही है हत्या':** सांसद पप्पू यादव ने कहा कि आज भी गरीबों और दलितों को सही मायने में आजादी नहीं मिली है। राजगीर और नगर नौसा की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में लोगों को उनकी जाति पूछकर मारा जा रहा है। उन्होंने आक्रोश जताते हुए कहा कि अगर भूख मिटाने के लिए किसी ने चोरी कर भी ली, तो क्या किसी को उसे पीट-पीटकर मार डालने का अधिकार मिल जाता है? दलित समाज अपना वोट भाजपा और जदयू को देता है, लेकिन बदले में



उन्हें न्याय नहीं मिलता। भीड़ में 15 लोग शामिल थे, लेकिन पुलिस ने मात्र 4 लोगों को पकड़ा है।

**'सिस्टम हो चुका है कोलैप्स, कोई सुनने वाला नहीं':** कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि बिहार का सिस्टम पूरी तरह कोलैप्स (ध्वस्त) कर चुका है और हर तरफ गुंडाराज कायम है। आरा के भरत तिवारी एनकाउंटर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में पूरी बीजेपी मैदान में उतर गई है, लेकिन जब दलित, यादव या मुसलमानों के एनकाउंटर होते हैं, तो कोई कुछ नहीं बोलता। महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचारों पर भी उन्होंने पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए।

**आर्थिक मदद और न्याय की लड़ाई का ऐलान:** सांसद ने अपनी ओर से दोनों मृतक युवकों के परिजनों को तत्काल 25-25 हजार रुपये की नकद आर्थिक सहायता दी। इसके साथ ही, उन्होंने एक मृतक की बच्ची की जीवन भर की पढ़ाई और उसकी शादी का पूरा खर्च उठाने का ऐलान किया। पप्पू यादव ने चेतावनी दी कि अगर पीड़ित परिवार को इंसाफ नहीं मिला, तो वे सड़क पर उतरकर जोरदार धरना-प्रदर्शन करेंगे और जरूरत पड़ने पर न्याय के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बधार में मिला अधेड़ का शव, डूबने से मौत की आशंका

**करगहर (रोहतास)**। सिरिसियां गांव के बधार में रविवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान गांव निवासी 45 वर्षीय कृष्णा कुमार के रूप में की गई है। आशंका जताई जा रही है कि शौच के लिए जाने के दौरान उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कृष्णा कुमार सुबह घर से निकले थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान ग्रामीणों को बधार में पानी से भरे गड्ढे के पास उनकी एक चप्पल दिखाई दी। इसके बाद ग्रामीणों ने पानी में तलाश शुरू की और काफी मशक्कत के बाद उनका शव बरामद कर लिया। शव मिलने की सूचना से परिजनों में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही करगहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। हालांकि शाम तक शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजे जाने पर परिजनों ने नाराजगी जताई और पुलिस से कारण पूछा। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि मृतक मिर्गी बीमारी से पीड़ित था। ऐसे में मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा जाएगा। घटना के बाद सिरिसियां गांव में शोक की लहर है। मृतक अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल

### फरार अभियुक्त रामकेश्वर चौधरी उर्फ राम किशोर चौधरी तथा उनकी पत्नी मीना देवी के आवास पर विधिवत इश्तेहार चस्पाया

**बिक्रमगंज /रोहतास** : स्थानीय थाना कांड संख्या 267/26 के प्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने न्यायालय के निर्देश पर इश्तेहार तामिला की कार्रवाई की है । इसी क्रम में स्थानीय पुलिस ने बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 13 स्थित गौतम नगर काशी घाट पहुंचकर फरार अभियुक्त रामकेश्वर चौधरी उर्फ राम किशोर चौधरी तथा उनकी पत्नी मीना देवी के आवास पर विधिवत इश्तेहार चस्पाया ।पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहे हैं और न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं । न्यायिक प्रक्रिया के तहत उनके आवास पर इश्तेहार तामिला कर निर्धारित अवधि के भीतर न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष उपस्थित होने की सूचना दी गई है । कार्यकारी थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश के आलोक में यह कार्रवाई की गई है । उन्होंने कहा कि यदि अभियुक्त निर्धारित समय सीमा के भीतर आत्मसमर्पण नहीं करते हैं,तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत अगली कार्रवाई की जाएगी । पुलिस फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी अभियान भी चला रही है । उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी तथा न्यायिक आदेशों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा ।

### बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 385/ 26 में दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार,पुलिस कर रही अग्रिम कार्रवाई

**बिक्रमगंज /रोहतास**: स्थानीय पुलिस ने कांड संख्या 385/26 में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी के दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है । गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुरेंद्र डोम एवं वीरेंद्र डोम के रूप में हुई है । जो दोनों राजगृही डोम के पुत्र हैं तथा बस स्टैंड बिक्रमगंज के निवासी बताए जाते हैं । पुलिस के अनुसार मामले के अनुसंधान अंतर्गत दोनों अभियुक्तों की संलिप्तता पाए जाने के बाद उन्हें विधिसम्मत तरीके से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के उपरांत आरोपितों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है । कार्यकारी थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि कांड संख्या 385/26 तहत दर्ज मामले के अनुसंधान को आगे बढ़ाते हुए यह कार्रवाई की गई है । गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है ।

### राशि गबन मामले में मंगरवलिया पूर्व पैक्स अध्यक्ष गिरफ्तार

**राजपुर**। कोऑपरेटिव बैंक की राशि गबन मामले में शनिवार को क्षेत्र के मंगरवलिया पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष अरविंद कुमार राय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. दल बल के साथ पैक्स अध्यक्ष को गिरफ्तार कर थाना लेकर पहुंचे एसडीएम बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने बताया कि वर्ष 2009 से 14 तक पद पर रहने के दौरान पैक्स अध्यक्ष द्वारा बैंक की मूलधन राशि एक करोड ग्यारह लाख सतासी हजार एक सौ बानबे रूपया गबन किया गया है. न्यायलय द्वारा प्रशासन को 8 मार्च 2026 को जारी पत्र में बताया गया है कि उक्त मूलधन राशि का ब्याज दो करोड चौबीस लाख पांच हजार छः सौ अट्ठाइस रूपया जोड़कर कुल राशि तीन करोड पैंतीस लाख बानबे हजार आठ सौ बीस रूपया बकाया है.जिसको नहीं जमा करने पर बैंक द्वारा दर्ज प्राथमिकी पर इनके विरूद्ध न्यायालय का वारंट जारी किया था.पैक्स अध्यक्ष काफी दिनों से फरार थे.बातौर मजिस्ट्रेट अंचलाधिकारी पिंटू कुमार चौधरी के उपस्थित में पैक्स अध्यक्ष को उनके पैतृक गांव से गिरफ्तार किया गया. उधर पैक्स अध्यक्ष ने बताया कि वे 2013 तक पद पर कार्यरत स्थिति में थे.2014 में चुनाव के लिए अचार संहिता लागु हो जाने पर उनके द्वारा कोई काम अथवा बैंक से राशि निकासी नहीं किया गया.दिनांक एक फरवरी 2013 को बैंक प्रबन्धक द्वारा उन्हें नो ड्यूज प्रदान किया गया है.जिसका प्रमाण उनके पास उपलब्ध है.बाद में बैंक कर्मियों ने आपसी मिलीभगत करके फर्जी तरीके से पैसा निकलते हुए उन्हें कर्जदार बना दिया गया है.

### प्राचीन ठाकुरवाड़ी मंदिर से अष्टधातु की मूर्तियाँ चोरी





**डेहरी (रोहतास)** जिले के दरिहट थाना क्षेत्र अंतर्गत बेरकप गाँव में स्थित लगभग 300 साल प्राचीन ठाकुरवाड़ी मंदिर से अष्टधातु की मूर्तियाँ चोरी हो गईं। अज्ञात चोरों ने मंदिर में विराजमान भगवान कृष्ण, भगवान राम, ठाकुर जी और माता सीता की मूर्तियाँ चुरा लीं। मंदिर के पुजारी सुरेश सिंह ने बताया कि आज तड़के सुबह करीब 5 बजे जब वे मंदिर पहुंचे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाने पर भगवान कृष्ण, राम, सीता और ठाकुर जी की मूर्तियाँ गायब थीं, जबकि बगल में स्थापित राधा और लक्ष्मण जी की मूर्तियाँ सुरक्षित थीं। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना गाँव के लोगों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दरिहट थाना अध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। जांच के लिए डॉग स्क्वायड, एफएसएल और डीआईयू की टीमें भी मौके पर पहुंचीं। थाना अध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि बेरकप से बांक गाँव जाने वाली ग्रामीण सड़क के किनारे खेतों में मूर्ति के वस्त्र और माता सीता की एक मूर्ति बरामद हुई है। पुलिस चोरी के इस मामले की जांच कर रही है। अन्य मूर्तियों की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अग्रिम कार्रवाई जारी है। मामले का जल्द खुलासा कर लिया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास** । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), अनजबित सिंह कॉलेज, बिक्रमगंज, रोहतास द्वारा महाविद्यालय परिसर में विशेष योगाभ्यास एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें योग विशेषज्ञ और डीएवी कॉलेज के अध्यापक डॉ अरुण पाठक ने कार्यक्रम का उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करते हुए योगाभ्यास कराया गया।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के ध्येय वाक्य "Yoga for One Earth, One Health" (एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग) है, जिसके मूल तत्वों को राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ अखलाख अहमद ने स्पष्ट करते हुए कहा के मानव स्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन के मध्य गहरे संबंध को योग द्वारा ही रेखांकित किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक प्रोफेसर डॉ अनिल जी ने योग को आज के जीवन का मुख्य अंग बताया और योग प्रत्येक के लिए जरूरी है हिंदी के सहायक प्रोफेसर चंद्रशेखर ने जीवन के अन्य गतिविधियों के साथ योग को भी एक अनिवार्य गतिविधि बताया , दर्शन शास्त्र के सीनियर सहायक प्रोफेसर डॉ सरोज कुमार ने योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः" — महर्षि पतंजलि के दर्शन को स्पष्ट करते हुए कहा कि

योग मन की चंचल वृत्तियों को नियंत्रित कर आत्मिक शांति और संतुलन प्राप्त करने का मार्ग है। इसके साथ अजय शंकर ने समत्वं योग उच्यते। जैसे भगवतगीता के उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए योगः कर्मसु कौशलम् को बढ़ावा देने के बात की राष्ट्रीय स्वयं सेवक से जुड़े हुए नित्यानंद जी कार्यक्रम में आकर कार्यक्रम को प्रोत्साहित किया इसके साथ कई अन्य शिक्षक जिनमें विद्यार्थी गैर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया तथा नियमित योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ ओम प्रकाश राम ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति का भी माध्यम है। वर्तमान तनावपूर्ण जीवनशैली में योग का महत्व और भी बढ़ गया है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. देवेश पांडेय ने कहा कि योग स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन योगाभ्यास करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। जिसमें मुख्य स्वयं सेवक गुड्डू कुमार ने सारी व्यवस्थाएं की छात्र नेता जुनैद भी कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रकट की अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का संकल्प लिया।

## कर्ण विद्या विहार में उत्साह से मना योग दिवस



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज, रोहतास**। बिक्रमगंज के कर्ण विद्या विहार में रविवार को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया। इस वर्ष की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' के अनुरूप विद्यालय के शिक्षकों ने अनुराग त्रिवेदी और सुभाष कुमार जो नेशनल मैडलिस्ट प्लेयर रह चुके हैं उनके साथ विद्यालय के शिक्षकों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। कर्ण विद्या विहार के इन योग गुरुओं ने योग के शारीरिक-मानसिक लाभ बताते हुए 'हेल्दी एजिंग' का संदेश दिया और इसे दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। सामूहिक योगाभ्यास में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कर्ण विद्या विहार के निदेशक डॉ. कामेंद्र सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की प्राचीन धरोहर है। नियमित योगाभ्यास से न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मन भी शांत और एकाग्र रहता है। उन्होंने सभी से योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य समीर चौधरी, कोऑर्डिनेटर राहुल तिवारी विद्यालय प्रबंधन पप्पू सिंह ने योग दिवस पर बधाई दी। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

## भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर बिक्रमगंज में निकाला गया कैंडल मार्च

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास**: भरत भूषण तिवारी के कथित एनकाउंटर मामले को लेकर शनिवार की शाम रोहतास जिले के बिक्रमगंज में रामजी पांडेय उर्फ बड़क बाबा के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया । कैंडल मार्च में भाग लेते हुए लोगों ने घटना की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की ।

कैंडल मार्च की शुरुआत बिक्रमगंज नगर स्थित मां आस्कामिनी मंदिर परिसर से हुई । हाथों में मोमबत्तियां लिए लोग शांतिपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बिक्रमगंज बाजार के डिहरी रोड मुख्य मार्गो से गुजरकर तेंदुनी चौक पहुंचे । इस दौरान लोगों ने न्याय की मांग करते हुए बिहार सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की । साथ ही साथ नगर के तेंदुनी चौक पर सभा भी हुई । सभा को संबोधित करते हुए रामजी पांडेय ने कहा कि समाज न्याय की अपेक्षा करता है । किसी भी घटना की सच्चाई सामने लाने के लिए पारदर्शी और निष्पक्ष जांच आवश्यक है । उन्होंने सरकार से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर संबंधित दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की ।कैंडल मार्च में रंजीत मिश्रा,शाश्वत तिवारी,अंकित पांडेय,भोला तिवारी, राजू तिवारी,बब्लू पांडेय,गौरव पांडेय,राष्ट्रीय मानवता सेवा संघ एवं विप्र महासंघ के सदस्यों सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया ।

## खुशबू कुमारी ने दरोगा मुख्य परीक्षा में भी किया कमाल, बिहार पुलिस की फाइनल सिलेक्शन में शामिल

♦ **कराकाट के छोटे से गाँव से निकली होनहार : किरही की खुशबू कुमारी ने दरोगा (मुख्य परीक्षा) और बिहार पुलिस में दोनों में दर्ज की सफलता**



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास** जिले के काराकाट प्रखंड अंतर्गत छोटे गांव किरही की होनहार छात्रा खुशबू कुमारी ने दरोगा के मेन्स परीक्षा में दमदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल किया हैं। अभी कुछ दिन पहले ही बिहार पुलिस की फाइनल सिलेक्शन भी हासिल कर ली थी। खुशबू जल्द ही ज्वाइन करेंगी। खुशबू ने पहले भी कई प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना जलवा दिखाया है; 2024 में एसएससी जीडी में वे फाइनल मेरिट में दूसरे नंबर से थोड़ी पीछे रह गई थीं। और 2026 के बिहार पुलिस सिपाही में भी अपना दम कम दिखाई और फाइनल तक की दूरी तय की और उसमें जॉइनिंग लेटर तक आया हैं। उसे बीच दरोगा का मेन्स पेपर दी और वह भी आप पास कर गई । खुशबू किरही गांव निवासी प्राथमिक शिक्षक विजय कुमार की छोटी बेटी हैं। परिवार में एक बड़ी बहन (शादीशुदा) और एक भाई है, जो डिप्लोमा कर रहा है। खुशबू ने गाँव से ही पढ़ाई करते हुए माइंड स्क्वायर, गोडारी से प्रशिक्षण लिया और लाखों परीक्षार्थियों के बीच अपनी काबिलियत साबित की। उनकी खास रुचि डिफेंस सेवाओं की तरफ रही है। माइंड स्क्वायर के निदेशक अमित कुमार और सामान्य ज्ञान के फैकल्टी अरविंद कुमार ने भी खुशबू की सफलता पर हर्ष व्यक्त कर बधाई दी। "सपने बड़े हों, तो कदम भी बढ़ते हैं, हौसला रखें-कठिन राहें भी बन जाती हैं।" खुशबू के पिता और ग्राम के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक विजय कुमार ने बेटी की कामयाबी पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, "बेटियाँ और बेटे में फर्क नहीं होते। मेरी बेटी ने शुरू से ही मेहनत और लगन से पढ़ाई की है।" पूरे गाँव में खुशबू की सफलता से उत्साह है और गाँव की युवा पीढ़ी के लिए वह प्रेरणा बन चुकी हैं। खुशबू की कहानी साहस और समर्पण की मिसाल है, जो ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर राज्य स्तरीय सफलता तक पहुंची हैं। वे आने वाले दिनों में अपनी नई ज़िम्मेदारी संभालते हुए युवा लड़कियों के लिए प्रेरणा बनेंगी।

## वृद्ध जनों ने योग शिविर का किया आयोजन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)** विश्व योग दिवस के अवसर पर कोचस सुर्य मंदिर पोखर के तट पर नेशनल सिनियर सिटिजन एशोसिएशन प्रखण्ड इकाई कोचस जिला रोहतास के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेत्रित्व एशोसिएशन प्रखण्ड अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह एवं सन् चालन एशोसिएशन के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव पुर्व पैक्स अध्यक्ष सुरेन्द्र दुबे ने किया। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अपना कर निरोगी जीवन जीने के लिए योग सिखाया गया। नबे वर्षीय सत्यनारायण सिंह ने बताया कि लम्बी एवं निरोगी जिन्दगी जीना चाहतें हैं तो बगैर भुख लगे कुछ खाने की आदत नहीं डालें। भारतीय मनीष पतंजलि रिषि ने बताया है कि उपवास रह कर असाध्य रोग से भी मुक्ति पाया जा सकता है। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवन शैली को बढ़ावा देना था। शिविर में हिरा प्रसाद गुप्ता, चन्द्रमा गुप्ता, देव धारी सिंह, शिव दयाल सिंह, श्रीकान्त सिंह, सीता राम तिवारी, शिव वचन सिंह, पारस नाथ शर्मा के साथ इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## काराकाट में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस-पत्रकार मैत्री मैच, पत्रकारों ने 5 विकेट से जीता



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट (गोडारी)**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर रविवार को राम रूप स्टेडियम में पुलिस और पत्रकारों के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच आयोजित किया गया, जिसमें पत्रकारों की टीम ने पुलिस को पांच विकेट से पराजित कर रोमांचक संघर्ष का समापन किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पुलिस टीम 12 ओवर के मुकाबले में 95 रनों पर ऑल आउट हो गई।

पुलिस की ओर से थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने गिरते विकेटों के बीच टीम को संभाला और व्यक्तिगत रूप से मजबूत पारी खेली। काराकाट थाना के सहायक निरीक्षक विकास कुमार ने भी अंत के ओवरों में आकर कुछ उपयोगी रन जोड़े। पत्रकारों की गेंदबाजी में आशुतोष कुमार और राहुल कुमार मिश्रा ने तेज गेंदबाजी कर महत्वपूर्ण विकेट लिए और विक्की कुमार ने चार कीमती विकेट चटकाए। जवाब में पत्रकारों की शुरुआत में ही पांच विकेट जल्दी गिर गए, लेकिन शिवम कुमार और अमित कुमार ने संयमित बल्लेबाजी के साथ टीम को संभाला। पत्रकारों ने 8.3 ओवर में 96 रन बनाकर लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया और मैच 5 विकेट से जीत लिया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है, लेकिन खेल और योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है और खेल भावना बनाए रखने में मदद मिलती है। दोनों टीमों ने मैत्रीपूर्ण माहौल में अच्छा प्रदर्शन किया।

## राष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास**: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय परिसर से लेकर काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी तक योग की अलख जगाई गई । विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में न्यायिक पदाधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया ।बिक्रमगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कृष्ण प्रताप राणा के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित हुआ । कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई । इस दौरान योग को तनावमुक्त जीवन,बेहतर स्वास्थ्य और मानसिक एकाग्रता का सबसे प्रभावी माध्यम बताया गया ।कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी राकेश रंजन,शबा शकील,जेएम,अधिवक्ता,पैनल अधिवक्ता,पीएलवी एवं न्यायालय के अन्य कर्मी मौजूद रहे । सभी ने एक स्वर में योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया । वहीं काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी स्थित सामुदायिक भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । योगाभ्यास के दौरान उपस्थित लोगों ने विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया । इस अवसर पर रूपेश कुमार स्नेही,कुश कुमार त्रिपाठी, आजाद कुमार,किशु कुमार,अनिल कुमार पासवान,रवि गुप्ता,उदय कुमार एवं सोनू कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं,बल्कि शरीर,मन और आत्मा को जोड़ने वाली जीवन पद्धति है,जिसे अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है ।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित इन कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि योग स्वस्थ,सकारात्मक और अनुशासित जीवन की मजबूत नींव है तथा इसे जन-जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है ।

## काराकाट के तीन पदाधिकारियों ने BPSC में फिर लहराया परचम, क्षेत्र में खुशी की लहर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट**। काराकाट प्रखंड में कार्यरत तीन पदाधिकारियों ने बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की परीक्षा में सफलता हासिल कर एक बार फिर प्रखंड का नाम रोशन किया है। प्रखंड के राजस्व अधिकारी ध्रुव कुमार का चयन डीएसपी (DSP) पद पर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशिष कुमार का चयन प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी (BPRO) पद पर तथा कल्याण पदाधिकारी शिवानी कुमारी का चयन भी बीपीआरओ पद पर हुआ है। तीनों अधिकारियों की सफलता से प्रखंड क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

सफलता की खबर मिलते ही जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों ने तीनों चयनित अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह, अंचलाधिकारी डॉ. रितेश कुमार, थाना अध्यक्ष विवेक कुमार, बीपीआरओ रेणुका कुमारी, सीडीपीओ रीता कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप कुमार पटेल, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार तथा एमओ राहुल कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं।

वहीं बिहार प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रो. बलराम मिश्रा, भाजपा नेता राजेश्वर राज, उपमुख्य पार्षद रविश रंजन, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती, मुखिया संघ अध्यक्ष एवं काराकाट के मुखिया योगेंद्र सिंह सहित कई जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने भी तीनों अधिकारियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे काराकाट क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया। लोगों ने कहा कि इनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी तथा मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### धान खरीद अनियमितता में पैक्स अध्यक्ष पर एफ आई आर

**बांका ।** बांका के रजौन प्रखंड अंतर्गत भवानीपुर कठौन पैक्स में धान अधिप्राप्ति वर्ष 2025-26 के दौरान अनियमितता का मामला रविवार को सामने आया है। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा रजौन थाना को भेजे गए पत्र में पैक्स अध्यक्ष पर प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की गई है। इसके बाद स्थानीय थाने में पैक्स अध्यक्ष के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। जानकारी के अनुसार भवानीपुर कठौन पंचायत के लीलातरी गांव निवासी किसान दिनेश साह ने सहयोग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पाया गया कि किसान से 38.52 क्विंटल धान की खरीद की गई, जिसका मूल्य 92,216.88 रुपये बनता है। हालांकि किसान ऑनलाइन निबंधित था, इसके बावजूद पैक्स द्वारा निर्धारित ऑनलाइन प्रक्रिया का पालन नहीं करते हुए ऑफलाइन तरीके से धान की खरीद की गई, जो विभागीय दिशा-निर्देशों के विरुद्ध बताया गया है। शिकायत के अनुसार भुगतान की मांग करने पर पैक्स अध्यक्ष प्रियेश कुमार सिंह ने अपने व्यक्तिगत यूको बैंक खाते से 84,744 रुपये का चेक जारी किया। लेकिन बैंक में प्रस्तुत किए जाने पर खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए कहा है कि धान अधिप्राप्ति की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन आधारित है, ऐसे में व्यक्तिगत खाते से चेक जारी करना तथा उसका अनादर होना नियमों के विपरीत है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि यह मामला नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धोखाधड़ी एवं जालसाजी से संबंधित धाराओं के तहत दंडनीय है।रजौन थाना अध्यक्ष राज रतन ने बताया कि उक्त मामले में केस दर्ज कर पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### चलती कार में लगी आग

**मुंगेर ।** मुंगेर के रामनगर थाना क्षेत्र में रविवार को बांक-सफियासराय मुख्य मार्ग पर नौलखा गांव के पास एक चलती कार में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरा वाहन जलकर राख हो गया। हालांकि, कार में सवार चालक और एक बुजुर्ग महिला ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक, कार में सवार दोनों व्यक्ति कासिम बाजार थाना क्षेत्र के संदलपुर निवासी हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार बांक से सफियासराय की ओर जा रही थी। इसी दौरान वाहन के पिछले हिस्से से अचानक धुआं निकलने लगा, जिसके बाद आग की लपटें उठने लगीं। चालक ने तुरंत कार को सड़क किनारे रोका और बुजुर्ग महिला के साथ बाहर निकल गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और रामनगर थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस के साथ अग्निशमन विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। प्रत्यक्षदर्शी राकेश कुमार और राजवीर कुमार ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि वाहन को बचाने का कोई मौका नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट या ईंधन टैंक में तकनीकी खराबी बताया है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। रामनगर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिहार योग विद्यालय पर लोगों ने किया योगाभ्यास

**मुंगेर ।** मुंगेर में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस रविवार को मनाया गया। इस अवसर पर विश्व प्रसिद्ध योग नगरी के बिहार योग विद्यालय के पादुका दर्शन आश्रम में एक विशेष योग शिविर आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में योग साधकों, श्रद्धालुओं और शहरवासियों ने भाग लिया। यह शिविर प्रातः 6 बजे से 7:30 बजे तक चला, जिसमें प्रतिभागियों ने योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन बिहार योग विद्यालय के अध्यक्ष स्वामी केवल्यानंद महाराज ने किया। स्वामी केवल्यानंद महाराज ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन में संतुलन, शांति और सद्भाव स्थापित करने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि बिहार योग विद्यालय की वार्षिक साधना लोगों को दयालुता, सद्भावना और सकारात्मक सोच को अपने जीवन का आधार बनाने के लिए प्रेरित करती है। स्वामी केवल्यानंद महाराज ने यह भी कहा कि मुंगेर आज विश्वभर में 'योग नगरी' के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। इस पहचान का श्रेय परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती को जाता है, जिन्होंने वर्ष 1963 में मुंगेर किला परिसर की पहाड़ी पर बिहार योग विद्यालय की स्थापना की थी। उनका उद्देश्य प्राचीन योग विज्ञान को आधुनिक जीवन से जोड़ते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाना था। उन्होंने योग को केवल साधु-संतों तक सीमित न रखकर आम लोगों के जीवन का हिस्सा बनाया। स्वामी केवल्यानंद महाराज ने आगे बताया कि गंगा दर्शन आश्रम आज देश-विदेश के साधकों के लिए प्रेरणा का प्रमुख केंद्र है। यहां योग, ध्यान और प्राणायाम का वैज्ञानिक एवं चिकित्सकीय दृष्टिकोण से प्रशिक्षण दिया जाता है। परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती के नेतृत्व में 'बाल योग मित्र मंडल' जैसे अभियानों के माध्यम से बच्चों और युवाओं को भी योग से जोड़ा गया है। वर्तमान में बिहार योग विद्यालय की गतिविधियां 100 से अधिक देशों तक फैल चुकी हैं। स्वामी केवल्यानंद महाराज ने इस बात पर जोर दिया कि योग को वैश्विक पहचान दिलाने में मुंगेर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया था। वहीं, वर्ष 2004 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने मुंगेर को 'योग नगरी' की संज्ञा दी थी। इधर मुंगेर विश्वविद्यालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एनएसएस की ओर से योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुंगेर योग आश्रम से जुड़ा सड़कों के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में योगाभ्यास कराया गया। वही इस योगाभ्यास कार्यक्रम में मुंगेर के कुलपति संजय कुमार सहित रजिस्टर एवं विश्वविद्यालय के अलावा कॉलेज के प्रोफेसर सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### पुलिस ने 106 गुम मोबाइल लौटाए

**मुंगेर ।** मुंगेर पुलिस ने अपने विशेष अभियान 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत शनिवार को बड़ी सफलता हासिल की। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बरामद किए गए 106 गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए गए। यह कार्यक्रम एसपी कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया था। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने स्वयं मोबाइल धारकों को उनके फोन सौंपे। लंबे समय बाद अपनी संपत्ति वापस पाकर लोगों ने मुंगेर पुलिस के प्रयासों की सराहना की। एसपी मसूद ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले में गुम और चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत तकनीकी जांच, साइबर सेल की मदद और निरंतर प्रयासों से ये 106 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि बरामद किए गए मोबाइल विभिन्न कंपनियों के हैं, जिनकी अनुमानित कुल कीमत लगभग 40 लाख रुपए है। एसपी ने बरामदगी की प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के मोबाइल गुम या चोरी हो जाते हैं, वे सीईआईआर पोर्टल पर इसकी सूचना दर्ज कराते हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस की तकनीकी टीम मोबाइल की ट्रैकिंग कर उसकी लोकेशन का पता लगाती है। इसके बाद संबंधित थाना और साइबर टीम के सहयोग से मोबाइल बरामद कर उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाया जाता है। एसपी ने जोर दिया कि यह प्रक्रिया समय और मेहनत मांगती है, लेकिन लोगों की संपत्ति को सुरक्षित वापस कराना पुलिस की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान 63 मोबाइल धारकों को सीधे एसपी कार्यालय में उनके फोन सौंपे गए। शेष मोबाइल संबंधित थानों के माध्यम से उनके मालिकों तक पहुंचाए गए। एसपी ने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार चलाए जाएंगे और लोगों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि महीनों पहले गुम हुए उनके मोबाइल दोबारा मिल सकेंगे। उन्होंने मुंगेर पुलिस की सक्रियता, तकनीकी दक्षता और सतत प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से आम लोगों का पुलिस पर भरोसा और मजबूत हुआ है। लोगों ने एसपी सैयद इमरान मसूद और पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

# छात्र की सीने में 2 गोली मार कर हत्या ग्रामीणों ने बदमाशों की पिटाई की

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर ।** भागलपुर में आज बदमाशों ने एक ग्रेजुएशन के छात्र की 2 गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात सुल्तानगंज-देवघर मुख्य मार्ग पर कामराय रामपुर के पास हुई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके से भागने की कोशिश कर रहे 2 बदमाशों को पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी। मृतक की पहचान रामपुर निवासी बालेश्वर कुमार के बेटे राकेश कुमार (20) के रूप में की गई है। राकेश कुमार मुख्य सड़क के पास मौजूद थे, तभी बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी मौत हो गई। मृतक के जीजा आर्यन ने बताया कि साला राकेश एक लड़की से उसके शादी होने से पहले से बातचीत करता था। बाद में लड़की की शादी हो गई। इस रिश्ते से लड़की का पति नाराज था। आज पति, देवर और पांच-छह अन्य लोग गांव में आए और गांव वालों के जरिए से उसे बुलाया। इसके बाद उसे गोली मार दी गई। लड़की का नाम मुझे नहीं पता है। उसका पति और देवर वहां आए थे। पुलिस ने दो-तीन लोगों को हिरासत में लिया है। आरोपियों की बाइक भी हमने



थाना में जमा करवाई और पुलिस को सौंप दी है। आरोपी का नाम मुझे नहीं पता है। गोलीबारी की घटना सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के रामपुर बस्ती में हुई। मृतक युवक अपने घर पर था। वह बातचीत करने गया था, तभी आरोपियों ने उसके सीने में गोली मार दी। घटना में सात-आठ लोग शामिल थे, जो दो-तीन बाइक से आए थे। गांव के कुछ लोगों ने ही उसे बुलवाया था। बता दें कि एक दिन पहले मृतक छात्र ने सोशल मीडिया पर स्टेटस लगाया कि मैं सनकी हूं। मेरी घर की महिलाओं पर बुरी नजर डालोगे, तो नहीं छोड़ूंगा। वहीं, 20 दिन पहले पोस्ट किया था कि मैं आज भी उसका इंतजार करता हूं। सूचना मिलते ही सुल्तानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर हिरासत में लिया। पिटाई में घायल दोनों आरोपियों को पुलिस ने सुरक्षा के बीच इलाज के लिए सुल्तानगंज अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस की निगरानी में दोनों से पूछताछ की जा रही है। हालांकि अभी तक आरोपियों की पहचान और उनके आपराधिक इतिहास के संबंध में आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और मृतक के परिजन अस्पताल और घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विधि व्यवस्था डीएसपी नवनीत कुमार ने बताया कि एक युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मामला प्रेम प्रसंग का है। हम लोग पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। युवक को एक गोली मारी गई है। उसकी मौत हो गई है। बदमाश जो घायल हुए हैं। उसे इलाज के लिए सुल्तानगंज से मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया है

# नीट-री एग्जाम, 15 सेंटर्स पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर ।** भागलपुर में नीट एग्जाम को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में हैं। जिले में 15 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। छह हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स एग्जाम दे रहे हैं। निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। केंद्र अधीक्षकों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। जिला नियंत्रण कक्ष से निगरानी रखी जा रही है। हर सेंटर पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था है। अभ्यर्थियों की सुविधा, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर भी विशेष तैयारी की गई है। ताकि केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। एनटीए की गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, स्टेशनरी सामान या अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं ले जाने की अनुमति नहीं है। अभ्यर्थी मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, कैलकुलेटर, पेन ड्राइव, स्कैनर, वॉलेट, हैंडबैग, आभूषण, घड़ी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ नहीं ले जा सकेंगे। यहां तक कि पानी की बोतल और खाने-पीने की सामग्री ले जाने पर भी प्रतिबंध है। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मंदिर घेराबंदी पर विवाद, दो पक्षों में मारपीट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर ।** भागलपुर के सिकंदरपुर स्थित दिनेश्वर नाथ धाम मंदिर परिसर में रविवार को घेराबंदी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया, जिसमें 7 लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने स्थिति को नियंत्रित करते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया। मंदिर न्यास समिति मंदिर परिसर की जमीन की घेराबंदी करवा रही थी। इसी दौरान दूसरे पक्ष ने जमीन पर अपना दावा जताते हुए इस काम का विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई और फिर मारपीट हो गई।

**जानबूझकर घेराबंदी काम में बाधा डाला :** मंदिर न्यास समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि जिस भूमि की घेराबंदी की जा रही थी, वह मंदिर की संपत्ति है। समिति के पास इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध हैं। समिति ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने जानबूझकर घेराबंदी काम में बाधा डालने का प्रयास किया। उन्होंने मजदूरों और समिति के सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। समिति के एक पदाधिकारी ने बताया, "हम लोग मंदिर परिसर की सुरक्षा और अतिक्रमण रोकने के लिए घेराबंदी करा रहे थे। इसकी सूचना पहले भी प्रशासन को दी गई थी। लेकिन कुछ लोगों ने आकर काम रोकने की कोशिश की और विवाद उत्पन्न कर दिया।" दूसरे पक्ष के लोगों का कहना है कि जिस जमीन की घेराबंदी की जा रही थी, उस पर उनका भी दावा है और बिना विवाद का समाधान किए घेराबंदी करना उचित नहीं था। उनका आरोप है कि उनकी आपत्ति को नजरअंदाज किया गया, जिसके कारण तनाव की स्थिति बनी। दूसरे पक्ष



के एक प्रतिनिधि ने कहा, "हमने केवल यह कहा था कि पहले जमीन के स्वामित्व का मामला स्पष्ट किया जाए। हमारी बात सुने बिना घेराबंदी की जा रही थी। विरोध करने पर हमारे लोगों के साथ मारपीट की गई।" दूसरे पक्ष के अभिषेक कुमार ने बताया कि उनके दादा ने साल 1964 में श्री श्री 108 चैती काली महारानी के नाम से संबंधित भूमि खरीदी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि दिनेश प्रसाद की ओर से अवैध रूप से भूमि पर कब्जा किया गया है और मामला न्यायालय में लंबित है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और भूमि संबंधी दस्तावेजों की भी समीक्षा की जाएगी। दोषी के खिलाफ होगी कार्रवाई जिला प्रशासन ने कहा है कि किसी भी पक्ष को कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की गई है। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस बल की तैनाती जारी है। प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

### बिहार लोक सेवा आयोग रिजल्ट, बेगूसराय के दो बेटों की संघर्ष गाथा

**बेगूसराय ।** बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी होते ही बेगूसराय जिले में जश्न का माहौल है। इस परीक्षा में जिले के दो ऐसे लाल ने सफलता का परचम लहराया है, जिनकी कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2026/06 दिनांक- 21.06.2026

**डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2026**

**[D.E.C.E. (L.E.)-2026] के Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धी आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.ई.सी.ई.[LE])-2026/04 दिनांक- 04.06.2026 के क्रम में बिहार राज्य के सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में डिलोमा स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु आयोजित की जानेवाली Online Choice filling / Counselling के लिए DECE(LE)-2026 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **Online Choice Filling / Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(DECE[LE])-2026/05 दिनांक 21.06.2026** द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। Choice Filling की प्रक्रिया दिनांक 25.06.2026 से प्रारम्भ होगा।

**उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branch भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी 1st Round में अपना Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे अभ्यर्थी को दुबारा Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

## जेल अधीक्षक से ग्रामीण विकास पदाधिकारी का सफर किया तय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर ।** भागलपुर के राकेश कुमार ने बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) परीक्षा में 916वीं रैंक हासिल की है। इस सफलता के साथ उनका चयन ग्रामीण विकास पदाधिकारी (RDO) के पद पर हुआ है। यह उनकी दूसरी BPSC सफलता है। राकेश कुमार हलगांव प्रखंड स्थित भोलसर चकराजू गांव निवासी सुबोध सिंह पंजियार के बेटे हैं। राकेश कुमार वर्तमान में मधेपुरा के उदाकिशुनगंज उपकारा में जेल अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले, उन्होंने 69वीं बीपीएससी परीक्षा में 40वीं रैंक हासिल की थी, जिसके बाद उनका चयन जेल अधीक्षक के रूप में हुआ था। अब उन्होंने ग्रामीण विकास पदाधिकारी के रूप में नई जिम्मेदारी प्राप्त की है।

**रोजाना 5 से 6 घंटे पढ़ाई की :** राकेश कुमार ने बताया कि नौकरी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चुनौतीपूर्ण रहा। जेल प्रशासन की जिम्मेदारियों के बावजूद, उन्होंने रोजाना 5 से 6 घंटे पढ़ाई की। उन्होंने अपनी पिछली तैयारी और अनुभव को इस सफलता में सहायक बताया। उन्होंने कहा कि हालांकि इस बार की रैंक पिछली बार से बेहतर नहीं है, लेकिन ग्रामीण विकास पदाधिकारी के रूप में उन्हें सीधे आम लोगों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इस पद पर वे समाज और विकास से संबंधित काम में सीधे भागीदारी कर पाएंगे। जेल अधीक्षक के रूप में उनका कार्यक्षेत्र मुख्य रूप से बंदियों के सुधार और प्रशासनिक व्यवस्था तक सीमित था। राकेश कुमार ने बताया कि नई नियुक्ति में लगभग दो महीने का समय लगेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका अंतिम लक्ष्य संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की परीक्षा उत्तीर्ण करना है, जिसके लिए वे अपनी वर्तमान नौकरी के साथ तैयारी जारी रखे हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया युवाओं के लिए प्रेरणा राकेश कुमार की सफलता पर गांव और आसपास के क्षेत्रों में उत्सव जैसा माहौल है। ग्रामीणों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया। ग्रामीण सुनील कुमार चौधरी ने कहा, "राकेश कुमार ने यह साबित कर दिया है कि कठिन परिस्थितियों और जिम्मेदारियों के बीच भी मेहनत और लगन से सफलता हासिल की जा सकती है। उनकी उपलब्धि गांव के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।" सौरभ कुमार सुमन ने कहा, "राकेश कुमार लगातार अपने माता-पिता, गांव और कहलगांव क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/08 दिनांक- 21.06.2026

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026**

**[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण) पाठ्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/06 दिनांक- 11.06.2026 द्वारा दिनांक 23.05.2026 को डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (PE)-2026 की आयोजित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को मेधाक्रम प्राप्त करने की सूचना पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी है। उपरोक्त के आधार पर उक्त विज्ञापन के क्रम में बिहार राज्य के सरकारी / निजी क्षेत्र के पॉलिटेकनिक संस्थानों में डिप्लोमा स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु आयोजित की जानेवाली Online Choice filling / Counselling के लिए DCECE(PE)-2026 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **Online Choice Filling / Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice Filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(DCECE)-2026/07 दिनांक 21.06.2026 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है।**

**ऑनलाईन कॉउन्सेलिंग के लिए Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 23.06.2026 से प्रारम्भ होगा। उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges / Branch भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी 1st Round में अपना choice filling नहीं करते हैं तो वैसे अभ्यर्थी को दुबारा choice filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

## गांधी चौक पर लगेंगे आधुनिक ट्रैफिक सिग्नल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बांका ।** बांका शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। शहर के सबसे व्यस्त गांधी चौक पर अगले दो सप्ताह के भीतर आधुनिक



ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। इससे लगातार लगने वाले जाम और अव्यवस्थित यातायात पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। इस योजना के तहत गांधी चौक के तीन अलग-अलग स्थानों पर सिग्नल लगाए जाएंगे। ट्रैफिक डीएसपी नीरज कुमार, थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार और संबंधित एजेंसी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से गांधी चौक का स्थल निरीक्षण किया। टीम ने सड़क की चौड़ाई, वाहनों की संख्या, यातायात के दबाव और लोगों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए विस्तृत योजना तैयार की है। ट्रैफिक डीएसपी नीरज कुमार ने बताया कि गांधी चौक शहर का प्रमुख चौराहा है, जहां दिनभर वाहनों की भारी आवाजाही रहती है। बाजार क्षेत्र होने के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम लोगों और व्यापारियों को परेशानी होती है।

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/07 दिनांक- 21.06.2026

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026**

**Industrial Training Institute Competitive Admission Test (I.T.I.C.A.T.)-2026**

**Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/05 दिनांक- 04.06.2026 के क्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता परीक्षा (ITICAT)-2026 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के I.T.I. Trade की 25% जिला बंधेज मुक्त सीटों एवं 75% जिलावार सीटों पर सीट आवंटन के लिए Online Counselling हेतु ITICAT-2026 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों/ सर्वसाधारण / सम्बन्धित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि **Online Choice filline / Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी, Choice filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर विज्ञापन संख्या-BCECEB(ITICAT)-2026/06 दिनांक 21.06.2026 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। कॉउन्सेलिंग के लिए Choice filling की प्रक्रिया दिनांक 22.06.2026 से प्रारम्भ होगा।**

**उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ट्रेड का Choice of Preference of I.T.I. / Trade भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी First Round में Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे सभी अभ्यर्थी को अगले चक्र की Online Counselling हेतु दुबारा Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

## संक्षिप्त समाचार

### दिव्यांग निर्वाचकों के भागीदारी के लिए डीएमसीएइ की बैठक

**आरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त ने शनिवार को सुगम व समावेशी निर्वाचन के तहत दिव्यांग (पीडब्लूडी) निर्वाचकों के भागीदारी के लिए डीएमसीएइ के सभी सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श व निर्देश दिए गए। इसमें अर्हता प्राप्त सभी दिव्यांजनों का निर्वाचक सूची में पंजीकरण सुनिश्चित किया जाना, अर्हता प्राप्त दिव्यांगजन निर्वाचक सूची में पंजीकरण, संशोधन, स्थानांतरण, विलोपन आदि के लिए विहित प्रपत्र (फॉर्म 6, 6 ए, 7 व 8) और ऑनलाइन आवेदन आयोग के पोर्टल https://voters.eci.gov.in ,voter helpline app व saksham App के माध्यम से कर सकते हैं। या ऑफलाइन आवेदन विहित प्रपत्र में अपने मतदान केंद्र के बीएलओ को भरकर दे सकते हैं। दिव्यांगजनों का निर्वाचक सूची में पंजीकरण के लिए प्रचार प्रसार के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना है।

### योग दिवस की पूर्व संध्या पर हुआ विहंगम योग सत्संग

**आरा।** आरा महर्षि सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान, महाराजा हाता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य सत्संग एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साधक, श्रद्धालु एवं संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीकृष्ण प्रसाद ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भजन-कीर्तन से हुई। रजनी कुमारी ने चली जा रही है उम्र धीरे-धीरे भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को जीवन की नश्वरता और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया। वहीं किरण पांडेय ने वंदे जागु रे भई देर, मोह निशा में बोलते बीता सहित अन्य भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। उनके भजनों ने सत्संग स्थल को भक्तिमय वातावरण से भर दिया।मुख्य वक्ता प्रोफेसर उमेश कुमार पांडेय ने कहा कि वर्तमान समय में विहंगम योग का सत्संग मानव जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। उन्होंने कहा कि सदगुरु देव ने मानव कल्याण के लिए स्वर्वेद जैसे दिव्य ग्रंथ प्रदान किए हैं, जिनके माध्यम से जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को केवल भौतिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए नहीं दौड़ना चाहिए, बल्कि सदगुरु के ज्ञान से जुड़कर अपने जीवन को सार्थक और कृतार्थ बनाना चाहिए। सदगुरु के प्रति प्रेम ही ईश्वर प्राप्ति का मार्ग सत्संग को संबोधित करते हुए शिवशंकर सिंह ने कहा कि भगवान को जानने और आत्मिक शांति प्राप्त करने के लिए सदगुरु के चरणों में निरंतर प्रेम और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सदगुरु ही जीव को परम सत्य का बोध कराते हैं और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग दिखाते हैं।

### दुकानदार को गोली मारने के मामले में एफ आई आर

**आरा।** भोजपुर पुलिस चाय दुकानदार को गोली मारने के मामले में जांच तेज कर दी है। घायल के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें 3 अज्ञात अपराधियों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस टावर डंप और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। घटना हसन बाजार थाना क्षेत्र के अरईडीह मोड़ के पास की है। प्राथमिकी के अनुसार सहेजनी गांव निवासी मुन्ना साह शुक्रवार की रात करीब पौने दस बजे अपनी चाय दुकान बंद कर पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान काले रंग की बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने उन्हें घेर लिया। एक बदमाश ने अपने साथियों से कहा, इसको पकड़ो। इसके बाद दूसरे अपराधी ने उनके गले से सोने की चेन और लॉकेट छीन लिया। जेब से छह हजार रुपए भी निकाल लिए।

**विरोध करने पर गोली मार दी :** पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने लूटपाट का विरोध किया तो अपराधियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान एक बदमाश ने कहा कि मारो गोली। इसके बाद दूसरे अपराधी ने उनके दाहिने पैर की जांघ में गोली दाग दी। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों अपराधी बाइक से पीरो की ओर फरार हो गए। तीनों अपराधियों की उम्र करीब 20 से 25 वर्ष के बीच थी। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायल दुकानदार को पीरो अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस :** मामले में पुलिस ने तीन अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### 1 से 7 जुलाई तक स्कूलों में मनेगा 'पठन पर्व', गूंजेंगी कहानियां

**बक्सर।** बिहार के सरकारी विद्यालयों में जुलाई का पहला सप्ताह बच्चों की कहानियों, कविताओं और वाचन की गूंज से भर जाएगा। शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में 1 जुलाई से 7 जुलाई 2026 तक 'पठन पर्वः हर दिन कहानी, हर बच्चे की जुबानी' मनाने का निर्देश जारी किया है। इस दौरान कक्षा 2 के बच्चे प्रतिदिन सुबह 10 बजे अपनी पसंदीदा भाषा में कहानी, कविता या अनुच्छेद का 15 मिनट तक जोर-जोर से वाचन करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों में धाराप्रवाह पढ़ने की क्षमता विकसित करना है। यह उनके सीखने के स्तर का उत्सव भी है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे मिशन निपुण बिहार के पांच वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह विशेष आयोजन किया जा रहा है। विभाग का मानना है कि बच्चों की पढ़ने की क्षमता में आए बदलाव को उत्सव के रूप में प्रस्तुत करने से शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनेगा। शिक्षा विभाग ने इस आयोजन में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया है। जो बच्चे किसी कारणवश विद्यालय नहीं पहुंच सकेंगे, उनके लिए घर से सहभागिता की व्यवस्था की जाएगी। शिक्षकों द्वारा अभिभावकों के मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से पठन सामग्री भेजी जाएगी तथा बच्चों के वाचन का वीडियो साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। विद्यालयों में उच्च कक्षाओं के छात्र-छात्राएं छोटे बच्चों को वाचन में सहयोग करेंगे। वहीं जिला पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रधानाध्यापक, शिक्षक और अभिभावक इस आयोजन के साक्षी बनेंगे। शिक्षा विभाग के अनुसार सोशल मीडिया पर भी 'पठन पर्व' अभियान चलाया जाएगा और #nipunbihar हैशटैग के माध्यम से जनसहभागिता बढ़ाई जाएगी। बच्चों को अक्षर ज्ञान और भाषा ज्ञान को बढ़ावा निपुण कार्यक्रम से बच्चों की मानसिक क्षमता का विकास होगा। बच्चों को अक्षर ज्ञान और भाषा ज्ञान को बढ़ावा देने के लिहाज से भी यह कार्यक्रम काफी फायदेमंद है।

### रसायनों पर निर्भरता कम करने के लिए करें जैविक खेती

**बक्सर।** कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर में शनिवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त हस्तांतरण का सजीव प्रसारण एवं खेत बचाओ अभियान के अन्तर्गत खरीफ किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया कि 9.44 करोड़ किसानों के खाते में दो हजार रुपये की किस्त जारी करते हुए कुल 18880 करोड़ रुपये हस्तांतरित किये गये। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 से शुरू किसानों के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) आधारित किसान सम्मान निधि कार्यक्रम के 7 वर्ष पूरे होने पर पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में तथा साथ ही देशव्यापी खेत बचाओ अभियान अन्तर्गत खरीफ किसान गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन राजपुर विधायक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष कुमार निराला, आमंत्रित जनप्रतिनिधिगण व प्रगतिशील किसानों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# भरत तिवारी एनकाउंटर मामला परिजनों से मिले राजेश राम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर के शाहपुर प्रखंड के बिलौटी गांव में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए भरत तिवारी के मामले ने राजनीतिक रंग पकड़ लिया है। रविवार को बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम पीड़ित परिवार से मिलने बिलौटी पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। राजेश राम ने कहा कि बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल भरत तिवारी के परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने बताया कि उनके साथ भोजपुर, बक्सर और रोहतास जिलों के कांग्रेस पदाधिकारी भी गांव पहुंचे हैं।



**कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते थे :** प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भरत तिवारी समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते थे। उन्होंने कहा कि जमनिया क्षेत्र में बाढ़ से विस्थापित लोगों और जमीन से जुड़े मुद्दों को लेकर भरत तिवारी लगातार आवाज उठाते रहे थे। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भरत तिवारी सरकार और प्रशासन से जुड़े मामलों पर तीखे सवाल उठाते थे और भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी हत्या एक सुनियोजित साजिश के तहत की गई है। राजेश राम ने कहा कि आज देश और बिहार में जो भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है, उसे झूठे मुकदमों में फंसाने या प्रताड़ित करने का प्रयास किया जाता है।

**न्याय देने के बजाय उनके खिलाफ ही कार्रवाई की :** उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद जिला प्रशासन ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा और न्याय देने के बजाय उनके खिलाफ ही कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि भरत तिवारी की मां पर मुकदमा दर्ज किया गया, जबकि उनके पिता को घंटों तक अज्ञात स्थान पर रखे जाने की बात सामने आई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति पर आरोप हैं, तो उसका फैसला न्यायालय को करना चाहिए, किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले को मजबूती से उठाएगी। उन्होंने बताया कि पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को सौंपी जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। कांग्रेस ने सरकार से परिजनों को न्याय देने और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

## सड़े आमों के नीचे छिपा मुजफ्फरपुर ले जा रहे 34 लाख की शराब जब्त




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** मद्य निषेध विभाग ने शराबबंदी कानून के उल्लंघन की एक बड़ी कोशिश को नाकाम किया है। उत्तर प्रदेश सीमा से जुड़े गंगा पुल पर वीर कुंवर सिंह चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान सड़े-गले आमों की टोकरियों के नीचे छिपाकर ले जाई जा रही विदेशी शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई। विभाग ने ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है और वाहन जब्त कर लिया गया है। विभाग के अनुसार चेकपोस्ट प्रभारी कुंदन कुमार के नेतृत्व में ऊपरी पुल पर नियमित जांच अभियान चल रहा था। इसी दौरान चंडीगढ़ से आ रहे एक संदिग्ध ट्रक को रोका गया। ट्रक के ऊपरी हिस्से में सड़े-गले आमों की टोकरियां लदी थीं। टीम को शक होने पर टोकरियां हटाकर नीचे की तलाशी ली गई। वहां शराब की पेटियां छिपाकर रखी मिलीं। जांच में ट्रक से कुल 325 पेटी विदेशी शराब बरामद हुई। इसमें विभिन्न ब्रांड की 2871.720 लीटर शराब शामिल है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत 34 लाख 46 हजार रुपये बताई गई है। गिरफ्तार चालक की पहचान हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के रामशहर नंद निवासी 27 वर्षीय रवि कुमार के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि शराब की खेप चंडीगढ़ से मुजफ्फरपुर पहुंचाई जानी थी। मद्य निषेध अधीक्षक अशरफ जमाल ने कहा कि तस्करों ने दुर्गंध के कारण गहन जांच से बचने के लिए सड़े आमों की टोकरियों का इस्तेमाल किया।

## जनता दरबार में सुनी गईं फरियादियों की समस्याएं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गड़हनी।** स्थानीय प्रखंड सभागार गड़हनी में शनिवार को जनता दरबार सह जन सुनवाई शिविर का आयोजन अंचलाधिकारी दीपा कुमारी के द्वारा किया गया। जिसमें करीब 50 फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं को लेकर अंचलाधिकारी के समक्ष आवेदन दिए। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान अंचलाधिकारी ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया।जनता दरबार में जमीन संबंधी विवाद के कई मामले आए, लेकिन कुछ मामलों में द्वितीय पक्ष के उपस्थित नहीं होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। जिन मामलों में दूसरा पक्ष उपस्थित नहीं था, उन्हें अगली तिथि पर उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। दोनों पक्षों की उपस्थिति सुनिश्चित होने के बाद विधिसम्मत तरीके से



सुनवाई कर विवादों का निष्पादन किया जाएगा। वहीं शिविर में 5 का निष्पादन किया गया वहीं एक मामले लंबित रहा। फरियादियों में बलिगांव गांव निवासी लालसा देवी पति मनोज कुमार राम बनाम अवध कुमार राम, गड़हनी निवासी मनोज कुमार बनाम मो हदीश, बहरी गांव निवासी रेखा देवी पति रंजन पाल, विश्राम चौधरी पिता स्व अमरनाथ चौधरी ग्राम अनाइठ बनाम सुजित कुमार पिता केशो साह गर्दनीबाग और दुबौली निवासी सुनिता देवी पति जितेन्द्र गुप्ता का शिविर में ही निष्पादन किया गया। सीओ ने लोगों से अपील की है कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में निर्धारित तिथि पर दोनों पक्ष उपस्थित होकर सहयोग करें, ताकि मामलों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निपटारा किया जा सके। जनता दरबार के दौरान गड़हनी एसएचओ कमलजीत,चरपोखरी थानाध्यक्ष, संजय रावत,लिपिक रंजीत कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के कई कर्मी भी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के सामाजिक अंकेक्षण में गुणवत्ता पर समीक्षा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार तथा आईसीडीएस निदेशालय के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित योजनाओं और सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करना था।सामाजिक अंकेक्षण के दौरान लाभार्थियों, जनप्रतिनिधियों, जीविका समूहों, अभिभावकों एवं स्थानीय समुदाय के लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही पूरक पोषण



आहार योजना, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।जिले के सभी प्रखंडों में बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों, महिला पर्यवेक्षिकाओं तथा आंगनबाड़ी सेविकाओं के सहयोग से सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया पूरी कराई गई। इस दौरान आमजन से प्राप्त सुझावों और अभिमतों को भी दर्ज किया गया, ताकि भविष्य में सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) ने डुमरांव प्रखंड के नया भोजपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 180 एवं 25 में आयोजित सामाजिक अंकेक्षण में भाग लिया।

# कायमनगर सब्जी मंडी का हुआ विधिवत उद्घाटन, जाम व दुर्घटना की समस्या से मिलेगी राहत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोईलवर।** लंबे समय से राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगने वाली कायमनगर सब्जी मंडी को अब व्यवस्थित रूप से नए स्थान सब्जी मंडी के पीछे स्थानांतरित कर दिया गया है। शनिवार को नवस्थापित कायमनगर सब्जी मंडी का विधिवत उद्घाटन भोजपुर की एसडीएम शिप्रा विजय कुमार चौधरी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सदर एसडीपीओ-2 रणजीत कुमार सिंह, अंचलाधिकारी (सीओ) प्रियंका कुमारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक, किसान एवं सब्जी विक्रेता उपस्थित रहे।ज्ञात हो कि पूर्व में कायमनगर की सब्जी मंडी एनएच-922 के किनारे सड़क पर ही लगती थी। मंडी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में खरीदारों और विक्रेताओं की भीड़



जुटने के कारण सड़क पर वाहनों का आवागमन प्रभावित होता था। इससे अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी और दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। कई बार स्थानीय लोगों द्वारा मंडी को सुरक्षित एवं व्यवस्थित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग भी उठाई गई थी। मिलेगी बेहतर सुविधाएं: प्रशासन ने जनहित और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मंडी को नए स्थल पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। उद्घाटन के बाद मंडी में सब्जी विक्रेताओं ने अपनी दुकानें लगानी शुरू कर दीं। प्रशासन का मानना है कि मंडी के नए स्थान पर संचालित होने से जहां सड़क पर यातायात सुचारु रहेगा, वहीं खरीदारों और विक्रेताओं को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम शिप्रा विजय कुमार चौधरी ने कहा कि सड़क किनारे बाजार लगने से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नए स्थान पर मंडी संचालित होने से यातायात व्यवस्था बेहतर होगी तथा दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। उन्होंने सभी दुकानदारों और स्थानीय लोगों से प्रशासन के निर्देशों का पालन करने तथा मंडी को व्यवस्थित बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। सदर एसडीपीओ-2 रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाजार लगने से सुरक्षा और यातायात दोनों प्रभावित होते थे। मंडी के स्थानांतरण से पुलिस प्रशासन को भी यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहूलियत होगी। वहीं सीओ प्रियंका कुमारी ने कहा कि प्रशासन आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार कार्य कर रहा है और भविष्य में भी आवश्यक कदम उठाए जाते रहेंगे। नई मंडी के उद्घाटन से स्थानीय किसानों, सब्जी विक्रेताओं और आम लोगों में खुशी देखी गई।

## चट मंगनी-पट ब्याह की पहचान बना बाबा दिनेश्वरनाथ धाम



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोईलवर।** कोईलवर सोन नदी के किनारे अवस्थित बाबा दिनेश्वरनाथ धाम आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि सैकड़ों परिवारों के लिए कम खर्च में विवाह संपन्न कराने का भरोसेमंद केंद्र बन चुका है। भोजपुर जिले के कोईलवर अवस्थित यह मंदिर वर्षों से "चट मंगनी-पट ब्याह" के लिए प्रसिद्ध है। यहां हर वर्ष सैकड़ों युवक-युवतियां वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधते हैं। कम खर्च, कम समय और सरल प्रक्रिया के कारण यह मंदिर साधारण एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की पहली पसंद बनता जा रहा है। मंदिर की विशेषता यह है कि यहां विवाह कराने के लिए लंबी तैयारियों और भारी-भरकम खर्च की आवश्यकता नहीं पड़ती। मंदिर परिसर में पूजा-पाठ, वैवाहिक अनुष्ठान व ठहरने जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होने से दूर-दराज से आने वाले परिवारों को काफी सहूलियत मिलती है। यही वजह है कि भोजपुर के अलावा पटना, सारण, बक्सर और आसपास के अन्य जिलों से भी लोग यहां विवाह कराने पहुंचते हैं। कोईलवर का भौगोलिक स्थान भी इस मंदिर की लोकप्रियता का एक बड़ा कारण है। रेलवे स्टेशन की निकटता के साथ-साथ आरा-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग, आरा-छपरा फोरलेन तथा सकड्डी-नासरीगंज मार्ग से जुड़ा होने के कारण यहां सड़क और रेल दोनों माध्यमों से आसानी से पहुंचा जा सकता है। आस्था और चमत्कार से जुड़ी है स्थापना की कहानी नाविकों और मजदूरों ने रखी थी विकास की नींव स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार मंदिर के शुरुआती विकास में सोन नदी से जुड़े नाविकों, बालू मजदूरों और श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उस समय क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग बालू ढुलाई और नदी से जुड़े कार्यों में लगे थे। इन्हीं लोगों के सहयोग और श्रद्धा से मंदिर का स्वरूप धीरे-धीरे विस्तृत होता गया। नाममात्र शुल्क में होती है विवाह की व्यवस्था मंदिर प्रबंधन के अनुसार विवाह के लिए वधू पक्ष और वर पक्ष से नाममात्र का सेवा शुल्क लिया जाता है। इस राशि का उपयोग मंदिर के रखरखाव, जीर्णोद्धार और धार्मिक आयोजनों में किया जाता है। विवाह के लिए आने वाले परिवारों को आवश्यकता अनुसार कमरों की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। बाबा दिनेश्वरनाथ धाम की स्थापना को लेकर स्थानीय लोगों के बीच एक प्रचलित किंवदंती है। बताया जाता है कि कई वर्ष पहले आरा शहर से भगवान शिव सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं सोन नदी में विसर्जन के लिए लाई गई थीं। विसर्जन से पूर्व शिव प्रतिमा को एक पेड़ के नीचे रखा गया था। अन्य प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद जब शिव प्रतिमा को उठाकर नदी तक ले जाने का प्रयास किया गया तो वह अपने स्थान से नहीं हिली। कई लोगों ने प्रयास किया, लेकिन प्रतिमा को हटाया नहीं जा सका। इस घटना को लोगों ने भगवान शिव की इच्छा माना और प्रतिमा को वहीं स्थापित कर पूजा-अर्चना शुरू कर दी। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का निर्माण कराया गया। समय के साथ मंदिर समिति का गठन हुआ और जनसहयोग से मंदिर का विस्तार होता चला गया। आज यह मंदिर क्षेत्र की प्रमुख धार्मिक और सामाजिक पहचान बन चुका है।

# 1.71 लाख छात्रों का अपार जेनरेट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** जिले के सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में छात्र छात्राओं की अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। शिक्षा विभाग ने 30 जून तक सभी छात्र छात्राओं का शत-प्रतिशत अपार आईडी निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश जारी किया है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी संदीप रंजन ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों, प्रधानाध्यापकों, डाटा एंट्री ऑपरेटरों तथा आईसीटी समन्वयकों को विशेष अभियान चलाकर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। शिक्षा विभाग का कहना है कि जिन विद्यालयों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए विद्यालयों को तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की जा रही है। डीईओ ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रधानों



को निर्देश दिया है कि वे प्रतिदिन अपार आईडी निर्माण की प्रगति की समीक्षा करें। जिन छात्र छात्राओं का आधार सत्यापन हो चुका है, उनकी आईडी तत्काल जनरेट कराई जाए। साथ ही जिस छात्र छात्रा के दस्तावेजों में त्रुटियां हैं, उनका शीघ्र निराकरण कर प्रक्रिया पूरी की जाए। जिले में 2 लाख 49 हजार 76 छात्र छात्राओं में 77306 छात्र छात्राओं का आधार सत्यापन लंबित शिक्षा विभाग द्वारा की गई समीक्षा में यह पाया गया कि जिले में अभी भी बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं का अपार आईडी निर्माण लंबित है। जिले में कुल 2 लाख 49 हजार 76 छात्र छात्राओं का पंजीकरण है। इनमें से 1 लाख 71 हजार 770 छात्र छात्राओं का आधार सत्यापन किया जा चुका है। जितेन्द्र कुमार, एमआईएस बक्सर अपार आईडी छात्र छात्राओं के लिए स्थायी शैक्षणिक पहचान संख्या के रूप में कार्य करती है। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रखा जाता है। भविष्य में विद्यालय परिवर्तन, उच्च शिक्षा में प्रवेश तथा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में इसका उपयोग किया जाएगा। इसी कारण शिक्षा विभाग अपार आईडी निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने में जुटा है। अपार आईडीः जिले की स्थिति ▪ कुल विद्यालय : 1,625 ▪ असफल : 1 ▪ लंबित : 10 ▪ कार्य प्रारंभ करने वाले विद्यालय : 202 ▪ सफल जनरेशन वाले विद्यालय : 191 ▪ कुल छात्र छात्रा : 2,49,076 ▪ आधार सत्यापित छात्र छात्रा : 1,71,770 ▪ अपार आईडी जनरेट : 1,49,593 ▪ निर्माण हेतु शेष : 22,177 ▪ आधार सत्यापित छात्र छात्राओं के विरुद्ध अपार प्रतिशत : 87.09 प्रतिशत ▪ कुल छात्र छात्रा के विरुद्ध अपार प्रतिशत : 60.06 प्रतिशत रोज समीक्षा का निर्देश 30 जून तक शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विद्यालयों को मिशन मोड में कार्य करने की आवश्यकता है। डीईओ ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर लंबित कार्य पूरा कर विभागीय लक्ष्य प्राप्त करना सभी संबंधित अधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बिहटा में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**बिहटा (पटना)।** बिहटा थाना क्षेत्र के सदिसोपुर पूरब मोहल्ला स्थित पटेल बगीचा के एक नवनिर्मित मकान में रविवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान गोनवा गांव निवासी मोहम्मद चाँद (पिता-अकबर अंसारी) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलने के बाद बिहटा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अमित कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा आवश्यक साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार, मोहम्मद चाँद पेशे से इलेक्ट्रीशियन था। उसका शव नवनिर्मित मकान में मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की खबर मिलते ही परिवार के सदस्य और रिश्तेदार घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बिहटा थाना प्रभारी अमित कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही मामले की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मुजफ्फरपुर में दिनदहाड़े सोने की चेन लेकर भागे बदमाश, ब्रह्मपुरा थाना से 200 मीटर दूर वारदात

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में दिनदहाड़े चेन स्नेचिंग की घटना सामने आई है। ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र में थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली। यह पूरी वारदात पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पीड़िता की पहचान अनामिका कुमारी के रूप में हुई है। वह बीबीगंज के आनंदपुरी मोहल्ले से रिक्शा पर सवार होकर अपने मायके संजय सिनेमा रोड जा रही थीं। जैसे ही उनका रिक्शा ब्रह्मपुरा से संजय सिनेमा रोड की ओर मुड़ा, पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने उनके गले से चेन झपट ली और फरार हो गए। अनामिका कुमारी ने बताया कि छीनी गई चेन का वजन लगभग 12 से 15 ग्राम था। उन्होंने बदमाशों को पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन वे तेज रफ्तार से भाग निकले। पीड़िता के अनुसार, बाइक चला रहे बदमाश ने हेलमेट पहना हुआ था, जबकि पीछे बैठे दूसरे बदमाश का चेहरा साफ दिखाई दे रहा था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़िता को थाने में आवेदन देने की सलाह दी। वारदात के बाद महिला काफी सदमे में है। ब्रह्मपुरा थाना अध्यक्ष बिपिन कुमार ने बताया कि चेन स्नेचिंग का मामला सामने आया है। पुलिस अब घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### नाबालिग का रेप कर राजस्थान में डेढ़ लाख में बेचा, 50 साल के बुज़ुर्ग ने 1.20 लाख में खरीदी दुल्हन

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में डायल-112 की पुलिस ने नाबालिग की तस्करी करने वाले एक ऑटो चालक को पकड़ा है। उस पर आरोप है कि उसने कुढ़नी थाना क्षेत्र की एक मंदबुद्धि नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने कब्जे में रखा और उसके साथ 20 दिनों तक यौन शोषण किया। उसके बाद राजस्थान में 50 साल से अधिक उम्र के बुजुर्ग को 1.20 लाख में बेच दिया। करीब तीन साल बाद किशोरी के अपने घर लौटने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया है और आरोपी से पूछताछ कर रही है। परिजनों के अनुसार, नवंबर 2023 में कुढ़नी थाना क्षेत्र की रहने वाली 13 साल की किशोरी घर से भटककर निकल गई थी। उसके लापता होने के बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। बाद में कुढ़नी थाना में सनहा भी दर्ज कराया गया, फिर भी पुलिस उसे बरामद नहीं कर सकी। आरोप है कि इसी दौरान सकरा थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी ऑटो चालक मुन्ना दास की नजर किशोरी पर पड़ी। वह उसे नगर थाना क्षेत्र के गोला रोड स्थित अपने किराये के मकान पर ले गया और करीब 20 दिनों तक वहीं रखा। लड़की के साथ लगातार उसने रेप किया। इसके बाद आरोपी किशोरी को अपने साथ दिल्ली ले गया। पीड़िता की मां ने बताया कि दिल्ली ले जाने के बाद ऑटो चालक ने किशोरी को राजस्थान के सिंगहारा थाना क्षेत्र निवासी करीब 70 साल के सजन लाल को 1 लाख 20 हजार रुपये में बेच दिया।

### भोजपुर एनकाउंटर मामला मानवाधिकार आयोग पहुंचा, वकील ने पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज करने की मांग की

**मुजफ्फरपुर।** भोजपुर में हुए एनकाउंटर का मामला अब मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। मुजफ्फरपुर जिले के मानवाधिकार मामलों के वकील एस.के. झा ने भोजपुर एनकाउंटर मामले में मानवाधिकार आयोग में याचिका दर्ज की है। वकील एस.के.झा ने इस पूरे मामले को लेकर अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली और राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना में दो अलग - अलग याचिका दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में मांग की है कि इस एनकाउंटर में शामिल सभी पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए रिटायर्ड जज की निगरानी में इस पूरे मामले की जांच कराई जाए। साथ ही दोषियों पर सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाए। उनकी ओर से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग की गई है। वकील झा ने कहा कि यह पूरा मामला मानवाधिकार उल्लंघन के अति गंभीर श्रेणी का मामला है। बता दें कि भोजपुर और एसटीएफ की टीम ने भरत की ओर से सरेंडर किए जाने के बावजूद गोली मार दी गई। जिससे उसकी मौत हो गई। भरत के एनकाउंटर को लेकर गुरुवार को आरा में सड़क जाम कर लोगों ने बवाल किया। प्रदर्शनकारी पुलिस प्रशासन को दोषी ठहरा रहे थे। लोगों का सवाल है कि मानसिक रूप से बीमार और सरेंडर करने के बाद भरत का एनकाउंटर क्यों किया गया।

# बिहार विधानसभा परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योग एवं ध्यान कार्यक्रम आयोजित

## योग भारत की अमूल्य धरोहर, स्वस्थ जीवन का सशक्त माध्यम : डॉ. प्रेम कुमार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा एवं ब्रह्माकुमारीज संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को बिहार विधानसभा परिसर स्थित औषधीय वाटिका में विशेष योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 6 बजे से 7 बजे तक चला, जिसमें बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान योग एवं ध्यान के विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व से अवगत कराया गया।

**योग ने पूरी दुनिया को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखाया:** इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति, ज्ञान और जीवन पद्धति का अमूल्य उपहार है, जिसने आज पूरे विश्व को स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद योग एक वैश्विक स्वास्थ्य आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने की वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक प्रक्रिया है।



**नियमित योग से बढ़ता है आत्मविश्वास और कार्यक्षमता:** डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति में आत्मविश्वास, एकाग्रता, सकारात्मक सोच और कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, बढ़ते तनाव और असंतुलित दिनचर्या के बीच योग स्वस्थ जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि योग हमें संयम, अनुशासन और प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने की सीख देता है। स्वस्थ नागरिक ही मजबूत समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला होते हैं। योग व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सशक्त और सामाजिक रूप से संवेदनशील बनाता है।

**युवाओं से योग को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील:** विधानसभा अध्यक्ष ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने विद्यालयों, महाविद्यालयों, कार्यालयों और समाज के सभी वर्गों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योग भारत की ऐसी अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वयं से जोड़ती है और संपूर्ण मानवता को स्वस्थ, शांत एवं समृद्ध जीवन का संदेश देती है। उन्होंने सभी लोगों से योग अपनाकर स्वस्थ बिहार और स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

**कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता, विधायक रामानंद मंडल, राजेश कुमार मंडल, विधान पार्षद जीवन कुमार, ब्रह्माकुमारीज के कार्यक्रम समन्वयक बी.के. संजय, योग प्रशिक्षक बी.के. साक्षी, राजयोगिनी बी.के. अनीता तथा विधानसभा सचिवालय की प्रभारी सचिव पूनम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने योग एवं ध्यान कार्यक्रम में भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

# विश्व योग दिवस पर महिलाओं और बच्चों ने दिखाई उत्साहपूर्ण भागीदारी

## ऑल इंडिया वुमेन्स कॉन्फ्रेंस की पटना शाखा ने आयोजित किया भव्य योग कार्यक्रम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को ऑल इंडिया वुमेन्स कॉन्फ्रेंस (एआईडब्ल्यूसी), पटना शाखा की ओर से राजधानी पटना स्थित लेडी स्टीफेंसन हॉल में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बच्चों सहित सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमद फाउंडेशन, पटना तथा लेडी स्टीफेंसन हॉल मैनेजमेंट कमिटी का विशेष सहयोग रहा। आदर्श बाल विद्यालय और बी फॉर नेशन संस्था की छात्राओं ने भी योगाभ्यास में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। कार्यक्रम की मुख्य योग प्रशिक्षक एवं मार्गदर्शक डॉ. रीता सिंह (न्यास योग विशेषज्ञ) रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा न्यास योग ध्यान का अभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि संतुलित, सकारात्मक और स्वस्थ जीवन जीने की संपूर्ण जीवन पद्धति है। उन्होंने योग को आध्यात्मिक चिकित्सा की एक महत्वपूर्ण कड़ी भी बताया। लेडी स्टीफेंसन हॉल मैनेजमेंट कमिटी की सचिव जयन्ती लाल ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि योग आज वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य, शांति और समग्र कल्याण का प्रभावी माध्यम बन चुका है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस लोगों को स्वस्थ, जागरूक और तनावमुक्त जीवन के प्रति प्रेरित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

ऑल इंडिया वुमेन्स कॉन्फ्रेंस की सदस्य प्रतिमा कुमार ने उपस्थित लोगों को नियमित योगाभ्यास करने तथा परिवार एवं समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर, शांत मन और सुखी जीवन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन स्वर्ण सूची ने किया, जबकि पटना शाखा की कोषाध्यक्ष नंदनी मेहता ने सभी सहयोगी संस्थाओं, अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वर्षा ऋतु, रीना सिन्हा, डॉ. कविता सिन्हा, अभिता अग्रवाल, बबीता सिंह, श्वेता वर्मा, ऊषा सिन्हा, नील कमल, दीपा सिंह, रेनू भारती, अंजू सिन्हा, खूबी सिंह, चंदा सिंह, नंदिनी शरण सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विश्व योग दिवस पर 9वीं वाहिनी एनडीआरएफ बिहटा में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित

## अधिकारियों, जवानों एवं बचावकर्मियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिहटा (पटना)।** विश्व योग दिवस 2026 के अवसर पर 9वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), बिहटा द्वारा व्यापक स्तर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वाहिनी मुख्यालय, बिहटा के साथ-साथ सभी क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्रों (आरआरसी) एवं प्रशिक्षण प्लाटूनों (टीपीएल) में भी आयोजित किया गया, जिसमें अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों एवं बचावकर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बिहटा स्थित वाहिनी मुख्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी (2IC) एवं कार्यवाहक कमांडेंट ललन कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. सी.बी. नारायण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसजी) सहित अन्य अधिकारीगण एवं कार्मिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यानाभ्यास का सामूहिक अभ्यास किया। साथ ही योग के महत्व, उसके स्वास्थ्य संबंधी लाभों तथा दैनिक जीवन में उसकी उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ, मन को शांत एवं विचारों को सकारात्मक बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**आपदा प्रबंधन कर्मियों के लिए योग है बेहद महत्वपूर्ण:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल जैसे विशेषीकृत बल के लिए योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक एकाग्रता, आत्मनियंत्रण, तनाव प्रबंधन और कार्यकुशलता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से कार्मिक शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से सजग तथा अनुशासित बने रहते हैं, जिससे आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया देने की उनकी क्षमता और अधिक मजबूत होती है।

**स्वस्थ जीवनशैली का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प:** विश्व योग दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत #IDY2026 सोशल मीडिया अभियान से जुड़ते हुए योग, स्वास्थ्य, निरोग जीवन और स्वस्थ जीवनशैली के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प भी दोहराया गया।

9वीं वाहिनी एनडीआरएफ, बिहटा द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल कार्मिकों के स्वास्थ्य, मनोबल और कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने वाला रहा, बल्कि "फिट बल – सक्षम बल – सजग बल" की अवधारणा को भी साकार करने वाला प्रेरणादायी आयोजन सिद्ध हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पूर्व मध्य रेल में योग शिविर आयोजित

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने किया योगाभ्यास, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल द्वारा रविवार को पाटलिपुत्र रेल परिसर, पटना में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम "स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग" के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह एवं सुनीता सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद योग प्रशिक्षक ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। साथ ही योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। योगाभ्यास के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शरीर के विभिन्न अंगों को स्वस्थ एवं सक्रिय बनाए रखने के लिए प्राणायाम तथा अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास किया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। योग शिविर के पूर्व महाप्रबंधक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कोलकाता में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योग कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा तथा उनके संबोधन को सुना। इस दौरान योग के महत्व एवं स्वस्थ जीवनशैली को लेकर दिए गए संदेशों से प्रतिभागी लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से हुआ, जबकि समापन राष्ट्रगान 'जन गण मन' के साथ किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय, हाजीपुर, निर्माण संगठन कार्यालय महेंद्रूघाट (पटना) तथा पूर्व मध्य रेल के सभी पांचों मंडलों में भी योग शिविर आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं रेलकर्मियों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। सभी स्थानों पर प्रधानमंत्री के योग कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया, जिससे प्रतिभागियों को योग के महत्व और उसके लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुई। पूर्व मध्य रेल द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों को स्वस्थ, सक्रिय और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# मसौढ़ी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास आयोजित

## गोल्ड मेडलिस्ट डॉ. दिलीप कुमार के निर्देशन में हुआ योग सत्र, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को मसौढ़ी स्थित ट्रेनिंग कॉलेज परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योगासन में देश के लिए स्वर्ण पदक जीत चुके योग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप कुमार के निर्देशन में आयोजित यह योग सत्र सुबह 5:30 बजे से 7:00 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में योग प्रेमियों, बुद्धिजीवियों, शिक्षकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग" रही। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को योग के महत्व और उसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षक डॉ. दिलीप कुमार ने कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरल एवं जटिल योगासनों का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित रखने की एक प्रभावी जीवनशैली है। उन्होंने उपस्थित लोगों को सलाह दी कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आयु, रुचि एवं शारीरिक क्षमता के अनुसार योगासन और प्राणायाम का चयन कर नियमित अभ्यास करना चाहिए, ताकि वे जीवनभर स्वस्थ और सक्रिय रह सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों से बचाव के लिए योग सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। नियमित योगाभ्यास से मानसिक तनाव कम होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और व्यक्ति का संपूर्ण स्वास्थ्य बेहतर होता है।

कार्यक्रम में सहायक योग प्रशिक्षक अंशु कुमार, इंजीनियर रविशंकर कुमार, विश्वरंजन, शिक्षक दीपक कुमार, पूर्व प्रखंड प्रमुख रामाकांत रंजन किशोर, उमेश कुमार, डॉ. रामजयपाल सिंह, अनिल कुमार मिट्ठू, डॉ. सुनील कुमार, शिवम प्रकाश, सत्यम प्रकाश, संजय केशरी, आशीष गुप्ता, अजय शर्मा, अशोक सिंह, घनश्याम, विनय कुमार, दानेन्द्र समदर्शी, आलोक कुमार, सुधीर कुमार, संतोष कुमार, गुंजन कुमार, सन्नी, रौशन कुमार, मधु कुमारी, मालती देवी, कस्तूरबा विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं छात्राओं सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और मीडियाकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित योग प्रेमियों एवं गणमान्य लोगों ने योगासन में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले डॉ. दिलीप कुमार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने नियमित योगाभ्यास करने तथा योग के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया।

# चंद्रवंशी समाज के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक उत्थान को लेकर कई प्रस्ताव पारित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ **अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पटना में संपन्न**

**पटना।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति एवं बिहार प्रदेश कार्यसमिति की संयुक्त बैठक रविवार को बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने की। बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास, संगठन की मजबूती तथा सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक उत्थान से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति शिक्षा, संगठन, संस्कार और सामाजिक एकता पर निर्भर करती है। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान करते हुए कहा, "संगठित रहो, शिक्षित बनो, अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करो और राजनीति में अपनी भागीदारी बढ़ाओ।"

बैठक में समाज के वर्तमान परिदृश्य, युवाओं की भागीदारी, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक समरसता, राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आर्थिक सशक्तिकरण एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इसके उपरांत कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। राष्ट्रीय कार्यसमिति ने केंद्र एवं राज्य सरकारों से मांग की कि चंद्रवंशी समाज के शैक्षणिक, सामाजिक एवं विकासात्मक कार्यक्रमों को गति देने के लिए विशेष पहल की जाए तथा जरूरतमंद परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में समाज के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, कौशल विकास कार्यक्रम तथा रोजगारपरक प्रशिक्षण की सुविधाओं का विस्तार करने की मांग की गई, ताकि युवा वर्ग आत्मनिर्भर बन सके और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। महासभा ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में चंद्रवंशी समाज की उचित भागीदारी एवं प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की



दिशा में सकारात्मक पहल करने का प्रस्ताव भी पारित किया। बैठक में स्वरोजगार, उद्यमिता, लघु उद्योग और व्यवसाय को बढ़ावा देने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। इसके लिए विशेष अभियान चलाने की भी आवश्यकता बताई गई। महासभा ने महाराज जरासंध की गौरवशाली परंपरा, इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। इसके लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं शोध गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि महासभा समाज के हितों एवं अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक और रचनात्मक तरीके से निरंतर प्रयासरत रहेगी तथा समाज से जुड़े मुद्दों को केंद्र और राज्य सरकारों के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से देशभर में व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा तथा प्रखंड, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक संगठन का पुनर्गठन किया जाएगा। बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश प्रतिनिधि एवं कार्यसमिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय महामंत्री रण विजय रोशन ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# संक्षिप्त समाचार

## फायरिंग का खुलासा, एक आरोपित गिरफ्तार



**पूर्वी सिंहभूम।** गोलमुरी थाना क्षेत्र के रामदेव बगान में बीते दिनों हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया गया है। रविवार को गोलमुरी थाना प्रभारी संजय सुमन और सिटी डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि 14 जून की रात करीब साढ़े 11 बजे रामदेव बगान इलाके में हुई गोलीबारी में 29 वर्षीय दीपक कुमार झा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दीपक सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के टाटा लाइन निवासी हैं। घटना के बाद गोलमुरी थाना में कांड संख्या 71/2026 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1), 352 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए 20 जून को मामले में शामिल आरोपित शुभम कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार शुभम कुमार गोलमुरी के टाटा लाइन स्थित देबुन बगान का रहने वाला है। उसका मूल निवास बिहार के सिवान जिले के सराय थाना क्षेत्र के माहपुर गांव में है। पूछताछ के दौरान आरोपित ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं, जिसके आधार पर पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक लोडेड पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया। गिरफ्तारी और बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच आगे भी जारी रहेगी और घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। इस कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक (नगर) संजीव कुमार, गोलमुरी थाना प्रभारी संजय सुमन सहित थाना के अन्य पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## महिला से सोने की चेन की छिनतई, जांच में जुटी पुलिस



**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में चेन स्नैचरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला सिदगोड़ा थाना क्षेत्र का है, जहां रविवार सुबह सूर्य मंदिर के समीप मॉर्निंग वॉक कर रही एक महिला से बदमाश ने सोने की चेन छीन ली। जानकारी के अनुसार, रीना मिश्रा सुबह टहलने के लिए निकली थीं। इसी दौरान एक स्कूटी सवार युवक पीछे से उनके पास पहुंचा। महिला के अनुसार, बदमाश ने पहले उन्हें थप्पड़ मारा और फिर उनके गले से सोने की चेन झपटकर तेजी से फरार हो गया। घटना इतनी अचानक हुई कि वह संभल भी नहीं सकीं। वारदात के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। पीड़िता और स्थानीय नागरिकों ने मंदिर परिसर एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की, लेकिन फुटेज में आरोपित की स्पष्ट पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद घटना की सूचना सिदगोड़ा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के मार्गों और प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपित की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पीड़िता रीना मिश्रा की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सिदगोड़ा थाना प्रभारी फैज़ अहमद ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान करने का प्रयास जारी है तथा जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जेसीबी की टक्कर से सवारी वाहन पलटा, बुजुर्ग की मौत




**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुदड़ी थाना क्षेत्र के कमर गांव में शनिवार रात एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार सेरेंगगदा बाजार से खरीदारी कर लौट रहे ग्रामीणों से भरे एक सवारी वाहन को पीछे से आ रही जेसीबी मशीन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सोनुवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चाईबासा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाने के दौरान लगभग 60 वर्षीय एतवा मोतिया ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घायलों में आर्यन माझी, डेबो मछुवाइन और बासु नाग शामिल हैं। आर्यन माझी के पैर फ्रैक्चर हुआ है, जबकि डेबो मछुवाइन के दोनों पैर टूट गए हैं। वहीं बासु नाग के सिर में गंभीर चोट आई है। तीनों का इलाज चाईबासा सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर गुदड़ी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य सुनीता लुगुन अपने पति एवं समाजसेवी रमेश लुगुन के साथ तत्काल सक्रिय हुईं। दोनों लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तय कर देर रात चाईबासा सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों के उपचार की व्यवस्था में सहयोग किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हर संभव सहायता का भरोसा भी दिया। सुनीता लुगुन ने कहा कि गुदड़ी जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में दुर्घटना के बाद समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना बड़ी चुनौती है। उन्होंने प्रशासन से ग्रामीण इलाकों में सड़क सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। घटना के संबंध में सहिया बसंती माझी ने बताया कि सभी लोग सेरेंगगदा बाजार से आवश्यक सामान खरीदकर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में जेसीबी की टक्कर से यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र आर्यन माझी भी गंभीर रूप से घायल हुआ है।

## सांप के डंसने से किसान की मौत

**खूंटी।** खूंटी जिले के सोयको थाना क्षेत्र अंतर्गत गिंडुंग-कुड़ापुर्ती गांव में जहरीले सांप के डंसने से एक किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान 56 वर्षीय कोंता मुंडा के रूप में की गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के अनुसार, कोंता मुंडा शनिवार रात अपने घर में जमीन पर बिस्तर लगाकर सोए हुए थे। देर रात एक जहरीला सांप घर में घुस आया और उनकी उंगली में डंस लिया। सांप के काटते ही कोंता मुंडा दर्द से कराह उठे और शोर मचाकर परिवार के सदस्यों को इसकी जानकारी दी। परिजनों ने उनकी आवाज सुनते ही तत्काल उन्हें संभाला और इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी शुरू कर दी। लेकिन सांप के जहर का असर तेजी से फैलने लगा, जिससे उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। परिवार के लोग उन्हें अस्पताल पहुंचा पाते, उससे पहले ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सोयको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले से संबंधित आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। मृतक के पुत्र तड़कन मुंडा ने बताया कि उनके पिता बेहद मिलनसार, मेहनती और शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। परिवार के भरण-पोषण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। उनके अचानक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# रांची विश्वविद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास, स्वास्थ्य मंत्री ने योग को बताया स्वस्थ जीवन का आधार

**एजेंसी। रांची**





अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार सुबह रांची विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती दीक्षांत मंडप में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह छह बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों, योग प्रशिक्षकों, योग साधकों तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे परिसर में योग के प्रति जागरूकता, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" रखी गई है। इसी थीम को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रम के दौरान लोगों को नियमित योगाभ्यास के माध्यम से स्वस्थ, सक्रिय और संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योग कर स्वास्थ्य और मानसिक शांति का संदेश दिया। योगाभ्यास शुरू होने से पूर्व राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति और जीवन पद्धति की अमूल्य धरोहर है। सदियों से योग मानव जीवन को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य करता रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, भागदौड़ और मानसिक दबाव के बीच योग लोगों को मानसिक संतुलन बनाए रखने तथा सकारात्मक जीवन दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ रहता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और मन को शांति मिलती है। उन्होंने लोगों से योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखकर अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में बढ़ता स्क्रीन टाइम और बदलती जीवनशैली लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। ऐसे समय में योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। योग न केवल शरीर को लचीला और स्वस्थ बनाता है, बल्कि व्यक्ति को अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देता है तथा आत्मविश्वास बढ़ाने में भी सहायक होता है। इस अवसर पर योगासन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि इन खिलाड़ियों की सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है और इससे अधिक से अधिक युवाओं को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक योगाभ्यास का भी आयोजन किया गया। प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। योग सत्र में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रांची के विधायक सी.पी. सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार, रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद् और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## चाकुलिया में दो ट्रेलरों की टक्कर के बाद लगी आग, दोनों चालक घायल

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। चाकुलिया-माटिहाना मुख्य मार्ग पर दीघी स्थित एसजी एग्रो फूड प्रोडक्ट्स राइस मिल के समीप दो ट्रेलरों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों में तुरंत आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ट्रेलर ओडिशा के क्योंझर से लौह अयस्क लेकर पश्चिम बंगाल की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा ट्रेलर पश्चिम बंगाल के आसनसोल से फायर ब्रिक्स लेकर ओडिशा के अंगुल जा रहा था। इसी दौरान दीघी के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों ट्रेलर आग की चपेट में आ गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों के साथ राइस मिल के संचालक अविनाश सुरेका और कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर चाकुलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद बहरागोड़ा से दमकल वाहन बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया और स्थिति को सामान्य किया। इस दुर्घटना में एक ट्रेलर के चालक करमचंद तथा दूसरे ट्रेलर के चालक लालू यादव घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए चाकुलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## बकाया भुगतान दिलाने को लेकर 75 मजदूर पहुंचे पूर्व मंत्री के पास

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा प्रखंड अंतर्गत कुमीर पंचायत के लगभग 75 मजदूरों का बकाया भुगतान नहीं होने का मामला रविवार को जमशेदपुर स्थित पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता दुलाल भुईयां के भुईयाडीह स्थित आवासीय कार्यालय पहुंचा। मजदूरों ने सामूहिक रूप से दुलाल भुईयां से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया और जल्द भुगतान कराने की मांग की। मजदूरों ने बताया कि कार्य करने के बावजूद उन्हें अब तक मेहनताना नहीं मिला है, जिससे उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। भुगतान नहीं मिलने के कारण मजदूरों और उनके परिवारों को दैनिक जरूरतों की पूर्ति में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए दुलाल भुईयां ने तत्काल संबंधित ठेकेदार रविंद्र गुप्ता, जो डिमना के निवासी हैं, से दूरभाष पर बातचीत की। बातचीत के दौरान ठेकेदार रविंद्र गुप्ता ने दो दिनों के भीतर सभी मजदूरों का बकाया भुगतान करने का आश्वासन दिया। इस संबंध में पैटीदार बिनोद गोराई का भी नाम सामने आया है। मजदूरों के प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका भुगतान कर दिया जाएगा। दुलाल भुईयां ने भी मजदूरों को भरोसा दिलाया कि यदि तय समय में भुगतान नहीं किया गया तो मामले को आगे उठाकर मजदूरों को न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान मजदूरों में फूलचंद महतो, सूर्या सहिस, राजीव कुमार महतो, लालचंद महाली, जागरण कालिंदी, रतिलाल कालिंदी और विजय कालिंदी सहित अन्य मजदूर मौजूद थे। बैठक में झारखंड मजदूर यूनियन के मजदूर नेता कमल राम यादव, कुंज बिभार, मन्नू मंडल, जोलेश भुईयां, सदानंद टोपनो सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

## श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में मनाया गया फादर्स डे




**एजेंसी। खूंटी**

श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर, मुरहू में रविवार को फादर्स डे धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग, कविता, निबंध एवं ग्रीटिंग्स के माध्यम से ईश्वर की अनमोल कृतियों में एक "पिता "के महत्व को बताया। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन में पिता के तौर पर अपने निजी अनुभव से पिता के त्याग और उनके तकलीफों से अवगत कराया। पिता परिवार की मजबूत नींव होते हैं, जिनका प्यार, त्याग और मार्गदर्शन बच्चों के जीवन को आकार देता है । वे हर परिस्थिति में ढाल बनकर खड़े रहते है वे हमें न सिर्फ शिक्षा, नैतिक मूल्यों और संस्कृति की महत्ता समझाते हैं, बल्कि हमें अपने सपनों की पूर्ति के लिए प्रेरित भी करते हैं। पिता परिवार की रीढ़ होते हैं। पिता, दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा अपने माता-पिता का सम्मान एवं उनका ख्याल रखना हमारा नैतिक कर्तव्य है इसका निर्वहन निष्ठा पूर्वक करें। कार्यक्रम में रचना, श्रेया, अंजलि,विनीता,अभय एवं आलेख ने बेहतर ग्रीटिंग के माध्यम से पिता का महत्व बताया।

## उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**





12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पश्चिमी सिंहभूम जिले में जिला प्रशासन, आयुष विभाग, शैक्षणिक संस्थानों, पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले के शहरों से लेकर गांवों तक लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुंडा इंडोर स्टेडियम, चाईबासा में जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त मनीष कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष कुमार, सिविल सर्जन डॉ. जूझार माझी और अपर उपायुक्त किस्टो कुमार बेसरा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। योग प्रशिक्षक सुमित विश्वकर्मा और सोम कुमार नायक ने आयुष मंत्रालय के कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार उपस्थित लोगों को ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, शवासन सहित विभिन्न योगासनों तथा अनुलोम-विलोम, कपालभाति और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन का आधार है तथा इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी योग दिवस को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के तत्वावधान में सदर प्रखंड के कमारहातु गांव में ग्रामीणों के लिए योग शिविर आयोजित किया गया, जिसमें लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया और प्रतिदिन योग करने का संकल्प लिया। वहीं मतकमहातु पंचायत की मुखिया जुलियाना देवगम की अगुवाई में कमारहातु फुटबॉल मैदान में भी ग्रामीणों और युवाओं ने योग कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। खूंटपानी प्रखंड के पुरुनियाँ फुटबॉल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा, बीडीओ धनंजय पाठक, सीओ फुलेश्वर साव, चिकित्सक, शिक्षक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं शामिल हुए। वक्ताओं ने योग को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताते हुए इसे नियमित रूप से अपनाने की अपील की। इधर महिला कॉलेज चाईबासा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और माई भारत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 75 छात्राओं ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने छात्राओं को योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी तथा प्रशिक्षक मदन मोहन मिश्रा ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। योग दिवस के अवसर पर जिलेभर में लोगों ने स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली के लिए योग को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रमों के दौरान योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले योग मित्रों, प्रशिक्षकों और अन्य कर्मियों को सम्मानित भी किया गया।

## झारखंड के 10 जिलों में बारिश, वज्रपात और तेज हवा की चेतावनी, 26 जून तक येलो अलर्ट जारी

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में मानसूनी गतिविधियों के प्रभाव से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग ने सोमवार को राज्य के 10 जिलों में गर्जन के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। इन क्षेत्रों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार रांची, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिलों में गर्जन के साथ वर्षा होने की संभावना है। इन जिलों में कहीं-कहीं आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका व्यक्त की गई है। विभाग ने बताया कि राज्यभर में 26 जून तक बारिश और वज्रपात की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान कई जिलों में मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। विशेष रूप से खुले स्थानों पर रहने वाले लोगों, किसानों तथा बाहरी गतिविधियों में शामिल लोगों को मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने की सलाह दी गई है। पिछले 24 घंटों के मौसम का विवरण जारी करते हुए विभाग ने बताया कि राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम तापमान राजधानी रांची के नामकुम क्षेत्र में 21.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में रविवार को सुबह से ही आंशिक रूप से बादल छाए रहे। दिनभर उमस भरा मौसम बना रहा, जबकि दोपहर बाद कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली। रविवार को रांची का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री तथा न्यूनतम 25.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी प्रकार डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री और न्यूनतम 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बोकारो में अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री और न्यूनतम 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आगामी दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में बादल छाए रहने, रुक-रुक कर बारिश होने और तापमान में मामूली गिरावट आने की संभावना है। वर्षा की गतिविधियों में बढ़ोतरी से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है, वहीं कृषि कार्यों के लिए भी यह मौसम अनुकूल माना जा रहा है। हालांकि वज्रपात और तेज हवाओं को देखते हुए लोगों को सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

## बिरसा कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**एजेंसी। खूंटी**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एनएसएस के तत्वावधान में रविवार को बिरसा कॉलेज खूंटी में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया तथा योग के महत्व और इसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी. के. भगत ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. जया कच्छप ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. काली मुंडू, डॉ. सुशील रंजन, डॉ. रेशमा रेनी टोपनो, डॉ. शीला गुप्ता, डॉ. सिजरेन सुरिन, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ. सुनीता टोप्पो, श्री कृष्णा ठाकुर, विजय प्रधान, प्रकाश प्रमाणिक एवं नागेंद्र राम सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### बेटे-बहू बना रहे मतांतरण का दबाव, छत्तीसगढ़ के कांकेर में बुजुर्ग ने दर्ज कराया मुकदमा




**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में हालांकि मतांतरण के खिलाफ सख्त कानून बन चुका है लेकिन मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे। ताजा मामला कांकेर जिले का है, जहां बुजुर्ग पिता ने बेटे-बहू पर मतांतरण के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। बुजुर्ग ने आरोप लगाया कि उन्हें प्रलोभन गए और मतांतरण नहीं करने पर मृत्यु के बाद ठीक से अंतिम संस्कार तक नहीं करने की धमकी दी गई। 73 वर्षीय आदिवासी बुजुर्ग ने थाने में बेटे और बहू के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। बुजुर्ग का आरोप है कि दोनों ईसाई धर्म अपनाने के बाद उन पर भी मतांतरण का दबाव बना रहे हैं तथा उनकी धार्मिक आस्था का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनका परिवार पीढ़ियों से आदिवासी परंपराओं और देवी-देवताओं की पूजा करता आया है। कुछ बाहरी पादरियों के संपर्क में आने के बाद बेटे-बहू ने ईसाई धर्म अपना लिया और पारंपरिक पूजा-पद्धति से दूर हो गए। इसके बाद दोनों उन पर भी मतांतरण का दबाव बनाने लगे। लगातार विवाद और धमकियों से उनका जीना मुश्किल हो गया है। बुजुर्ग ने बेटे-बहू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर पुलिस ने जांच के बाद उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### टाइगर रिजर्व में हाथियों ने दो वन प्रहरियों पर किया हमला, एक की रीढ़ की हड्डी टूटी

**चिक्कमगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी।** जिले के एन आर पुरा तालुक में हेब्बे वन्यजीव क्षेत्र के भद्र टाइगर रिजर्व में गश्त के दौरान एक जंगली हाथी के हमले में दो फॉरेस्ट वॉचर (वन प्रहरी) गंभीर रूप से घायल हो गए. यह घटना शुक्रवार शाम हेब्बे क्षेत्र के कल्लुकोवे गांव के पास, मोरीमठ और सिद्धारमैया पुल के करीब हुई. भद्र



के बैकवाटर (जलाशय के पीछे का पानी) में इकट्ठा हुए 10 से अधिक जंगली हाथियों के झुंड की गतिविधियों पर नजर रखने के दौरान एक हाथी ने अचानक वन प्रहरियों पर हमला कर दिया. हमले में हरीश की रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई है, जबकि बसवराज के हाथ और पैर जख्मी हुए हैं. हरीश की हालत नाजुक बताई जा रही है और उन्हें आगे के इलाज के लिए मंगलुरु के एक अस्पताल में भेजा गया है. घटना की जानकारी देते हुए हेब्बे क्षेत्र के रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर ने ईटीवी भारत को बताया कि हरीश और बसवराज कल्लुकुवे इलाके में पैदल चल रहे थे. जबकि दो अन्य स्टाफ सदस्य उनके पीछे थे. तभी एक जंगली हाथी ने उन पर हमला कर दिया. इस हमले में हरीश की रीढ़ की हड्डी टूट गई, जबकि बसवराज के हाथ और पैर में फ्रैक्चर हुआ है. हरीश को पहले प्राथमिक उपचार के लिए मेगन अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके बाद उन्हें आगे के इलाज के लिए मंगलुरु के एक निजी अस्पताल में भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है. उन्होंने कहा कि दोनों की हालत में सुधार हो रहा है. बता दें कि हाल ही में, भद्र अभयारण्य के हेब्बे क्षेत्र में जंगली हाथियों का एक झुंड देखा गया है, जो एन आर पुरा शहर से महज 10 किलोमीटर दूर डेरा डाले हुए है. जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बनी हुई है. यह घटना तब हुई जब वन विभाग के कर्मचारी लगातार गश्त कर रहे थे।

# नोएडा में वर्षा जल संचयन की अनदेखी से गहराया जल संकट, 1.5 करोड़ लीटर पानी की हो रही बर्बादी

**नोएडा, एजेंसी।** शहर में वर्षा जल संचयन प्रणाली को लेकर व्यापक लापरवाही सामने आ रही है। नियमों के अनुसार 300 वर्ग मीटर से बड़े भूखंडों पर वर्षा जल संचयन व्यवस्था बनाना अनिवार्य है, लेकिन बड़े पैमाने पर इसका पालन नहीं हो रहा। प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार करीब 50 हजार भूखंडों में इस प्रणाली की जांच ही नहीं हो सकी है।

इन भूखंडों का कुल क्षेत्रफल 1.50 करोड़ वर्ग मीटर से अधिक है। इससे प्रति वर्ष 105 करोड़ लीटर वर्षा जल की बर्बादी होती है। विगत तीन वर्षों में प्राधिकरण की टीमों ने कई औद्योगिक इकाइयों और बड़े कार्यालय भवनों का निरीक्षण किया। इनमें से अधिकांश स्थानों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली निष्क्रिय या पूरी तरह बंद पाई गई।

**कई स्थानों पर नोटिस के बावजूद सुधार नहीं:** नोएडा प्राधिकरण के नियोजन विभाग ने पर्यावरण सेल को 50 हजार भूखंड की जांच के लिए कहा था। दो वर्ष से



अधिक समय बीतने के बाद भी इनकी न तो जांच हुई है और न ही कोई रिपोर्ट दी गई है। रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर में गाद जमा होने, पाइपलाइन अवरुद्ध होने और फिल्टर सिस्टम खराब होने जैसी समस्याएं आमतौर पर देखी गईं।

प्राधिकरण ने इन सभी दोषपूर्ण इकाइयों को नोटिस जारी कर 15 दिनों के अंदर सुधार करने के निर्देश दिए थे। हालांकि कई स्थानों पर नोटिस के बावजूद कोई सुधार नहीं किया गया। नोएडा क्षेत्र की बड़ी आबादी की निर्भरता आज भी भूजल पर है। ऐसे में वर्षा जल प्रणाली का पूर्ण रूप से संचालित नहीं होना भविष्य का बड़ा खतरा साबित हो सकता है। जल संचयन प्रणाली का सही क्रियान्वयन जल संकट को कम कर सकता है। बड़े भूखंडों पर बारिश का पानी बिना संचय के बहकर चला जाता है, जिससे न सिर्फ जल संसाधन बर्बाद होते हैं बल्कि जलभराव और जलमग्नता की समस्या भी बढ़ती है। सेक्टर-79 में करीब आधा दर्जन से अधिक परियोजनाओं को कंक्रीट कर छोड़ दिया गया है। यहां वर्षा जल संचयन के इंतजाम नहीं हैं। ग्राउंड वाटर रीचार्ज के क्षेत्र में नियमों को सख्ती से लागू नहीं कराया जा सका। सभी इमारतों का एक बार फिर से सर्वे कर व्यवस्थाएं ठीक करनी चाहिए।

### ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों इमारतें बगैर प्रणाली के स्थापित

ग्रामीण क्षेत्र में सैकड़ों इमारतें बगैर वर्षा जल संचयन प्रणाली के बना दी गई हैं। यह इमारतें 1000 से 5000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में बनीं हैं। हर बार वर्षा में लाखों और मानसून में करोड़ों लीटर वर्षा जल नाली और नालों में बह जाता है। विशेषज्ञ के मुताबिक 1.5 करोड़ वर्ग मीटर क्षेत्र में वर्षा जल संचयन प्रणाली की अनदेखी से भारी जल बर्बादी हो रही है। शहर में औसत 700 मिलीमीटर (एमएम) वार्षिक वर्षा होती है। एक वर्गमीटर पर एक एमएम वर्षा से एक लीटर पानी एकत्र होता है। इस हिसाब से पूरे क्षेत्र में लगभग 105 करोड़ लीटर पानी संचित किया जा सकता है। शहरी क्षेत्र में 75-85 प्रतिशत पानी बह जाने के कारण करोड़ों लीटर पानी हर साल नालियों में बहकर व्यर्थ चला जाता है। यह 15 से 20 लाख लोगों के एक महीने का उपयोगी जल होता है। सेक्टर-168 क्षेत्र में वर्षा जल नदियों की धारा की तरह सड़कों पर बहता है। 10 फीसदी परियोजनाओं में यह प्रणाली पूर्ण रूप से कार्य नहीं करती है।

# गजब कारनामा, फरीदाबाद में बिजली के खंभे हटाए नहीं और बना दिया सीमेंटेड नाला

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद में नगर निगम की इंजीनियरिंग शाखा के खेल अक्सर सामने आते रहते हैं। जिनसे अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही का पता चलता है तो कई बार राजस्व को भी नुकसान पहुंचता है। इंजीनियरिंग शाखा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहते हैं। नहर पार पल्ला क्षेत्र में नाला निर्माण का मामला भी कुछ ऐसा ही है। जिस जगह बिजली के खंभे पहले से ही लगे हुए थे।

वहीं, नगर निगम नाले का निर्माण कर रहा है। नगर निगम की ओर से पल्ला रोड पर लगभग 2.40 करोड़ की लागत से एक किलोमीटर लंबे सीमेंटेड नाले का निर्माण कराया जा रहा है।

निर्माणाधीन सीमेंटेड नाले को लेकर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं। यहां के लोगों की शिकायत है कि वार्ड नंबर 26 में बनाए जा रहे इस नाले के बीचों-बीच बिजली के खंभों को छोड़ दिया गया है।

इससे न केवल जल निकासी प्रभावित होगी, बल्कि आने वाले दिनों में जब नाले की सफाई कार्य होगा तो कर्मचारियों की सुरक्षा भी जोखिम में पड़ सकती है। कई बार वर्षा और आंधी के दौरान स्पार्किंग हो जाती है। ऐसे



में कर्मचारी कैसे काम कर पाएंगे।

लोग रोष जता रहे हैं कि बिजली के खंभों को स्थानांतरित किए बिना ही नाले का निर्माण कर दिया गया। यह समझ से परे है। बता दें कि पल्ला, सेहतपुर, इस्ताइलपुर रोड के आसपास घनी आबादी है। इस रास्ते से दर्जनों कॉलोनियों के लोगों का आना-जाना होता है।

रास्ते पर कई जगह स्ट्रीट लाइट नहीं इस रोड से आगे चलें तो यमुना के निकटवर्ती बसंतपुर गांव के साथ लगती कई कालोनियों के लोग भी इसी रास्ते से आते-जाते हैं। इसका इस्तेमाल जिले के अन्य क्षेत्र दिल्ली, नोएडा के लिए आवागमन के लिए करते हैं। इस रास्ते पर कई जगह स्ट्रीट लाइट नहीं है। आने वाले दिनों में नाला साफ करने में कर्मियों को दिक्कत हो सकती है। सही तरीके से सफाई नहीं हुई तो जलभराव हो सकता है।

लोगों ने कहा कि नाले के बीच में खड़े बिजली के खंभे से कर्मचारियों के जीवन के लिए खतरा बन सकते हैं। लोगों ने बताया कि निगम की लापरवाही की शिकायत कई उच्चाधिकारियों से की गई, लेकिन बिजली के खंभों को हटाए बिना ही नाले का निर्माण कार्य जारी है।

इस मामले में नगर निगम के अधीक्षण अभियंता ओमबीर सिंह का कहना है कि मामला गंभीर है। ठेकेदार को अवगत करा दिया था, अब बिजली के खंभे उखाड़ने शुरू कर दिए हैं।

### इलाज कराने आ रहे हैं या जान जोखिम में डालने? गाजियाबाद के संयुक्त अस्पताल में अर्थिंग के नाम पर बिछा है 'खतरे का जाल'

**गाजियाबाद, एजेंसी।** संजयनगर स्थित संयुक्त अस्पताल के अधिकारी, चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी मनमानी कर रहे हैं। आलम यह है कि मरीजों के साथ खुद की सुरक्षा को भी खतरे में डाल रहे हैं। जांच में पता चला है कि अस्पताल के आपरेशन थियेटर, इमरजेंसी और पैथालाजी लैब में उच्च अर्थिंग वेल्यू की मानक से कई गुना अधिक है। प्रदेश सरकार द्वारा नामित अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं की मेंटेनेंस कंपनी साइरेक्स के अभियंताओं की स्थलीय जांच में इसका खुलासा हुआ है। जांच में पता चला है कि उक्त अस्पताल में उच्च अर्थिंग वेल्यू 80 वोल्टेज की बिजली आपूर्ति हो रही है। यह खतरनाक है। नियम है कि पांच वोल्टेज की आपूर्ति होनी चाहिये। मेडिकल उपकरणों में आग लगने की संभावना बढ़ गई है। साइरेक्स ने यह जांच रिपोर्ट सीएमएओ, सीएमएस और महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को भेजी है। यह निरीक्षण 28 अप्रैल को किया गया था। निरीक्षण एमएमजी अस्पताल में भी किया गया, जहां स्थिति सही पाई गई। अर्थिंग प्रतिरोध सीधे तौर पर सिस्टम की सुरक्षा और परिचालन विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। कम प्रतिरोध वाला पथ यह सुनिश्चित करता है कि फॉल्ट करंट जल्दी से समाप्त हो जाए, जिससे खतरनाक वोल्टेज का संचय रोका जा सके। प्राथमिक सुरक्षा के कई लाभ है। बिजली के झटके और स्टेप वोल्टेज के खतरों का जोखिम कम हो जाता है। सर्किट ब्रेकर जैसे सुरक्षा उपकरणों का तेजी से संचालन। उपकरणों को बिजली के तेज प्रवाह से होने वाले नुकसान और इन्सुलेशन की विफलता से बचाना। व्रिंडू उपकरण महत्वपूर्ण अनुप्रयोगों में स्थिर, दोहराने योग्य माप प्रदान करके वैश्विक सुरक्षा प्रथाओं के अनुपालन में सहयोग करता है। निरीक्षण से संबंधित पत्र नहीं मिला है। इलेक्ट्रीशियन द्वारा इसकी जानकारी जरूर दी गई है। पत्र मिलने पर मानकों के अनुसार उच्च अर्थिंग वेल्यू को कम करने का इंतजाम किया जायेगी। जरूरी आपूर्ति को छोड़कर अन्य की आपूर्ति बंद की जायेगी।

### पश्चिम बंगाल दिवस पर पीएम मोदी का बांग्ला में संदेश, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को लिखा खास पत्र

**कोलकाता, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल दिवस के अवसर पर एक विशेष संदेश जारी करते हुए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को बांग्ला भाषा में पांच पन्नों का पत्र लिखकर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इस पत्र में प्रधानमंत्री ने बंगाल के ऐतिहासिक गौरव, राष्ट्रवाद और डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि औपनिवेशिक भारत में सबसे पहले बंगाल से ही 'वंदे मातरम' की गूंज उठी थी। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में हालिया बंगाल विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि अप्रैल-मई में राज्य के लोगों ने ऐसा जनादेश दिया है, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि रिकार्ड मतदान, महिलाओं और युवाओं की अभूतपूर्व भागीदारी इस चुनाव की खास पहचान रही। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता ने भाजपा को आशीर्वाद देते हुए उम्मीद जताई है कि बंगाल अब सुशासन, विकास और नई आशाओं की राजनीति की ओर आगे बढ़ेगा। मोदी ने कहा कि राज्य के लोगों की इच्छा है कि बंगाल अपना खोया हुआ गौरव फिर हासिल करे, जो पुरानी और अप्रासंगिक विचारधाराओं के कारण कमजोर पड़ गया था।



# बंधवाड़ी में 37.73 एकड़ से ज्यादा में फैला लैंडफिल का कूड़ा, ड्रोन सर्वे से खुलासा; अब तेजी से होगा निस्तारण

**गुरुग्राम, एजेंसी।** अरावली की पहाड़ियों और वन क्षेत्र में स्थित बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर वर्षों से जमा कूड़े की वास्तविक स्थिति अब ड्रोन सर्वे के जरिए सामने आ गई है।

नगर निगम गुरुग्राम की ओर से कराए गए सर्वे में पाया गया कि लैंडफिल पर कचरा करीब 37.73 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में फैला हुआ है। ड्रोन आधारित वाल्यूमेट्रिक असेसमेंट में कूड़े का अनुमानित आयतन 25.18 लाख घन मीटर से अधिक दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार यदि जमीन के भीतर दबे यानी जमीन खोदकर लैंडफिल के लिए तैयार किए गड्ढे के कचरे का भी आकलन किया जाए तो कुल आयतन लगभग 35 लाख घन मीटर तक पहुंच सकता है। वर्तमान में साइट पर करीब 18 लाख मीट्रिक टन पुराना कूड़ा मौजूद है, जिसके निस्तारण का कार्य दो एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है।नगर निगम द्वारा बंधवाड़ी डंप साइट को वैज्ञानिक तरीके से बंद करने और यहां इंजीनियर्ड लैंडफिल विकसित करने की योजना के



तहत यह सर्वे कराया गया। एक जून 2026 को ड्रोन सर्वे किया गया, जबकि रिपोर्ट नौ जून को तैयार की गई।

सर्वे के दौरान पूरे डंपिंग ग्राउंड की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें, थ्री-डी मॉडल, आर्थो फोटो, कंटूर मैप, ढलान विश्लेषण और वाल्यूमेट्रिक अध्ययन किया गया। रिपोर्ट में सामने आया कि कचरे का पहाड़ कई स्थानों पर 30 से 45 डिग्री ढलान पर है, जबकि कुछ हिस्सों में यह 60 डिग्री तक पहुंचता है। खोदाई वाले क्षेत्रों में ढलान 90 डिग्री तक भी दर्ज की गई। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि डंप साइट का क्षेत्रफल बढ़कर 37.73 एकड़ हो गया है कचरे का फैलाव इससे अधिक क्षेत्र तक पहुंच चुका है। ड्रोन तकनीक से तैयार थ्री-डी माडल ने कचरे के ढेर के फैलाव और संरचना की स्टडी की गई है। नगर निगम बंधवाड़ी में वर्षों से जमा पुराने कचरे के निष्पादन के लिए बायो-माइनिंग और बायो-रिमेडिएशन कार्य करा रहा है। ड्रोन सर्वे रिपोर्ट भविष्य में होने वाली प्रगति की निगरानी का आधार बनेगी। समय-समय पर इसी प्रकार के सर्वे कर कचरे की मात्रा में कमी का आकलन किया जाएगा। निगम का लक्ष्य जनवरी 2027 तक पुराने कचरे का पूरी तरह निस्तारण कर साइट को खाली करना है, ताकि यहां मानकों के अनुरूप नई व्यवस्था विकसित की जा सके।

बंधवाड़ी लैंडफिल का ड्रोन सर्वे पूरा कर लिया गया है। सर्वे से कूड़े की वास्तविक मात्रा और स्थिति का सटीक आकलन मिला है। दो एजेंसियां पुराने कचरे के निस्तारण का कार्य कर रही हैं और काम में तेजी लाई गई है।

### मेकेदातु परियोजना पर कर्नाटक का बड़ा दावा, तमिलनाडु के हिस्से का पानी नहीं होगा प्रभावित

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार ने कावेरी नदी पर शुरू की गई मेकेदातु परियोजना को लेकर अपने पक्ष को स्पष्ट करते हुए कहा कि इस परियोजना से तमिलनाडु के भाग के पानी पर कोई असर नही पड़ेगा। राज्य सरकार ने बताया कि इस परियोजना को पूरी तरह कर्नाटक की सीमा के भीतर बनाई जाएगी। सरकार ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मेकेदातु परियोजना के दूारा बेंगलुरू क्षेत्र की पेयजल की आवशयकतओं के लिए 4.75 टीएमसी पानी का इस्तेमाल किया जाएगा और साथ ही सामान्य साल में तमिलनाडु के लिए बिलीगुंडलु के सीमा बिंदु पर निर्धारित मासिक जल प्रवाह को सुनिश्चित किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य बेंगलुरू क्षेत्र की पेयजल जरूरतों को पूरा करना और तमिलनाडु के निर्धारित जलर्प्वाह को सुनिश्चित करना है। बता दें कि तमिलनाडु को चुनौती देते हुए कर्नाटक सरकार ने वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। लेकिन 13 नंवबर 2025 को इस याचिका को खारिज करते हुए कहा कि जल आयोग और कावेरी के जल प्रबंधन प्राधिकरण विशेषज्ञ संस्थाएं है। अदालत ने यह भी कहा कि अभी इस मामले पर विचार कर रही है।

# असम में अंबुबाची मेला की तैयारी तेज, कामाख्या मंदिर में 22 जून से शुरू होगा चार दिवसीय उत्सव

**गुवाहाटी, एजेंसी।** पूर्वी भारत के सबसे बड़े धार्मिक उत्सवों में से एक अंबुबाची मेला 2026 के लिए असम सरकार और कामाख्या मंदिर प्रबंधन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। गुवाहाटी की ऐतिहासिक नीलाचल पहाड़ी पर स्थित माँ कामाख्या मंदिर में इस वर्ष देश-विदेश से 8 लाख से अधिक श्रद्धालुओं, साधु-संतों और तांत्रिक साधकों के जुटने की उम्मीद है।

देवी कामाख्या के वार्षिक मासिक धर्म चक्र और स्त्री शक्ति के प्रतीक के रूप में मनाया जाने वाला यह चार दिवसीय उत्सव 22 जून को 'प्रवृत्ति' के साथ शुरू होगा और 26 जून को 'निवृत्ति' के साथ समाप्त होगा। इस दौरान तीन दिनों तक मंदिर के कपाट पूरी तरह बंद रहेंगे और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा, स्वास्थ्य और भोजन के विशेष प्रबंध किए गए हैं। असम की पर्यटन मंत्री अजंता नियोग ने मेले की व्यवस्था को लेकर कहा, 'यह देश का सबसे बड़ा धार्मिक अंबुबाची मेला है। भारत और विदेश से लाखों लोग यहां आते हैं। हम श्रद्धालुओं को पीने का पानी, भोजन, चिकित्सा सेवाएं और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर तरह से तैयार हैं। हमने निचले स्थानों पर शिविर और भोजन की व्यवस्था की है।

लगभग 8 लाख लोगों के आने की उम्मीद है, इसलिए इस आयोजन का प्रबंधन एक बड़ी चुनौती है। हम श्रद्धालुओं से अनुरोध करते हैं कि वे मेले के दौरान सुबह 5 बजे से शाम 6 बजे तक



कामाख्या मंदिर अवश्य आएं। '

असम सरकार ने भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था की

मेले के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए, असम सरकार ने भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं, सुरक्षा, परिवहन और आवास सुविधाओं के लिए 24 विभागों में 4.55 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। मंदिर अधिकारियों ने सभी ऑफलाइन विशेष दर्शन काउंटरों को भी बंद कर दिया है। विशेष दर्शन के इच्छुक श्रद्धालुओं को ऑनलाइन पास बुक करना होगा, जबकि सामान्य दर्शन निःशुल्क रहेंगे।

**अंबुबाची मेले का महत्व:** मां कामाख्या मंदिर में साल में एक बार अंबुबाची मेला लगता है। । इस मेले से बहुत ही प्राचीन और गहरी धार्मिक मान्यता जुड़ी हुई है। ऐसी मान्यता है कि इस वार्षिक मेले के दौरान मां कामाख्या अपने मासिक धर्म यानी रजस्वला से गुजरती हैं। यही कारण है कि इस दौरान देवी मां को पूरा आराम दिया जाता है और मंदिर के मुख्य कपाट तीन दिनों के लिए पूरी तरह बंद कर दिए जाते हैं।

इन तीन दिनों में मंदिर परिसर में किसी तरह की कोई पूजा-अर्चना, आरती या अन्य कोई भी धार्मिक अनुष्ठान नहीं होते। चौथे दिन, खास शुद्धिकरण अनुष्ठान करने के बादमंदिर के पट भक्तों के लिए खोले जाते हैं। इस साल अंबुबाची मेले की शुरुआत 22 जून 2026 से हो रही है, जो 26 जून तक चलेगा।

# निंबालकर हत्याकांड : आरोपितों को बरी करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देगी सीबीआई, अन्ना हजारे से की पूछताछ

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के कांग्रेस नेता पवनराजे निंबालकर और उनके ड्राइवर समद काजी की 20 साल पुरानी हत्या के मामले में पूर्व गृह मंत्री पद्मसिंह पाटिल और सात अन्य आरोपितों को बरी किए जाने के फैसले को सीबीआइ अब बांबे हाईकोर्ट में चुनौती देगी।

एक विशेष सीबीआइ अदालत ने शनिवार को यह कहते हुए सभी आरोपितों को बरी कर दिया कि सरकारी गवाह बने एक आरोपित की गवाही से घटनाओं की कड़ियां साबित नहीं होती हैं। प्रेट्र के अनुसार, सीबीआइ प्रवक्ता ने कहा कि एजेंसी के पास आरोपितों के खिलाफ बेहद मजबूत सबूत थे, जिसके आधार पर अब इस फैसले के खिलाफ अपील दायर की जाएगी।

पवनराजे निंबालकर (42) और काजी की तीन जून, 2006 को रायगढ़ जिले के कलंबोली के पास गोली मारकर हत्या कर दीगई थी। इस मामले की जांच शुरू में रायगढ़ पुलिस द्वारा की जा रही थी। बाद में जांच राज्य सीआईडी और फिर सीबीआई को सौंप दी गई। 20 साल पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए विशेष सीबीआइ अदालत की अध्यक्षता करने वाले अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस.आर. नवंदर ने कहा कि अभियोजन पक्ष साजिश को संदेह से परे साबित करने में




विफल रहा है। सभी आरोपितों को बरी करते हुए अदालत ने टिप्पणी की कि घटनाक्रम की कोई पूरी कड़ी साबित नहीं हो सकी, ना ही कथित साजिश को साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत पेश किए गए। अदालत ने यह भी पाया कि गवाहों के बयान असंगत थे और महत्वपूर्ण वैज्ञानिक और इलेक्ट्रानिक साक्ष्य या तो अनुपलब्ध थे या अपर्याप्त रूप से प्रस्तुत किए गए थे। सीबीआइ ने इस मामले में नौ लोगों पर आरोप लगाए थे। इनमें से एक, पारसमल जैन, बाद में सरकारी गवाह बन गया। लंबे समय तक चले इस मुकदमे के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे सहित 128 गवाहों से पूछताछ की गई। पाटिल के बरी होने से बन सकते हैं नए राजनीतिक समीकरण इस फैसले के दूरगामी परिणाम अदालती दायरे से परे महाराष्ट्र के बदलते राजनीतिक परिदृश्य पर भी पड़ सकते हैं।




## संपादकीय

# ऊर्जा संकट से तत्काल राहत अभी नहीं मिल पाएगा

गैस क्षेत्र में भारत अपनी कुल जरूरत का लगभग आधा हिस्सा एलएनजी आयात के माध्यम से पूरा करता है, लेकिन देश में गैस के लिए कोई समर्पित रणनीतिक भंडारण सुविधा नहीं है।पश्चिम एशिया में संघर्ष को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच भले ही सहमति गई और शांति समझौते पर दोनों देश ने हस्ताक्षर कर दिए हैं लेकिन भारत समेत कई देशों में ऊर्जा संकट से तत्काल राहत नहीं मिल पाएगी।होर्मुज जलमार्ग खुलने के बाद भी मालवाहक जहाजों की आवाजाही सामान्य होने में अभी समय लगेगा। ऐसे में तेल और गैस की कमी का सामना कर रहे देशों में संकट और गहरा हो सकता है।भारत में मौजूदा स्थिति यह है कि रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार देश के शुद्ध कच्चे तेल आयात की केवल नौ से दस दिन की आवश्यकता के बराबर ही है। ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद की ओर से बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। इसमें कहा गया है कि कच्चे तेल के आयात पर ज्यादा निर्भर जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश दो सौ दिन से अधिक की जरूरत के बराबर तेल भंडार बनाए रखते हैं।इस लिहाज से आबादी के आधार पर देखा जाए, तो भारत के रणनीतिक तेल भंडार अन्य देशों के मुकाबले बेहद कम हैं और यह स्थिति ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर बड़े जोखिम की ओर इशारा करती है। गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध किए जाने से तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है, जिससे दुनिया भर में ऊर्जा का संकट खड़ा हो गया है।हालांकि, भारत में सरकार की ओर से कुछ समय तक पेट्रोल-डीजल और घरेलू रसोई गैस की कीमतों को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में लगातार उछाल से सरकार की कोशिशों ने दम तोड़ दिया। इसके बाद पेट्रोल-डीजल और घरेलू रसोई गैस की कीमतों में की गई बढ़ोतरी से आम लोगों को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है।मगर यह बात चिंता को और बढ़ा देती है कि देश के रणनीतिक तेल भंडार केवल नौ से दस दिन की आवश्यकता को ही पूरा कर सकते हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या देश में तेल का संकट इतना गहरा हो गया है कि किसी आपात परिस्थिति के लिए भी पर्याप्त मात्रा में भंडारण नहीं हो पा रहा है? या फिर सरकार अभी भी मौजूदा संकट और निकट भविष्य में इससे पैदा होने वाली चुनौतियों को गंभीरता से नहीं ले रही है?इस बात पर गौर करना जरूरी है।

*भारत में 'पादप किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001' मौजूद तो है, लेकिन बड़ी कंपनियों के पेटेंट के सामने गरीब किसानों की आवाज प्रायः दब जाती है। अगर बीज पर नियंत्रण विदेशी कंपनियों का होगा, तो हमारी कृषि नीति कहां जाएगी? हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीक के साथ-साथ किसानों के अधिकार भी सुरक्षित रहें। खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार को पूर्ण पारदर्शिता को अनिवार्य बनाना चाहिए।*

# बीज पर किसका हक- जीएम फसलों की बहस खेत से थाली तक पहुंची

**(सुधीर कुमार)**

विज्ञान अब हमारे घर की दहलीज को पार कर हमारी रसोई तक पहुंच गया है। क्या हमने कभी अपनी थाली में रखी रोटी या सब्जी को देख कर यह सोचा है कि उसका 'डीएनए' क्या है? निश्चित रूप से इस पर किसी ने नहीं सोचा होगा। आनुवांशिक रूप से परिवर्तित (जीएम) फसलों का मुद्दा अब महज प्रयोगशालाओं का विमर्श नहीं रहा, बल्कि यह हमारी थाली की सुरक्षा और देश के कानून के लिए एक द्वंद्व बन गया है। एक तरफ भूख मिटाने के लिए विज्ञान वरदान की तरह है, तो दूसरी तरफ स्वास्थ्य और पर्यावरण के अनसुलझे जोखिम। यह विषय केवल कृषि का नहीं, बल्कि नीति-निर्माण और भविष्य की सुरक्षा का भी है। जीएम फसलों का अर्थ समझना सरल है, मगर इसका निहितार्थ अत्यंत जटिल। इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। जैसे हम 'फोटो एडिटिंग ऐप' से किसी तस्वीर में 'फिल्टर' लगाते हैं, वैसे ही वैज्ञानिक किसी फसल के बीज में कोई दूसरा 'वांछित जीन' डाल देते हैं, ताकि वह अधिक पैदावार दे सके, सूखे को झेल सके या कीटों से लड़ सके। विज्ञान की भाषा में इसे 'ट्रांसजेनिक' कहते हैं, लेकिन आम आदमी के लिए यह अपनी थाली में किसी 'अपरिचित' मेहमान के आने जैसा है। हम नहीं जानते कि यह मेहमान हमारा मित्र है या शत्रु? जब हम एक पौधे के प्राकृतिक गुणों के साथ छेड़छाड़ करते हैं, तो केवल एक जीन नहीं बदलते, बल्कि उस पूरी खाद्य श्रृंखला को प्रभावित करते हैं, जिसका हिस्सा वह पौधा है। जैव-प्रौद्योगिकी समर्थकों का तर्क है कि बढ़ती आबादी के लिए यह अनिवार्य है, जबकि आलोचकों का मानना है कि 'प्राकृतिक क्रम' में हस्तक्षेप के परिणाम नकारात्मक एवं दीर्घकालिक हो सकते हैं। भारत में जीएम फसलों की कानूनी स्थिति बेहद सतर्क रही है। हमारे यहां विनियमन का ढांचा मुख्य रूप से 'पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986' के तहत गठित 'जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति' के कंधे पर है। यह समिति तय करती है कि कौन-सी फसल देश में उगाई जा सकती है और उसके परीक्षण के मानक क्या होंगे। भारत में अभी तक केवल 'बीटी कपास को व्यावसायिक खेती की अनुमति मिली है, जो एक गैर-खाद्य फसल है। खाद्य फसलों के मामले में, जैसे कि जीएम सरसों का मामला लंबे समय से विवादों में रहा है। यह दर्शाता है कि नियामक संस्थाओं और जनहित के बीच एक गहरी खाई है। तकनीकी मंजूरी मिल जाना एक बात है, लेकिन सामाजिक स्वीकृति और कानूनी वैधता प्राप्त करना दूसरी बड़ी बात है। कानूनी परिप्रेक्ष्य में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका निर्णायक रही है। अरुणा रोड्रिग्स बनाम भारत संघ (2005) का मामला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि जीएम फसलों के परीक्षण में जैव-सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा गया है। अदालत ने बार-बार 'एहतियाती सिद्धांत' को रेखांकित किया है। इसका अर्थ यह है कि यदि किसी तकनीक से पर्यावरण या सेहत को नुकसान होने की थोड़ी भी संभावना हो, तो उसे लागू करने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। यह सिद्धांत ही हमारी थाली की सुरक्षा का सबसे बड़ा कानूनी कवच है। इसी तरह, आर्यावर्त बनाम भारत संघ (2023) जैसे मामलों में अदालतों ने जोर दिया है कि जैव-सुरक्षा से समझौता करना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त 'जीवन के अधिकार' और 'स्वस्थ भोजन के अधिकार' का उल्लंघन हो सकता है। अदालतें यहां केवल कानून की व्याख्या नहीं कर रही हैं, बल्कि वे एक 'अभिभावक' की भूमिका निभा रही हैं, जो विज्ञान की चकाचौंध में जन-स्वास्थ्य को ओझल नहीं होने देना चाहतीं। दुनिया भर में जीएम फसलों को लेकर तस्वीर अलग है। अमेरिका में जीएम सोयाबीन और मक्का बड़े पैमाने पर खाया जाता है। वहां की सरकार और कंपनियां इसे 'नवाचार' मानती हैं और इसे अर्थव्यवस्था का आधार बताती हैं। वहीं, यूरोपीय संघ ने अत्यंत कड़े नियम अपनाए हैं। वहां उत्पादों पर 'अनिवार्य लेबलिंग' का पालन होता है, ताकि उपभोक्ता को पता हो कि वह 'प्राकृतिक' खा रहा है या 'जीएम'। यह बताता है कि यह केवल भारत का डर नहीं, बल्कि पूरी दुनिया इस तकनीक को 'परखने' के दौर में है। यह वैश्विक मतभेद भी दर्शाता है कि जीएम फसलों का मुद्दा केवल विज्ञान पर नहीं, बल्कि राजनीतिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण पर भी टिका है। यूरोपीय संघ की सावधानी यह सिखाती है कि उपभोक्ता की 'जानने की इच्छा' और 'पसंद की स्वतंत्रता' को तकनीक के ऊपर प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस विषय का एक अत्यंत अनूठा और कम चर्चित पहलू 'बौद्धिक संपदा अधिकार' और 'खाद्य संप्रभुता' है। कानून की नजर में यह कंपनियों के पेटेंट और किसानों के परंपरागत अधिकारों के बीच का युद्ध है। जब कोई कंपनी बीज का पेटेंट ले लेती है, तो किसानों को हर साल नया बीज खरीदना पड़ता है। यह परंपरा के विपरीत है, जहां किसान खुद बीज सुरक्षित रखता था। भारत में 'पादप किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001' मौजूद तो है, लेकिन बड़ी कंपनियों के पेटेंट के सामने गरीब किसानों की आवाज प्रायः दब जाती है। अगर बीज पर नियंत्रण विदेशी कंपनियों का होगा, तो हमारी कृषि नीति कहां जाएगी? हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि तकनीक के साथ-साथ किसानों के अधिकार भी सुरक्षित रहें। खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार को पूर्ण पारदर्शिता को अनिवार्य बनाना चाहिए, ताकि जीएम उत्पादों का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को यह जानने का अधिकार हो कि वे क्या उपभोग कर रहे हैं। यह सूचना के अधिकार का ही एक तार्किक विस्तार है। इस पारदर्शिता के साथ-साथ, सुरक्षा जांचों की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए कंपनियों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के बजाय सरकार की ओर से अधिकृत स्वतंत्र प्रयोगशालाओं से गहन जांच कराई जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, एक सख्त कानून का होना अत्यंत आवश्यक है, जिसमें यह स्पष्ट प्रावधान हो कि मिट्टी की उर्वरता, भूजल प्रदूषण या जन-स्वास्थ्य पर पड़ने वाले किसी भी नकारात्मक प्रभाव के लिए संबंधित कंपनियां आर्थिक रूप से उत्तरदायी होंगी। नीति-निर्धारण की प्रक्रिया को लोकतांत्रिक बनाने के लिए किसी भी नई जैव-प्रौद्योगिकी के व्यापक कार्यान्वयन से पहले स्थानीय स्तर पर सार्वजनिक सुनवाई अनिवार्य की जानी चाहिए, ताकि किसान और आम जनता इस प्रक्रिया का अभिन्न अंग बन सकें। इन सभी पहलुओं की प्रभावी निगरानी के लिए 'जीएम निगरानी बोर्ड' का गठन जरूरी है। साथ ही यह समझना आवश्यक है कि विज्ञान दुश्मन नहीं है, लेकिन तकनीक और प्रकृति के बीच का संतुलन ही जीवन की कुंजी है। हमें जीएम फसलों के एकतरफा विरोध और आंख मूंदकर समर्थन करने से बचना होगा। कानून का काम है कि वह नवाचार को रोके नहीं, बल्कि उसे सुरक्षा के दायरे में रखे। क्या तकनीक के नाम पर हम अपनी पारंपरिक खेती को दांव पर लगा रहे हैं? यह प्रश्न आज हर नीति-निर्माता की मेज पर होना चाहिए। सतर्कता ही वह सुरक्षा है, जो हमारे भोजन और जीवन को सार्थक बनाती है।

# समंदर में बढ़ता खतरा, भारतीय नाविकों की सुरक्षा पर क्यों उठे बड़े सवाल?

जहाजरानी महानिदेशालय के आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग सात लाख 40 हजार पंजीकृत नाविक हैं, जिनमें से तीन लाख 23 हजार 479 सक्रिय हैं। विश्वभर के जहाजी दल में भारतीय चालक दल के सदस्यों की हिस्सेदारी लगभग 17 फीसद है। संकट के दौरान होर्मुज और उसके आसपास 550 से अधिक भारतीय नाविकों को ले जा रहे भारतीय ध्वज वाले 13 जहाज लगभग सौ दिनों तक फंसे रहे।यह कूटनीति का सबसे आवश्यक और असहज क्षण रहा होगा, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में भारतीय समुद्री नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिका तथा ईरान के बीच प्रस्तावित शांति समझौते में नाविकों के संरक्षण के लिए प्रावधान होने चाहिए। दोनों की यह मुलाकात ऐसे समय में हुई, जब एक व्यापारिक जहाज पर अमेरिका के सैन्य हमले में भारतीय चालक दल के तीन सदस्यों की मौत को लेकर भारत में आक्रोश बढ़ रहा था।इसे लेकर भारत ने विभिन्न कूटनीतिक माध्यमों से आपत्ति जताई थी, लेकिन अमेरिका अपनी गलती मानने को तैयार नहीं था। वह यही कहता रहा कि नाविकों को हमारी चेतावनी पर गौर करना चाहिए था। ट्रंप से वार्ता से पहले प्रधानमंत्री ने जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान नाविकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया था। सम्मेलन में उन्होंने सीधे अमेरिका का नाम नहीं लिया, लेकिन दबाव बनाया। तभी ट्रंप को कहना पड़ा कि समुद्री नाविकों की सुरक्षा को लेकर दोनों देश मिलकर काम करेंगे।नाविकों की सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री की टिप्पणी ने दुनिया भर में अपने नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। दरअसल, होर्मुज और इसी तरह के मार्ग जब युद्धक्षेत्र बन जाते हैं।

# पेपर लीक- सिर्फ परीक्षा की नहीं, सपनों और मेहनत की चोरी

**(कल्याणी चौधरी)**

हर वर्ष लाखों छात्र-छात्राएं नीट, एसएससी, यूपीएससी, बीपीएससी, पुलिस भर्ती और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में दिन-रात मेहनत करते हैं। कोई अपनी नींद त्याग देता है, कोई त्योहारों की खुशियां छोड़ देता है तो कोई घर-परिवार से दूर रहकर केवल एक नौकरी और बेहतर भविष्य का सपना संजोता है। हालांकि, जब परीक्षा का पेपर लीक होने की खबर सामने आती है तो सबसे गहरी चोट उस छात्र को लगती है जिसने ईमानदारी और समर्पण के साथ तैयारी की होती है। एक छात्र के लिए प्रतियोगी परीक्षा केवल एक टेस्ट नहीं होती बल्कि वर्षों की मेहनत, उम्मीदों और संघर्ष का परिणाम होती है। जब पेपर लीक होता है तो ऐसा महसूस होता है मानो किसी ने उसके सपनों को बीच रास्ते में ही कुचल दिया हो। परीक्षा रद्द हो जाती है, नई तिथि घोषित होती है और फिर वही लंबा इंतजार शुरू हो जाता है। इस दौरान छात्रों का मानसिक तनाव बढ़ता है और उनका आत्मविश्वास और मनोबल भी कमजोर पड़ने लगता है। पेपर लीक की घटनाएं पूरे परिवार का नुकसान करती हैं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले अनेक छात्र सीमित संसाधनों में अपनी तैयारी पूरी करते हैं। उनके माता-पिता अपनी जमा-पूंजी खर्च कर कोचिंग, किताबों और रहने-खाने की व्यवस्था करते हैं। ऐसे में पेपर लीक की घटनाएं केवल छात्रों का ही नहीं बल्कि पूरे परिवार का नुकसान करती हैं। आर्थिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से यह एक गहरी चोट साबित होती है। एक परीक्षा देने के लिए विद्यार्थियों को न जाने कितने संघर्षों से गुजरना पड़ता है। परीक्षा केंद्र तक पहुंचने का सफर आज इतना कठिन हो गया है कि रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में खड़े होने तक की जगह नहीं मिलती। जिस शहर में परीक्षा आयोजित होती है, वहां साधारण और किफायती आवास भी आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाता। स्थिति यहां तक पहुंच चुकी है कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थी अपने बैग और अन्य सामान को सुरक्षित और विश्वसनीय तरीके से जमा तक नहीं कर पाते। छात्राओं के लिए स्थिति ज्यादा चुनौतीपूर्ण इन परिस्थितियों में छात्र और छात्राएं दोनों ही अनेक कठिनाइयों का सामना करते हैं लेकिन छात्राओं के लिए यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लंबी यात्राएं, अपरिचित शहर, ठहरने की समस्या और सामान की सुरक्षा जैसी चिंताएं उनकी परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ मानसिक दबाव को भी बढ़ा देती हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब एक परीक्षा देने के लिए ही विद्यार्थियों को इतने संघर्ष करने पड़ रहे हैं तो उनकी मेहनत और सपनों की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? सबसे चिंताजनक बात यह है कि हर बार पेपर लीक होने के बाद कुछ दिनों तक चर्चा होती है, जांच बैठती है, विरोध-प्रदर्शन होते हैं और फिर मामला धीरे-धीरे शांत हो जाता है। लेकिन, जिन छात्रों का समय और मेहनत बर्बाद हुई होती है, उनके जीवन पर इसका प्रभाव लंबे समय तक बना रहता है। कोई आयु सीमा पार कर जाता है, कोई रोजगार के अवसर से वंचित रह जाता है और कोई बार-बार की अनिश्चितता से मानसिक रूप से टूट जाता है। इस समस्या का समाधान केवल बयान देने या दोषियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं होना चाहिए। परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना होगा।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6129

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6128

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

## वर्ग पहेली 6129



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. इस देश में पहली बार 1960 को सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट की गई (3)
3. यह देश 1945 को संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ (3)
5. लट, अलकपाश, अलकावली (2)
6. एक प्रकार की छोटी सरसों, बुंदेलखंड का प्रसिद्ध लोकनृत्य (2)
7. पचा, पचित, गबन (3)
8. इकरार, वचन, प्रतिज्ञा (2)
10. एक प्रकार का श्वास रोग (2)
11. उत्तरप्रदेश का प्रमुख नगर जो महामाया नगर जिले में स्थित है (4)
13. ये जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर है, वीरश्रेष्ठ, वीरकेसरी (4)
15. खड़ग, वक्र, तलवार (2)
17. भाव, निर्ख, दहलीज, चौखट (2)
18. बंदर, वानर, मरूत (2)
19. महर्षि परशुराम का शस्त्र (3)
21. धीमा ध्वनि, पदचाप, खटका, टोह, भनक (3)
22. शक्ल, आकार, रूप, मुखमंडल (3)
23. लोहे का अर्धचंद्राकार टुकड़ा (2)

**ऊपर से नीचे**

1. फौज का दस्ता, लाम (3)
2. पलाश, होली का रंग (2)
3. एक भारतीय राजनेता जो अप्रैल 1998 से मार्च 2003 तक की अवधि में मध्यप्रदेश के राज्यपाल रहे (6)
4. यह छत्रपति शिवाजी का शस्त्र है (4)
6. हुकुमत, प्रभुत्वकाल, शासन (2)
7. वाष्प स्नान कक्ष, स्नानागार (3)
9. कार्ल मार्क्स की एक कृति जिसमें पूंजीवाद का विश्लेषण है (6)
12. बाघ की मांद, तह, परत (2)
14. दुर्घटना, आपत्ति, वारदात, विपत्ति (3)
16. बिंदु, शून्य चिन्ह (3)
18. अभिव्यक्ति करना, कथित करना, फरमाना, बोलना (2)
20. मनोयोग से लगा हुआ, आसक्त, लीन (2)

### वर्ग पहेली 6128 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हं | ग | री | | अ | न | जा | न |
| स | म | ता | | | ल | त | |
| वा | क | | जू | ठा | | | न |
| ह | | मु | नि | | अ | सु | र |
| नी | ल | | य | दि | | र | म |
| | की | क | र | | सौं | | |
| प | र | म | | ची | फ | | पे |
| द | | ला | ल | ची | | गु | रू |

# आज का राशिफल

### मेष
धन लाभ के बन रहे योग,आज आर्थिक मामले काफी उत्साहजनक दिख रहे हैं। धन से जुड़े निर्णयों को संभालने का आत्मविश्वास बढ़ा रहे हैं। आपको अपने स्वतंत्र प्रयासों या किसी अन्य प्रोजेक्ट के माध्यम से अपनी आय बढ़ाने का अवसर मिल सकता है। आपको केवल उत्साह में आकर किसी भी प्रकार के अनावश्यक जोखिम से बचना चाहिए।

### वृष
पद-प्रतिष्ठा में होगी वृद्धि। करियर में मिलने वाली सफलताओं के कारण अच्छा आर्थिक लाभ मिल सकता है। आपको कार्यक्षेत्र में कोई बोनस या इंसेंटिव मिलने के संकेत दिख रहे हैं। अपनी कमाई को लेकर अति-आत्मविश्वास में आने से बचें और अपने खर्चों में अनुशासन बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बहुत बढ़ जाएगा।

### मिथुन
मित्रों के सहयोग से होगा लाभ।आपके पेशेवर संपर्क और सामाजिक संबंध आपके वित्तीय पक्ष को मजबूत बनाने में मददगार साबित होंगे। किसी भी जगह अपना धन लगाने से पहले सभी नियमों को अच्छे से पढ़ लें। करियर में सफलता पाने के लिए टीम के साथ मिलकर काम करना बहुत जरूरी रहेगा।

### तुला
धन प्राप्ति के बन रहे विशेष संयोग,आपको बेहतर वित्तीय योजना बनाने और बुद्धिमान निर्णय लेने में सहयोग दे रही है। बातचीत, मार्केटिंग और व्यापारिक गतिविधियों के माध्यम से आपको आय के नए अवसर मिल सकते हैं। बजट की समीक्षा करने और भविष्य के लक्ष्यों को तय करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

### वृश्चिक
आज वित्तीय स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होने के संकेत मिल रहे हैं। आपके परिवार से जुड़े खर्चों पर आज थोड़ा ध्यान देने की जरूरत पड़ सकती है, लेकिन आपकी कुल आर्थिक स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रहेगी। आपके पुराने निवेश भी आगे चलकर अच्छे परिणाम दे सकते हैं। बिना सही कागजी कार्रवाई के किसी को भी धन उधार देने से आपको बचना चाहिए।

### धनु
आज आपके लिए काफी उत्साहजनक वित्तीय अवसर लेकर आ सकता है। आप अपने आर्थिक भविष्य को लेकर अधिक सुरक्षित महसूस कर सकते हैं। आपको संपत्ति और पारिवारिक संपत्ति से जुड़े कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं। आपकी बचत की योजनाएं सही दिशा में आगे बढ़ेंगी, बस आपको भावनाओं में बहकर फिजूलखर्च करने से बचना चाहिए।

### कर्क
आज भाग्य का मिलेगा पूरा साथ। अपनी शिक्षा और कौशल को बढ़ाने के लिए किया गया खर्च भविष्य में बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है। आज जल्दबाजी में कोई भी आर्थिक वादा करने से आपको बचना चाहिए। आपको बड़ी जिम्मेदारियों वाले प्रोजेक्ट्स पर काम करने का अवसर मिल सकता है। दूर रहने वाले लोगों या विदेशी संपर्कों के साथ किया गया।

### सिंह
सोच-समझकर लें आर्थिक निर्णय। आपके संयुक्त धन, टैक्स और लोन से जुड़े मामलों में बहुत अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। अपने सभी वित्तीय समझौतों की जांच बहुत अच्छे से कर लें। सुरक्षित और पारंपरिक तरीके से की गई प्लानिंग ही आपको आर्थिक रूप से मजबूत बनाए रखेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव आकार ले सकते हैं।

### कन्या
साझेदारी के कार्यों में रखें पारदर्शिता।साझेदारी में किए जा रहे कार्यों में पूरी पारदर्शिता और संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है। जब जिम्मेदारियां पूरी तरह स्पष्ट होंगी, तो आपके संयुक्त प्रयास बहुत अच्छे परिणाम देंगे। आर्थिक मामलों में किसी भी तरह का गलत अंदाजा लगाने से बचें।

### मकर
आज मान-प्रतिष्ठा की बढ़ेगी चाह। आपके वित्तीय विचारों में थोड़े उतार-चढ़ाव ला सकता है। हालांकि, आपकी आय का जरिया पूरी तरह स्थिर रहेगा। अस्थाई भावनाओं के आधार पर कोई भी बड़ा आर्थिक निर्णय लेने से बचें। इस समय अपने खर्च और कमाई में संतुलन बनाए रखने पर ध्यान दें। करियर में खुद को साबित करने की आपकी इच्छा बहुत तीव्र रहेगी।


### कुंभ
कार्यों में बरतनी होगी सावधानी। आज आपको अपने आर्थिक मामलों में थोड़ा धैर्य रखने की जरूरत है। कुछ छिपे हुए खर्चे या रुके हुए भुगतान आपका ध्यान खींच सकते हैं। आपको किसी भी तरह के जोखिम भरे निवेश से पूरी तरह दूर रहना चाहिए। सही वित्तीय प्रबंधन आपके आर्थिक संतुलन को बनाए रखेगा। कार्यक्षेत्र में आज आप शांत रहकर पर्दे के पीछे से काम करना ज्यादा पसंद कर सकते हैं।

### मीन
मेहनत से प्राप्त होगी सफलता। आपका वित्तीय अनुशासन ही आपको अच्छे परिणाम दिला सकता है। बचत करने और अपने पुराने कर्ज को कम करने की दिशा में उठाए गए छोटे कदम आपकी स्थिति को मजबूत करेंगे। आज आपको ऐशो-आराम की चीजों पर फिजूलखर्च करने से बचना चाहिए। शनिदेव आपकी ही राशि में मौजूद हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की ODI टीम का ऐलान

# कोहली-बुमराह की वापसी





## ● यशस्वी शतक लगाकर भी हुए बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम 14 जुलाई से 19 जुलाई तक इंग्लैंड दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। इसके लिए रविवार 21 जून को टीम इंडिया के स्क्वाड का ऐलान हो गया है। जसप्रीत बुमराह और विराट कोहली की इस टीम में वापसी हुई है। जबकि अफगानिस्तान के खिलाफ आखिरी वनडे में शतक लगाकर भी यशस्वी जायसवाल को बाहर होना पड़ा है।

वहीं अफगानिस्तान सीरीज में वनडे इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले हर्ष दुबे और प्रिंस यादव को भी इंग्लैंड दौरे के लिए वनडे स्क्वाड में जगह नहीं मिली है। अक्षर पटेल की टीम इंडिया में वापसी हो चुकी है। खास बात यह है कि हार्दिक पंड्या अभी भी फिट नहीं हैं। वहीं हर्षित राणा को भी टीम में चुना गया है। मोहम्मद शमी का नाम एक बार फिर भारतीय टीम में नहीं आया है।

### इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का स्क्वाड

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली (सब्जेक्ट टू फिटनेस), श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़।

### भारत-इंग्लैंड वनडे सीरीज का शेड्यूल

| दिन | दिनांक | समय | मैच | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| मंगलवार | 14-जुलाई | दोपहर 3:30 बजे | पहला वनडे | एजबेस्टन |
| गुरुवार | 16-जुलाई | शाम 5:30 बजे | दूसरा वनडे | सोफिया गार्डन्स |
| रविवार | 19-जुलाई | दोपहर 3:30 बजे | तीसरा वनडे | लॉर्ड्स |

### वरुण टी20 स्क्वाड से बाहर

भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से पहले आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। उस स्क्वाड से वर्ल्ड चैंपियन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती बाहर हो गए हैं। वह अभी इंजरी के बाद बीसीसीआई के सीओई में रिहैबिलिटेशन के आखिरी चरण से गुजर रहे हैं। इसकी जानकारी बोर्ड ने अपनी रिलीज में दी है।

### आयरलैंड के लिए भारतीय टी20 टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव।

# रोहित ने सचिन को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मैच चेन्नई में खेला गया जिसमें भारत को 9 विकेट से जीत मिली। भारत की जीत में प्रसिद्ध कृष्णा की घातक गेंदबाजी के बाद रोहित शर्मा के अर्धशतक और यशस्वी जायसवाल की शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। यशस्वी 86 गेंदों पर 110 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि रोहित शर्मा ने 69 गेंदों पर 79 रन की पारी खेली।



रोहित ने अफगानिस्तान के खिलाफ 79 रन की पारी खेली और वो वनडे में बतौर ओपनर 196 पारियों के बाद सबसे ज्यादा 50 प्लस पारी खेलने वाले बैटर बने। रोहित ने सचिन को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने बतौर ओपनर वनडे में 196 पारियों के बाद कुल 70 बार 50 प्लस की पारी खेली थी। इस लिस्ट में सौरव गांगुली तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने ऐसे 64 बार किया था जबकि डेसमन हेंस लिस्ट में चौथे तो वहीं क्रिस गेल पांचवें स्थान पर हैं।

### रोहित ने हासिल किया खास मुकाम

रोहित ने 74 रन की पारी खेली और भारत के इस मैच में जीत मिली। रोहित शर्मा अब बतौर ओपनर जीते हुए मैचों में 100 बार 50 प्लस पारी खेलने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर डेविड वॉर्नर हैं जिन्होंने बतौर ओपनर जीते हुए मैचों में 95 बार 50 प्लस की पारी खेलने का कमाल किया था। सचिन तेंदुलकर इस लिस्ट में छठे स्थान पर हैं जिन्होंने ऐसा 78 बार किया था और मैथ्यू हेडेन भी उनके साथ ही छठे नंबर पर हैं।

## भारत की बेटियां बनी चैंपियन

# फाइनल में न्यूजीलैंड को 2-0 से दी मात; 4 साल बाद जीता खिताब

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने चार साल के इंतजार के बाद एफआईएच नेशन्स कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। 2022 के पहले सीजन में चैंपियन बनने के बाद भारतीय टीम ने 2026 में मेजबान न्यूजीलैंड को फाइनल मुकाबले में हराकर खिताब अपने नाम किया है। इस मुकाबले में भारत के लिए नवनीत



कौर और सुनेलीता टोप्पो ने गोल करते हुए टीम को विजयी लीड दिला दी थी। इस जीत के साथ भारतीय महिला टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2026-27 के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। भारत ने पहले क्वार्टर में ही लीड बना ली थी और नवनीत कौर ने चौथे मिनट और टोप्पो ने 15वें मिनट में ही गोल दाग दिया था। भारतीय महिला हॉकी टीम ने इस टूर्नामेंट में अजेय रहते हुए यह खिताब अपने नाम किया है। भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में चिली को 6-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

### हॉकी इंडिया ने खोला खजाना

हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की इस बेहतरीन जीत के बाद कैश प्राइज का ऐलान किया है। एक्स पर पोस्ट करते हुए हॉकी इंडिया की तरफ से जानकारी दी गई कि हर खिलाड़ी को 3-3 लाख रुपये दिए जाएंगे और हर सपोर्ट स्टाफ मेंबर को 1.5 लाख रुपये मिलेंगे।

# पोलार्ड ने शतक लगाकर तोड़ा गेल का रिकॉर्ड

## मिचेल ओवन ने खेली 155 रन की पारी, मुंबई को मिली हार

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मेजर लीग क्रिकेट 2026 के 5वें मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क को वाशिंगटन फ्रीडम ने 30 रन से हरा दिया। इस मैच में मुंबई की फ्रेंचाइजी एमआई न्यूयॉर्क के लिए किरोन पोलार्ड ने तूफानी शतकीय पारी खेली, लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। हां, पोलार्ड इस शतकीय पारी के बाद टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर जरूर बने। वहीं वाशिंगटन फ्रीडम के लिए मिचेल ओवन ने गजब की पारी खेली और उनकी पारी से दम पर ही एमआई न्यूयॉर्क को हार मिली। इस मैच में एमआई न्यूयॉर्क ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद वाशिंगटन फ्रीडम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 245 रन का बड़ा स्कोर बनाया और न्यूयॉर्क को जीत के लिए 246 का टारगेट दिया। इसके जवाब में एमआई न्यूयॉर्क ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 215 रन बनाए और उसे हार मिली। मिचेल ओवन को उनकी शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# नीरज सर्वश्रेष्ठ एथलीट



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा को शनिवार (20 जून) को पहली बार आयोजित भारतीय एथलेटिक्स पुरस्कार समारोह में साल 2025 के 'सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और उसके बाद पेरिस में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि यह सम्मान उनके दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह अलग-अलग पीढ़ियों के खिलाड़ियों की मौजूदगी में मिला है। चोपड़ा ने कहा, 'यह पुरस्कार मेरे दिल के बहुत नजदीक है। यहां एथलीटों की पुरानी और नयी पीढ़ी मौजूद है। उनके सामने यह पुरस्कार पाकर मैं बहुत खुश हूं।' चोपड़ा ने शुक्रवार रात दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लिया था, जहां 28 साल के इस खिलाड़ी ने अपने तीसरे प्रयास में 85.69 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया और सत्र की पहली प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहे।

### पीटी उषा को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार

चोपड़ा दोहा से इस समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे। वहीं साल की 'सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट' का पुरस्कार पारुल चौधरी को मिला जो 3000 मीटर स्टीपलचेज में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी हैं। मशहूर धाविका और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार

एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पूर्व डेकाथलीट गुरबचन सिंह रंधावा, राष्ट्रीय टीम के पूर्व मुख्य कोच बहादुर सिंह चौहान और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली लंबी कूद एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज को भी यह सम्मान मिला। पहले पुरस्कार समारोह में 10 वर्ग शामिल थे, जिनमें सर्वश्रेष्ठ एथलीट (पुरुष और महिला), सर्वश्रेष्ठ कोच, सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी, सर्वश्रेष्ठ राज्य संघ और 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार शामिल हैं।

# अभय-वेलवन की जोड़ी ने कायम रखा दबदबा, लगातार तीसरी बार एशियाई युगल स्क्वाश का खिताब जीता



**नई दिल्ली।** अभय सिंह और वेलवन सेंथिलकुमार की भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने रविवार को मलयेशिया के सारावाक में एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप में लगातार तीसरी बार पुरुष युगल का खिताब जीतकर महाद्वीपीय स्तर पर अपना दबदबा कायम रखा। भारतीय जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए नासिर इकबाल और नूर जमां की पाकिस्तान की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 47 मिनट में 7-11, 11-7, 11-2 से हराया। पिछले साल भी उन्होंने फाइनल में पाकिस्तान की इस जोड़ी को हराया था।

### खिताबी जीत की हैट्रिक पूरी की

इस जीत के साथ अभय और वेलवन ने पुरुष युगल खिताब की हैट्रिक पूरी की। उन्होंने एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप की अब तक की तीनों प्रतियोगिताओं में खिताब जीता है। भारत ने अनुभवी जोशना चिनप्पा की उपस्थिति दो अन्य वर्ग में भी पदक हासिल किए। जोशना और रथीका सीलन की दूसरी वरीयता प्राप्त महिला युगल जोड़ी ने सेमीफाइनल में पहुंचकर कांस्य पदक जीता। जोशना और वेलवन ने मिश्रित युगल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। जेनेट विधि और पूजा आरती की भारत की दूसरी महिला युगल जोड़ी छठे स्थान पर रहीं।

# रोमांचक मुकाबले में पैराग्वे ने तुर्किये पर 1-0 से दर्ज की जीत

**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप डी मुकाबले में पैराग्वे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तुर्किये को 1-0 से हराया। सैन फ्रांसिस्को बे एरिया स्टेडियम में इस जीत के साथ पैराग्वे ने टूर्नामेंट के अगले राउंड में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। वहीं, हार के साथ ही तुर्किये का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है। मैच का एकमात्र गोल मटियास गैलार्जा ने खेल शुरू होने के सिर्फ 64 सेकंड बाद किया। यह मौजूदा टूर्नामेंट का सबसे तेज गोल भी है। गैलार्जा ने करीब 25 मीटर की दूरी से जोरदार शॉट लगाया और तुर्किये के गोलकीपर को छकाते हुए शानदार गोल दागा। इससे पहले फीफा वर्ल्ड कप 2026 में सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड मोरक्को के इस्माइल सैबारी के नाम था, जिन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 70 सेकंड में गोल किया था।

पैराग्वे ने मैच की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और मैच पर अपनी



पकड़ बनाई रखी। हालांकि, हाफ टाइम से ठीक पहले टीम को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब मिडफील्डर मिगुएल अल्मिरोन को रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। पैराग्वे के मिडफील्डर वर्ल्ड कप के इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बने, जिन्हें फीफा के नए अनुशासनात्मक नियम के तहत सजा मिली। अल्मिरोन ने मर्ट मुल्डुर के साथ मुकाबले के दौरान अपना मुंह ढक लिया था और इसी कारण उन्हें रेड कार्ड थमाया गया। वीएआर रिव्यू के बाद इस फैसले को पूरी तरह से सही ठहराया गया और पैराग्वे को पूरा दूसरा हाफ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

## डेनिज उन्दाव के डबल से जर्मनी जीता, आइवरी कोस्ट को 2-1 से हराया

**टोरंटो।** फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप-ई मुकाबले में जर्मनी ने शानदार वापसी करते हुए आइवरी कोस्ट को 2-1 से हरा दिया। टोरंटो स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में एक समय जर्मन टीम पिछड़ रही थी, लेकिन डेनिज उन्दाव के दो गोलों की बदौलत उसने जीत हासिल कर ली। इस जीत के साथ जर्मनी ने नॉकआउट चरण में अपनी जगह भी पक्की कर ली।मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। जर्मनी ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा और लगातार मौके बनाने की कोशिश की, लेकिन आइवरी कोस्ट की रक्षापंक्ति मजबूती से डटी रही। मैच का पहला गोल 30वें मिनट में आया। यान डियोमांडे की शानदार रन के बाद बने मौके का फायदा उठाते हुए फ्रेंक कैसी ने बेहतरीन फिनिश किया और आइवरी कोस्ट को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद जर्मनी ने बराबरी के लिए कई प्रयास किए, लेकिन हाफ-टाइम तक स्कोर 1-0 ही रहा।ब्रेक के बाद जर्मनी ने खेल की रफ्तार बढ़ा दी और लगातार आइवरी कोस्ट के गोल पर दबाव बनाया। इसका फायदा 68वें मिनट में मिला, जब सब्स्टीट्यूट डेनिज उन्दाव ने शानदार गोल दागकर टीम को 1-1 की बराबरी दिला दी।

# वैभव सूर्यवंशी ने 11 गेंदों पर लगाया अर्धशतक

### लिस्ट ए की सबसे तेज हाफ सेंचुरी अब उनके नाम

**नई दिल्ली।** श्रीलंका ए के खिलाफ ट्राई सीरीज के फाइनल मैच में इंडिया ए के ओपनर बैटर वैभव सूर्यवंशी ने श्रीलंका के गेंदबाजों के खिलाफ तबाही मचा दी और अपना अर्धशतक सिर्फ 11 गेंदों पर पूरा किया। इस टूर्नामेंट के फाइनल से पहले भारत-श्रीलंका के बीच जो मैच खेला गया था उस मुकाबले में वैभव पर श्रीलंका के कुछ खिलाड़ियों ने कमेंट करते हुए कहा था कि ये आईपीएल नहीं है, घर जाओ। अब वैभव ने इसका ऐसा जवाब दिया कि इसे श्रीलंका के खिलाफ याद रखेंगे।



**वैभव ने 11 गेंदों पर लगाया अर्धशतक-** वैभव ने इस मैच में पहली पारी में बैटिंग करते हुए श्रीलंका ए के खिलाफ अपना अर्धशतक सिर्फ 11 गेंदों पर ही पूरा कर लिया। इस दौरान उन्होंने यानी अपने 50 रन के दौरान उनके बल्ले से 5 छक्के और 5 चौके भी निकले। वैभव ने इस मैच में अपना अर्धशतक छक्के के साथ पूरा किया। वैभव ने मैदान पर आते ही इस मैच में श्रीलंका के गेंदबाजों का टारगेट करना शुरू कर दिया और उनकी ऐसी कुटाई करने लगे कि उनके पास कोई जवाब नहीं दिख रहा था। इस टूर्नामेंट में वैभव अब तक कोई अर्धशतक नहीं लगा पाए थे और ये उनका पहला अर्धशतक भी रहा। फाइनल में जिस तरह की उम्मीद थी वैभव ने वैसी बल्लेबाजी करते हुए भारत को बेहद तेज शुरुआत भी दिलाई। वैभव इस मैच में 94 रन बनाकर आउट हुए। वैभव ने लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज अर्धशतक 11 गेंदों पर लगाया और उन्होंने श्रीलंका के वीरारत्ने का रिकॉर्ड तोड़ दिया जिन्होंने ये कमाल 12 गेंदें पर किया था।

## वैभव ने तोड़ा 21 साल पुराना रिकॉर्ड



वैभव सूर्यवंशी ने लिस्ट ए में सबसे तेज 11 गेंद पर अर्धशतक लगाते हुए 21 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने 2005 में श्रीलंकाई खिलाड़ी कौशल्या वीरारत्ने द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। वीरारत्ने ने बांग्लादेश ए के खिलाफ श्रीलंका ए के लिए खेलते हुए 12 गेंद पर 2005 में अर्धशतक ठोका था। अब 21 साल बाद वैभव सूर्यवंशी (जो उस वक्त पैदा भी नहीं हुए थे) उन्होंने यह रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### आद्रा नक्षत्र में माँ अष्टभुजी की आराधना का विशेष महत्व

**बारूण (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** सनातन परंपरा में आद्रा नक्षत्र का विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व माना जाता है। इस शुभ अवसर पर पिपरा स्थित प्रसिद्ध माँ अष्टभुजी धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मान्यता है कि आद्रा नक्षत्र के दौरान माँ अष्टभुजी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं तथा उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। माँ अष्टभुजी अपनी आठ भुजाओं में विभिन्न दिव्य आयुध धारण कर शक्ति, साहस और धर्म की रक्षा का संदेश देती हैं। आद्रा नक्षत्र के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती का पाठ, महाआरती एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दर्शन एवं पूजन के लिए लगी रहीं। दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु माँ के दरबार में पहुंचकर अपनी मनोकामनाएँ अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

### जरुरतमंदों को सहयोग करना हमारा धर्म : डॉ.चंचल कुमार

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र के निदेशक सह सम्पूर्णानंद एजुकेशनल एण्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डॉ.चंचल कुमार मिश्रा स्थानीय पुराना शहर निवासी अकबर आलम को लगातार पांच वर्षो से आर्थिक सहयोग करते आ रहे हैं। निदेशक ने कहा कि ये समाज के वैसे इन्सान हैं जो खुद मेहनत करते हैं। जरुरत के सामान की पूर्ति नही होने के कारण वे उनसे मिलते हैं और संस्था उन्हें भरपूर सहयोग करती है। समय- समय पर उन्हें अंगवस्त्र भी प्रदान किया जाता है। उनके हौसले को हमेशा बढ़ाना निदेशक का काम है। निदेशक ने कहा है कि जब तक अकबर आलम आयेगें तब तक संस्था उनकी सेवा करेगी। ये कथनी में नही करनी में विश्वास करते हैं। हर जरुरत मंद लोगों का सेवा सत्कार करना हमारा धर्म है। अकबर आलम ने निदेशक को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज में ऐसे लोगों की सख्त जरूरत है ताकि हर घर खुश रहे।

### मौत के बाद मुआवजे की मांग पर घंटों रहा सड़क जाम

# युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



नवीनगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। दवा खरीदकर घर लौट रहे युवक को एक तेज रफ्तार एवं अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर करीब चार से पांच घंटे तक सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। बाद में प्रशासन के आश्वासन पर जाम समाप्त हुआ। घटना कोईरीडीह-तेतरिया-बारूण मुख्य पथ पर महुअरी गांव के समीप हुई। मृतक की पहचान महुअरी गांव निवासी 28 वर्षीय योगेश चौहान के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि योगेश तेतरिया मोड़ से दवा खरीदकर साइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। कुछ ही देर में परिजन भी वहां पहुंच गए। शव देखते ही पत्नी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद ट्रक चालक भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया। आक्रोशित लोगों ने चालक की पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

### लंबी लगी वाहनों की कतार

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा, सरकारी सहायता तथा अन्य लाभ उपलब्ध कराने की मांग की। सड़क जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कई घंटों तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। ट्रक चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। परिजनों के अनुसार योगेश चौहान की शादी करीब पांच वर्ष पहले हुई थी। उनके परिवार में पत्नी और चार वर्षीय एक पुत्र है। अचानक हुई इस दुर्घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता, सरकारी मुआवजा तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की मांग की है।

### पुलिस के आश्वासन पर समाप्त हुआ जाम

सूचना मिलते ही नवीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली वार्ता के बाद प्रशासन की ओर से सरकारी सहायता एवं मुआवजा दिलाने में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। नवीनगर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेजा गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ योगाभ्यास

# नियमित योग से तन और मन दोनों रहते हैं स्वस्थ एवं संतुलित : प्राचार्य

- एसपी ने परीक्षा केंद्रों के आसपास कड़ी सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।
- परीक्षार्थियों की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।
- योग प्रशिक्षक बद्रीनारायण यादव के मार्गदर्शन में सामूहिक योग सत्र आयोजित।

एसवीवी संवाददासता | औरंगाबाद



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में रविवार को योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नीट-यूजी परीक्षा के मद्देनजर इस वर्ष कार्यक्रम कॉलेज परिसर के बजाय प्राचार्य आवास पर आयोजित किया गया, जहां योग प्रशिक्षक बद्रीनारायण यादव के मार्गदर्शन में सामूहिक योग सत्र संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर और मन दोनों स्वस्थ एवं संतुलित रहते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में योग को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। योग भारत की वह अमूल्य धरोहर है, जिसने पूरे विश्व को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की राह दिखाई है। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े और वे नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित हों। योग प्रशिक्षक बद्रीनारायण यादव ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक और मानसिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास तनाव कम करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में कॉलेज परिवार के दर्जनों सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित प्रमुख लोगों में प्रभारी डॉ. के.के. सिंह, बर्सर अरविंद कुमार, ओएसडी बहादुर भीम कुमार सिंह, डॉ. संजीव रंजन, डॉ. निहारिका, शशिकांत कुमार, प्रेमशंकर गोंड, मंजीत सिंह, अमित सिंह, चंद्रकांत सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल रहे।

# री-नीट परीक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

- परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, सीसीटीवी, जैमर व अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



री-नीट (यूजी) 2026 परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने रविवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं प्रशासनिक तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, अनुग्रह कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं अनुग्रह इंटर स्कूल परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। इस दौरान आधारभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के प्रवेश एवं निकास, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, जैमर की उपलब्धता तथा परीक्षा संचालन से संबंधित तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने केंद्राधीक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा संचालन के दौरान राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों एवं मानकों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं कदाचारमुक्त संचालन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों के आसपास विधि-व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने तथा अभ्यर्थियों की सुरक्षित एवं सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने संबंधित पदाधिकारियों को परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने तथा परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि री-नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को पूरी तरह कदाचारमुक्त, पारदर्शी एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं, ताकि अभ्यर्थियों को निष्पक्ष एवं सुरक्षित परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर दानी बीघा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में योग शिविर आयोजित

# प्राचार्या अल्पना मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षकों व छात्रों ने किया योगाभ्यास, स्वस्थ आहार के प्रति किया जागरूक






एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर के दानी बीघा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में भव्य एवं प्रेरणादायक योग शिविर का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या अल्पना मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों एवं छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्तम स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस वर्ष की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' को केंद्र में रखकर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 5:30 बजे विद्यालय परिसर में ओम् की ध्वनि के साथ हुई। योग शिविर में विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सुमन कुमार ने छात्रों और शिक्षकों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया तथा योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। योगाभ्यास के दौरान सूर्य नमस्कार, पद्मासन, गोमुखासन, हलासन, मत्स्यासन, बकासन, चक्रासन, पूर्ण धनुरासन एवं शीर्षासन सहित अनेक आसनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही नियमित योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर प्राचार्या अल्पना मिश्रा ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में बच्चे मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य स्क्रीन आधारित गतिविधियों के कारण मानसिक तनाव और शारीरिक निष्क्रियता का सामना कर रहे हैं। ऐसे समय में योग उनकी एकाग्रता बढ़ाने, मानसिक संतुलन बनाए रखने और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय योग को केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहता, बल्कि इसे विद्यार्थियों की दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच फल, अंकुरित अनाज, शिकंजी और जूस का वितरण किया गया। इस दौरान सभी को पौष्टिक एवं संतुलित आहार अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। योग शिविर में उपस्थित सभी लोगों ने नियमित योग कर स्वस्थ एवं निरोग जीवन जीने का संकल्प लिया।

### बीआरबीसीएल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन

# सीईओ ने कर्मचारियों को दैनिक जीवन में योग अपनाने का दिया संदेश





- योग प्रशिक्षक एस.पी. सिंह व टीम ने कराया योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)

भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल), नवीनगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का आयोजन उत्साह और सहभागिता के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के बीच योग, ध्यान और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) दीपक रंजन देहुरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अनुभवी योग प्रशिक्षकों ने योग एवं ध्यान पर विशेष सत्र आयोजित किए, जिसमें प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों की विस्तार से जानकारी देते हुए इसे तनावमुक्त और संतुलित जीवन के लिए आवश्यक बताया। योग दिवस कार्यक्रम में कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने पर विशेष बल दिया गया। समापन सत्र को संबोधित करते हुए सीईओ दीपक रंजन देहुरी ने योग गुरु एस.पी. सिंह एवं उनके सहयोगी प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि योग और ध्यान केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मानसिक एकाग्रता, भावनात्मक संतुलन और कार्यक्षमता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कर्मचारियों से नियमित रूप से योग करने और इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन योग को जीवनशैली के रूप में अपनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। यह आयोजन कर्मचारियों के स्वास्थ्य, अनुशासन और समग्र विकास के प्रति बीआरबीसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही, संस्थान में स्वस्थ, सकारात्मक और ऊर्जावान कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

### खलिहान में आग लगने से दर्जनों किसानों का पशुचारा जलकर राख

**दाउदनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** प्रखंड की गोरडिहा पंचायत अंतर्गत नोनार गांव में रविवार को खलिहान में अचानक आग लगने से दर्जनों किसानों का पुआल एवं पशुओं का चारा जलकर राख हो गया। घटना से किसानों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह ने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों ने बोरिंग चालू कर स्थानीय स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह ने कहा कि यदि पंचायत में नल-जल योजना सुचारु रूप से संचालित होती तो आग पर तुरंत काबू पाया जा सकता था। उन्होंने बताया कि किसी तरह बोरिंग चालू कर ग्रामीणों की मदद से आग को फैलने से रोका गया, जिसके बाद दमकल कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रित किया। आगलगी की घटना में अरुण शर्मा, रामाशीष ठाकुर, अभय ठाकुर एवं जितन चंद्रवंशी सहित कई किसानों का पुआल और पशुचारा जलकर नष्ट हो गया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित हुआ सामूहिक योग शिविर

# प्रधानमंत्री की पहल से योग को मिली वैश्विक पहचान : सुशील सिंह

एसवीवी. संवाददाता | औरंगाबाद



11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को औरंगाबाद जिला मुख्यालय में विभिन्न स्थानों पर उत्साहपूर्वक सामूहिक योग शिविरों का आयोजन किया गया। 'करो योग, रहो निरोग' के संदेश के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। जिला मुख्यालय स्थित राजेंद्र बाल उद्यान, मौलाना अबुल कलाम पार्क, दानी बिगहा पार्क, सत्येंद्र नारायण सिन्हा पार्क, सरस्वती विद्या मंदिर एवं नॉर्थ कोयल कॉलोनी सहित दर्जनों स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए गए। इनमें विभिन्न सामाजिक संगठनों, संस्थाओं एवं नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई।

समाहरणालय के समीप स्थित राजेंद्र बाल उद्यान में पतंजलि योगपीठ द्वारा आयोजित योग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह शामिल हुए। उन्होंने योग प्रशिक्षकों के साथ अनुलोम-विलोम, प्राणायाम, भुजंगासन, वृक्षासन, ताड़ासन सहित विभिन्न योगासन किए। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को एक सूत्र में जोड़ने की जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के कारण आज योग को वैश्विक पहचान मिली है और पूरी दुनिया 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मना रही है। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए नियमित योग अपनाने का आह्वान किया। शिविर में उपस्थित योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से तनाव, मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थमा एवं हृदय रोग जैसी बीमारियों से बचाव संभव है। साथ ही योग शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी अत्यंत प्रभावी है। योग शिविर में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन के दौरान पूरे वातावरण में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला।

# जय प्रकाश कुमार बने डीईओ, 70वीं बीपीएससी में हासिल की 463वीं रैंक

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)



औरंगाबाद जिले के हसपुरा प्रखंड के चनहट गांव निवासी जय प्रकाश कुमार ने 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने 463वीं रैंक हासिल करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) पद पर चयन सुनिश्चित किया है। जय प्रकाश कुमार उर्मिला देवी एवं लालकेशवर पाल के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं चनहट गांव सहित पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का वातावरण है। सफलता की सूचना मिलते ही परिजनों, मित्रों, शुभचिंतकों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ग्रामीणों ने बताया कि जय प्रकाश कुमार ने सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह सफलता हासिल की है। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह संदेश देती है कि निरंतर प्रयास एवं आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि जय प्रकाश कुमार शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर, अनुशासित और मेहनती रहे हैं। उनकी सफलता ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव और औरंगाबाद जिले का गौरव बढ़ाया है। स्थानीय लोगों ने विश्वास जताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के रूप में वे शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर खेल भवन में हुआ सामूहिक योगाभ्यास



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार रविवार को खेल भवन, औरंगाबाद में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, डीआरडीए के निदेशक अनुपम कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। वर्तमान समय की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग न केवल तनाव से मुक्ति दिलाता है, बल्कि एकाग्रता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# जिला लोक समिति की बैठक में राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी पर हुई चर्चा



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जेपी आंदोलन से जुड़े लोक समिति के संयोजक सह लोक अभियोजक अजेय कुमार संतोष के आवास पर रविवार को जिला लोक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जेपी सेनानी सह जिला लोक समिति के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने किया। सर्वप्रथम लोकनायक जयप्रकाश नारायण के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। बैठक में प्रदेश लोक समिति महामंत्री शिवजी सिंह उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 30 जून को रांची में लोक समिति 49वां होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस मौके पर लोक समिति के संयुक्त सचिव श्रीराम सिंह, लवलेश कुमार यादव, संतोष कुमार सिंह, रामजन्म सिंह, अधिवक्ता हरिलाल कुमार, अधिवक्ता राम परीखा यादव, अरूण कुमार, सुरेंद्र यादव, ई. दुधेश्वर प्रसाद, राजकुमार यादव के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व सांसद




एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर, औरंगाबाद में रविवार को योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने योगाभ्यास कर उपस्थित लोगों को स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन के लिए नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन और सकारात्मक जीवनशैली का सशक्त माध्यम है।

उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास करने से व्यक्ति तनावमुक्त रहकर स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन जी सकता है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का सबसे प्रभावी उपाय है। सुशील कुमार सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन से ही सशक्त समाज तथा विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव है।